


दैनिक

# माधव संदेश

पल-पल की खबर हर पल

**माधव संदेश**

ईमानदार, निडर और निष्पक्ष पत्रकारिता की मिसाल हम खबरें छिपाते नहीं,छापते है

संपर्क करें

9412612728,9412492416

वर्ष-33 | अंक-173 | इटावा,रविवार 23 जुलाई 2023 | पृष्ठ-08 | मूल्य-1.50 रुपए


## संक्षिप्त समाचार

### नागा समूहों ने दोनों महिलाओं के लिए मांगा तत्काल न्याय

**इंफाल।** मणिपुर के कई नगा संगठनों ने चार मई को भीड़ द्वारा दो महिलाओं को निर्वस्त्र कर उनकी परेड करने की घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि मामले में तत्काल न्याय किया जाना चाहिए। यूनाइटेड नगा काउंसिल ने मणिपुर सरकार से कहा कि तुरंत न्याय के लिए मामले को त्वरित अदालत में ले जाया जाना चाहिए। यूएनसी ने कहा, सरकार को इसतरह के अमानवीय अपराध में शामिल सभी लोगों को तत्काल न्याय की जद में लाने के लिए आवश्यक कदम उठाने चाहिए। यूएनसी ने कहा कि इस पाशविक कृत्य ने लोकतंत्र के बुनियादी सिद्धांतों को ध्वस्त कर दिया है और इसतरह के अपराध में शामिल लोगों के प्रति कोई नरमी नहीं बरती जा सकती।


### आतंकी पन्नू ने शाह और विदेश मंत्री जयशंकर को किया टारगेट

**नई दिल्ली।** प्रतिबंधित खालिस्तानी संगठन सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) के चीफ गुरपतवंत सिंह पन्नू का नया वीडियो सामने आया है। वीडियो में पन्नू ने गृहमंत्री अमित शाह और विदेश मंत्री एस जयशंकर को टारगेट करने की कोशिश की है। वीडियों में आतंकी पन्नू खालिस्तान समर्थक आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के लिए उकसाने और साजिश रचने के लिए शाह और जयशंकर को जिम्मेदार ठहराया है। इतना ही नहीं पन्नू ने शाह, जयशंकर और कनाडा में भारतीय उच्चायुक्त संजय कुमार वर्मा की विदेश यात्रा के बारे में जानकारी देने वाले को 125000 अमेरिकी डॉलर का इनाम देने की घोषणा भी की है।

### खड़गे व राहुल राजस्थान में करेंगे आदिवासियों को संबोधित

**जयपुर।** कांग्रेस की राजस्थान में आदिवासियों के बीच एक बड़ी सभा होने जा रही है। इसमें कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी संबोधित करेंगे। यह सभा 9 अगस्त को राजस्थान के बांसवाड़ा में आयोजित होगी। पार्टी नेताओं ने यह जानकारी दी। दोनों यहां स्थानीय आदिवासियों के साथ विश्व आदिवासी दिवस मनाएंगे। राज्य के मंत्रियों महेंद्रजीत सिंह मालवीय, अर्जुन सिंह बामनिया और अन्य नेताओं ने व्यवस्थाओं की निगरानी के लिए बांसवाड़ा में प्रस्तावित स्थल, बांसवाड़ा कॉलेज ग्राउंड का दौरा किया।

# आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत बोले- 'नई पीढ़ी को मंदिरों के द्वारा संस्कार देना होगा'



## मंदिर हमारी प्रगति का सामाजिक उपकरण- मोहन भागवत

एजेंसी ■ नई दिल्ली

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने कहा कि हमारी नई पीढ़ी को मंदिरों के द्वारा शिक्षा संस्कार देनी पड़ेगी, क्योंकि भविष्य उन्हीं को संभालना है. इनको अभी से प्रशिक्षित करने की जरुरत है. संघ प्रमुख मोहन भागवत शनिवार (22 जुलाई) को वाराणसी में टेंपल कनेक्ट की ओर से आयोजित मंदिरों के महासम्मेलन को संबोधित कर रहे थे. इस दौरान उन्होंने कहा कि मंदिर को नई पीढ़ी को संभालना है तो उन्हें ट्रेनिंग दें. अपने साधन और संसाधन को एक करके अपनी कला और कारीगरी को सशक्त करें. समाज के कारीगर को प्रोत्साहन मिले तो वह अपने को मजबूत करेगा.

मोहन भागवत ने कहा कि मंदिर सत्यम-शिवम-सुंदरम की प्रेरणा देते हैं. मंदिर की कारीगरी हमारी पद्धति को दिखाते हैं. मंदिर को चलाने वाले धर्म होने चाहिए. अपने यहां कुछ मंदिर सरकार और कुछ समाज के हाथ में है. काशी विश्वनाथ का स्वरूप बदला, ये भक्ति की शक्ति है. परिवर्तन करने वाले लोग भक्त हैं और इसके लिए भाव चाहिए. उन्होंने कहा कि छोटे से छोटे मंदिर में पूजा हो और वहां पर स्वच्छता की व्यवस्था हो, उसकी चिंता होनी चाहिए. कई जगहों पर मंदिर सरकार के नियंत्रण में हैं, उनको कैसे जोड़ा जाए, उस पर भी सोचना चाहिए.

मंदिरों को लेकर मोहन भागवत ने कहा मंदिर कनेक्ट तो हो रहा है, अब अगला कार्यक्रम सभी मंदिरों का सर्वे करना है. जिस धर्म का पालन करना है, अगर वो धर्म ही नहीं रहेगा और उसकी श्रद्धा ही नहीं रहेगी तो कैसे काम चलेगा. उन्होंने कहा कि समाज में धर्म चक्र परिवर्तन के आधार पर सृष्टि चलती है. शरीर, मन और बुद्धि को पवित्र करके ही आराधना होती है. मंदिर हमारी प्रगति का सामाजिक उपकरण हैं. मंदिर में आराधना के समय आराध्य का पूर्ण स्वरूप होना चाहिए. शिव के मंदिर में भस्म और विष्णु के मंदिर में चंदन मिलता है.

### बलि और हिंसा समय के साथ बदली- मोहन भागवत

संघ प्रमुख ने कहा कि बलि और हिंसा समय के साथ बदली और यह अब नारियल फोड़कर होती है. समाज प्रकृति और परंपरागत राजा पर निर्भर नहीं है. राजा का काम संचालन है. इसके लिए हम सत्ता देकर सो नहीं जाते, बल्कि उनके कामों का फल चुनाव में देते हैं. उन्होंने कहा कि मंदिर भक्तों के आधार पर चलते हैं. पहले मंदिर में गुरुकुल चलते थे. कथा प्रवचन और पुराण से नई पीढ़ी शिक्षित होती थी. संस्कार होता है कि मनुष्य को जहां धन, वैभव आदि मिलता है, वह वहां आता है.

# सीएम शिवराज बोले- प्रियंका को झूठ बोलना शोभा नहीं देता

## कमलनाथ का पलटवार- जिसने झूठी घोषणाओं का वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया, वो आरोप लगा रहे...

संवाददाता ■ भोपाल

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा की ग्वालियर में सभा के बाद उनके बयानों पर राजनीति गरमा गई है। सीएम शिवराज सिंह ने कहा कि उन्हें झूठ बोलना शोभा नहीं देता। इतना झूठ नहीं बोलना चाहिए कि पचे ही नहीं।

सीएम शिवराज सिंह के इस बयान पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने पलटवार किया है। कमलनाथ ने ट्वीट किया कि जिस व्यक्ति ने 22000 झूठी घोषणा करने का विश्व रिकॉर्ड बनाया है, जब वह



व्यक्ति सत्य के लिए जान तक कुर्बान कर देने वाले गांधी परिवार के व्यक्ति पर झूठ बोलने का आरोप लगाते हैं तो एक ही कहावत याद आती है- सूप बोले तो बोले, चलनी क्या बोले, जिसमें बहत्तर छेद।

**प्रियंका गांधी पर सीएम शिवराज सिंह ने ये कहा -** वे पूछ रही हैं कि 18 साल में क्या हुआ? मैं बताता हूं कि पहले सड़क में गड्ढे थे, बिजली आती नहीं थी। 3 साल में 27 नौकरी की बात प्रियंका कर रही हैं। सच यह है कि म.प्र. में 1 साल में 55000 नौकरियां दी गईं। भर्ती करो तो कांग्रेस को दिक्कत, न करो तो दिक्कत। कांग्रेस हर काम में सवाल उठाती है। कांग्रेस ने तो योजनाओं को बंद करने का काम किया था। झूठ सुनकर आश्चर्य होता है। बता दें कि कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने शुक्रवार को ग्वालियर में कांग्रेस की जन आक्रोश रैली को संबोधित किया था। इस दौरान प्रियंका ने महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार के मुद्दे पर बीजेपी सरकार को घेरा था।

प्रियंका ने पटवारी भर्ती को घोटाला कहा। मंच से प्रदेश सरकार की घोटालों की लिस्ट भी सार्वजनिक करने की बात कही। हालांकि, बाद में उन्हें यह कहते हुए टाल दिया कि लिस्ट अभी मिल नहीं रही है। इस पर प्रदेश बीजेपी अध्यक्ष वीडी शर्मा ने तंज कसा है। उन्होंने कहा कि वे कल घोटालों की लिस्ट ढूंढ रही थीं। लिस्ट नहीं मिली, क्योंकि दिग्विजय सिंह को उन्होंने पीछे कर रखा था।

# यासीन मलिक की सुरक्षा में चूक, तिहाड़ जेल के 4 अधिकारी सस्पेंड

एजेंसी ■ नई दिल्ली

दिल्ली की तिहाड़ जेल में उम्रकैद की सजा काट रहे जेकेएलएफ प्रमुख यासीन मलिक मामले में जेल प्रशासन ने एक्शन लिया है। जेल प्रशासन की ओर से सुरक्षा में चूक मामले में चार अधिकारियों को सस्पेंड किया गया है। सस्पेंड किए गए अधिकारियों में 1 डिप्टी सुपिरटेंडेंट, 2 असिस्टेंट सुपरिटेंडेंट और 1 अन्य अधिकारी शामिल हैं। इसके पहले मलिक के सुप्रीम कोर्ट में पेश होने से सनसनी मच गई थी। इस मामले को लेकर तिहाड़ जेल प्रशासन की काफी आलोचना होने लगी थी। दिल्ली कारागार विभाग ने पहली नजर में कुछ अधिकारियों की लापरवाही का मामला बताया था।



दरअसल उपमहानिरीक्षक (कारागार-मुख्यालय) राजीव सिंह लापरवाही का पता लगाने और गलती करने वाले अधिकारियों की जवाबदेही तय करने के लिए जांच करने की बात कही गई थी। साथ तीन दिन के भीतर महानिदेशक (कारागार) को रिपोर्ट सौंपने की बात कही गई थी। यासीन को आतंकवादी गतिविधियों के लिए धन मुहैया कराने के मामले में दोषी करार दिया गया है। मलिक को अदालत के आदेश के बगैर सशस्त्र सुरक्षाकर्मियों की निगरानी में जेल के वाहन में हाई सिक्योरिटी वाले सुप्रीम कोर्ट के परिसर में लाया गया। मलिक के अदालत कक्ष में कदम रखते ही वहां मौजूद सभी लोग हैरान रह गए।

मलिक की मौजूदगी पर सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने हैरानी जाहिर की थी। उन्होंने जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस दीपांकर दत्ता की बेंच से कहा कि हाई रिस्क वाले दोषियों को अपने मामले की व्यक्तिगत तौर पर पैरवी करने के लिए अदालत कक्ष में आने की मंजूरी देने की एक प्रक्रिया है।

## कांग्रेस का आरोप

# पीएम मोदी दुनिया घूम रहे हैं....लेकिन मणिपुर नहीं जा रहे

एजेंसी ■ नई दिल्ली

कांग्रेस ने कहा है कि मणिपुर को लेकर मोदी सरकार राजनीति कर रही है, इतना ही नहीं इस मुद्दे पर विपक्ष के सवालों से भाग रही है, इसकारण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संसद में मणिपुर को लेकर जवाब देने से बच रहे हैं। कांग्रेस नेता रंजीत रंजन ने कहा कि लगभग तीन महीने से मणिपुर जल रहा है।

महिलाओं के साथ अत्याचार हो रहे हैं, शर्मनाक घटनाएं हुई है। लेकिन पीएम मोदी ने संसद की बजाय संसद के बाहर इस मुद्दे पर बयान दिया है। उसमें भी राजस्थान और छत्तीसगढ़ जैसे कांग्रेस शासित राज्यों का नाम लेकर राजनीति की है।

सरकार सदन के भीतर नहीं बल्कि बाहर बोलती है और अब बाल विकास तथा महिला कल्याण मंत्री ने इस पर बयान दिया है। केंद्रीय मंत्री को घेरकर उन्होंने कहा,जब भी मोदी सरकार डरती है, अपने मंत्रियों को बिल से बाहर निकालती है।

ये एक भगोड़ी सरकार है जो विपक्ष से डरती है, सदन में आने से डरती है और सवालों से बचती है। हम चाहते हैं कि मोदी सदन में आएं और मणिपुर में हो रही हिंसा पर चर्चा हो।

### मोदी विश्व गुरु बाद में बनें, पहले घर तो संभाल ले: गहलोत

**जयपुर।** राजस्थान के सीएम अशोक गहलोत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर सीधा हमला किया है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी पहले अपना घर तो संभाल ले इसके बाद विश्व गुरु बनें। उन्होंने कहा कि जिस तरह से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बयान दिया कि राजस्थान और छत्तीसगढ़ के सीएम को राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति का ध्यान रखना चाहिए, उससे राजस्थान की भावनाएं आहत हुई हैं। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विश्व गुरु बनना चाहते है पहले वो अपना घर तो संभाल ले। गहलोत ने कहा कि मणिपुर जल रहा है अभी तक पीएम ने मणिपुर का एक भी दौरा नहीं किया है। गहलोत ने कहा कि पीएम को मणिपुर के हालत पर जवाब देना होगा।

# भोपाल की ग्राम पंचायतों में महासंगोष्ठी: गृहमंत्री शाह बोले- 2 महीने में 17 हजार पैक्स सीएससी बने, 6 हजार से अधिक में ट्रांजैक्शन शुरू

संवाददाता ■ भोपाल

नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने प्राथमिक कृषि ऋण समिति (पैक्स) द्वारा जन सेवा केंद्र (सीएससी) की सेवाएं शुरू करने पर एक राष्ट्रीय महासंगोष्ठी का उद्घाटन किया है। इस दौरान भोपाल जिले की सभी ग्राम पंचायतों में सीएससी के माध्यम से महा संगोष्ठी का लाइव प्रसारण दिखाया गया।

गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि सिर्फ 2 महीने के भीतर 17,176 पैक्स सीएससी बन चुके हैं, जिसमें 6000 से अधिक ने ट्रांजैक्शन करना भी शुरू कर दिया है। अब हर पैक्स को 1-2 युवा को भी अपने केंद्र पर नौकरी देनी होगी, जिसका



मतलब है कि रोजगार और गांव की अर्थव्यवस्था दोनों को ही इस साझेदारी से लाभ मिलेगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भ्रष्टाचार खत्म करने और आमजन को मजबूत करने का जो बीड़ा उठाया था, उसको सीएससी और सहकारिता मंत्रालय मिलकर निभा रहे हैं। उन्होंने कहा- पिछले 9 वर्षों में भारत में इंटरनेट इस्तेमाल करने वाले लोगों में ढाई सौ प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

गृहमंत्री ने कहा कि मिनिमम गवर्नमेंट और मैक्सिमम गवर्नेंस का सीएससी से बड़ा उदाहरण कुछ और हो नहीं सकता। प्रधानमंत्री ने अलग सहकारिता मंत्रालय का गठन करने का निर्णय एक अलग दृष्टिकोण से लिया। सहकारिता आंदोलन को रिवाइव करना, इसे आधुनिक बनाना, इसमें पारदर्शिता लाना और नई ऊंचाइयां छूने का लक्ष्य तय करना बहुत आवश्यक था। कृषि और ग्रामीण विकास के क्षेत्र में सहकारिता ही एकमात्र ऐसा आंदोलन है, जिसके माध्यम से हर व्यक्ति को समृद्ध बनाया जा सकता है। सहकारिता आंदोलन बिना पूंजी वाले ऐसे लोगों को समृद्ध बनाने का बहुत बड़ा साधन बन सकता है। शाह ने कहा कि पैक्स की मजबूती के साथ किसान मजबूत होता है।

उन्होंने कहा कि इन्हें मजबूत करने का मतलब देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करना है। जब को-ऑपरेटिव्स के माध्यम से कृषि, पशुपालन और मत्स्यपालन को मज़बूत करते हैं तो जीडीपी के साथ-साथ रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। सहकारिता क्षेत्र में मोदी सरकार ने कई काम किए हैं।

अब पैक्स पेट्रोल पंप चला पाएंगे, गैस की एजेंसी भी चला सकेंगे, CSC भी बन पाएंगे, सस्ती दवाई की दुकान भी चला सकेंगे, सस्ते अनाज की दुकान भी चला सकेंगे। आने वाले दिनों में ग्रामीण विकास और कृषि विकास का एक नया युग शुरू होगा। पैक्स देश के सहकारी आंदोलन की मूल इकाई है, इसलिए पैक्स की व्यवहार्यता में सुधार के प्रयास किए जा रहे हैं।

## उत्तर रेलवे प्रशासन का नोटिस

# मस्जिदों को हटाए..... नहीं तो होगी कार्रवाई



### दिल्ली वक्फ बोर्ड ने इसे गैरकानूनी बताया

एजेंसी ■ नई दिल्ली

उत्तर रेलवे प्रशासन ने दिल्ली की दो प्रमुख मस्जिदों बंगाली मार्केट मस्जिद और बाबर शाह तकिया मस्जिद को नोटिस जारी कर 15 दिनों के भीतर अतिक्रमण हटाने को कहा है। रेलवे अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि अगर निर्धारित समय सीमा के भीतर अतिक्रमण नहीं हटाया गया, तब वे अपनी जमीन पर कब्जा करने के लिए जरूरी कार्रवाई करने वाले हैं। रेलवे प्रशासन ने कहा है कि उनकी जमीन पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया गया है और वे संबंधित पक्षों से उनकी संपत्ति पर बने किसी भी अनधिकृत भवन, मंदिर, मस्जिद या धर्मस्थल को स्वेच्छा से हटाने का आग्रह कर रहे हैं। रेलवे ने कहा कि नोटिस के हिसाब से जमीन खाली नहीं करने पर अतिक्रमित जमीन को फिर से हासिल करने के लिए रेलवे प्रशासन द्वारा रेलवे अधिनियम के अनुसार कार्रवाई होगी। नोटिस में कहा गया है कि अतिक्रमण के लिए जिम्मेदार पक्षों को प्रक्रिया के दौरान होने वाले किसी भी नुकसान के लिए जिम्मेदार ठहराया जाएगा, जिससे रेलवे प्रशासन किसी भी देनदारी से मुक्त हो जाएगा।

# मणिपुर की घटना पर उमा भारती का ट्वीट: मणिपुर,राजस्थान,बंगाल का कॉम्प्टीशन न कराएं, राजनीतिक व्यवस्था महिलाओं से माफी मांगे

संवाददाता ■ भोपाल

मणिपुर में कुकी समुदाय की महिलाओं के साथ हुई दुर्व्यवहार और रेप की घटना को लेकर लगातार विपक्ष सरकार पर हमलावर है। पीएम नरेन्द्र मोदी ऐसी घटना की कड़ी निंदा कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई करने



की बात कह चुके हैं। इस घटना के वीडियो में दिख रहा एक आरोपी पुलिस ने गिरफ्तार भी कर लिया है। लेकिन इस घटना को लेकर हो रही बयानबाजी के बीच एमपी की पूर्व सीएम उमा भारती ने ट्वीट कर मणिपुर की घटना के वक्त मौके पर न पहुंचने वाले पुलिस कर्मियों पर सख्त कार्रवाई करने की सलाह दी है। उमा ने अपने ट्वीट में लिखा- ऐसे अपराध के लिए हो वह फास्ट ट्रेक कोर्ट के जरिए उनको दंडित किया जाना चाहिए। पूरे देशवासियों को और पूरी राजनीतिक व्यवस्था को उन महिलाओं से अपने गुनाहों की क्षमा याचना करनी चाहिए। इसलिए कृपया मणिपुर, राजस्थान, बंगाल का इस पर कंपटीशन मत कराइए, सभी लोग मिलकर माफी मांगिए।

### गुजरात के जूनागढ़ में 4 घंटे में 8 इंच बारिश

**जूनागढ़।** गुजरात के जूनागढ़ में शनिवार दोपहर बादल फटने से शहर में बाढ़ आ गई। यहां सिर्फ 4 घंटे में 8 इंच बारिश हुई। इससे पूरा शहर पानी में डूब गया। शहर से सटे गिरनार पर्वत पर 14 इंच बारिश होने से हालात और बिगड़ गए। पहाड़ का पानी जूनागढ़ शहर में पहुंचा तो सड़कों पर खड़ी गाड़ियां तिनकों की तरह बह गईं। जूनागढ़ के निचले इलाकों में 5 से 6 फीट तक पानी भर गया है। शहर के भवनाथ क्षेत्र में इसका सबसे ज्यादा असर हुआ है। यहां कई जानवर तेज बहाव में बह गए। कदवा चौक के पास मुबारक पाड़ा का भी यही हाल है। यहां कई मकान पूरी तरह डूब गए। तेज बहाव के चलते जूनागढ़ शहर के बीच से गुजरने वाले काले कुंड का पुल बंद कर दिया गया है। इधर, सूरत के करीब नवसारी जिले में चार घंटे में 6 इंच बारिश से बाढ़ के हालात बन गए हैं। निचले इलाकों में घरों में 5 फीट तक पानी भरा गया है।

### टमाटर डकैती मामले में कर्नाटक में दंपति गिरफ्तार

**बेंगलुरु।** कर्नाटक पुलिस ने बेंगलुरु के आरएमसी यार्ड पुलिस स्टेशन में दर्ज टमाटर लूट मामले में एक दंपत्ति को गिरफ्तार किया है और तीन अन्य आरोपियों की तलाश शुरू की है। पुलिस ने शनिवार को इसकी जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार जोड़े की पहचान भास्कर और उसकी पत्नी सिंधुजा के रूप में हुई है। मामले में रॉकी, कुमार और महेश की तलाश जारी है। घटना 8 जुलाई को हुई थी। बदमाशों ने बेंगलुरु में किसान को धमकी देकर 2,000 किलोग्राम टमाटर ले जा रहे वाहन को लूट लिया था। किसान चित्रदुर्ग जिले के हिरियूर शहर से कोलार बाजार में टमाटर ले जा रहा था।

# पीएम ने 70 हजार युवाओं को दिए नियुक्ति पत्र, 9 महीने में 4.33 लाख को मिली नौकरी

एजेंसी ■ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को 70 हजार से अधिक युवाओं को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए नियुक्ति पत्र दिए। बीते 9 महीने में केंद्र सरकार का ये 7वां रोजगार मेला है, जो देश के 44 स्थानों पर लगाया गया है। 13 केंद्रीय मंत्री भी रोजगार मेले का हिस्सा बने हैं। केंद्र सरकार का दावा है कि अब तक 4.33 लाख लोगों को नौकरी दी जा चुकी है। रोजगार मेले के जरिए पीएम मोदी ने युवाओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा, 'आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। देश विकास के पथ पर चल रहा है,



ऐसे में सरकारी कर्मचारी के रूप में काम करने का अवसर मिलना बहुत सम्मान की बात है। इस देश के लोगों ने भारत को एक विकसित देश बनाने का संकल्प लिया है। अगले 25 साल भारत के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं।' अर्थव्यवस्था के विस्तार में हमारे बैंकिंग सेक्टर की बहुत बड़ी भूमिका होती है। आज भारत उन देशों में से एक है, जहां का बैंकिंग सेक्टर सबसे मजबूत माना जाता है।

### बैंकों को लूटने वालों की संपत्ति जब्त की

पीएम ने कहा कि सरकार ने बैंकरप्सी कोड जैसे कानून बनाए, ताकि अगर कोई कंपनी बंद हो तो बैंकों का कम से कम नुकसान हो। इसके साथ ही हमने गलत काम करने वालों पर शिकंजा भी कसा। बैंकों को लूटने वालों की संपत्ति जब्त कर ली।

### बैंकर्मियों ने दिन-रात किया परिश्रम

गरीबों का बैंकों में जन-धन खाता खुले, इसके लिए दिन-रात एक कर दिया। आज 50 करोड़ जनधन खाते हैं। इसके पीछे बैंक कर्मियों का कठिन परिश्रम और उनका सेवाभाव है। इन्हीं बैंककर्मियों की मदद से कोरोनाकाल में करोड़ों महिलाओं के खाते में सीधे पैसे ट्रांसफर सरकार कर पाई।

### इन विभागों में युवाओं को मिली नौकरी

देश भर से युवाओं का चयन राजस्व विभाग, वित्तीय सेवा विभाग, डाक विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, रक्षा मंत्रालय, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण, केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम, जल संसाधन विभाग, कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग और गृह मंत्रालय सहित विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में हुआ है।

### पहले ताकतवर नेता अपने चहेतों को दिलाते थे लोन

पीएम मोदी ने कहा कि 9 साल पहले ये फोन बैंकिंग मेरे और आपके जैसे सामान्य नागिरकों के लिए नहीं था। उस समय एक खास परिवार के करीबी, कुछ ताकतवर नेता बैंक को फोन कर अपने चहेतों को हजारों करोड़ रुपए का लोन दिलवाया करते थे। ये लोन कभी चुकाया नहीं जाता था। ये फोन बैंकिंग घोटाला पिछली सरकार के सबसे बड़े घोटालों में से एक था।




# दिलचस्प होगा 2024 का चुनावी मंजर

झारखंड में विधानसभा के चुनाव समय के पहले 2024 के अप्रैल-मई में संभावित लोकसभा चुनाव के साथ ही कराए जा सकते हैं। राज्य में सत्ताधारी गठबंधन की अगुवाई करने वाले झामुमो और प्रमुख विपक्षी पार्टी भाजपा ने अपने नेताओं-कार्यकर्ताओं को समय पूर्व चुनाव की संभावनाओं के मद्देनजर अलर्ट करना शुरू कर दिया है। झारखंड की पांचवीं विधानसभा का कार्यकाल 5 जनवरी 2025 को पूरा हो रहा है। यानी सामान्यतः अगले चुनाव का शेड्यूल अक्टूबर से दिसंबर 2024 के बीच है, लेकिन लोकसभा के साथ अप्रैल-मई में चुनाव की संभावनाओं की सुगबुगाहट प्रशासनिक हलकों में भी सुनाई पड़ रही है। झामुमो की सेंट्रल कमेटी की बैठक में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पार्टी के नेताओं-कार्यकर्ताओं को अलर्ट करते हुए कहा, ÷हमारा विरोधी हर वक्त चुनावी मोड में रहता है। उनके पास संसाधन भी है और चालाकी भी। वह कब किस हद तक जा सकते हैं, अंदाजा नहीं लगाया जा सकता। इसलिए क्षेत्र में जाएं। हमारी सरकार की उपलब्धियां जनता को बताएं। जाहिर है, सोरेन को भी अंदाजा है कि विधानसभा के चुनाव तय समय के छह-सात महीने पहले ही कराए जा सकते हैं। उन्होंने विरोधी यानी भाजपा की जिस 'चालाकी' की चर्चा की, उसका संकेत यही निकाला जा रहा है। झामुमो सेंट्रल कमिटी की बैठक में तय हुआ कि पार्टी चुनावी मोड में काम करेगी। सेंट्रल कमिटी का विस्तार लंबे समय से पेंडिंग था। निर्णय लिया गया कि अगले पंद्रह दिनों के अंदर नई कमेटी घोषित कर दी जाएगी। इसके अलावा 50 लाख सदस्य बनाने, पार्टी की उपलब्धियां बताने के लिए पार्टी की ओर से प्रखंड से लेकर पंचायत स्तर तक शिविर लगाने का निर्णय लिया गया।इधर, भाजपा पहले ही चुनावी मोड में आ चुकी है। अब विधानसभा स्तरीय सम्मेलनों का सिलसिला शुरू हो रहा है। 9 जुलाई को हजारीबाग जिले के बरही में भाजपा के विधानसभा स्तरीय सम्मेलन में पार्टी के निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने कार्यकर्ताओं से कहा कि वे लोकसभा के साथ-साथ विधानसभा चुनाव के लिए तैयार रहें। दोनों चुनाव एक साथ कराए जाने की स्थिति बन सकती है।भाजपा ने पिछले ही हफ्ते राज्य के प्रथम मुख्यमंत्री रहे बाबूलाल मरांडी को राज्य में पार्टी का नया अध्यक्ष बनाया है। उनके अध्यक्ष बनने की संभावनाएं पिछले छह-आठ महीने से व्यक्त की जा रही थीं। वह राज्य की मौजूदा हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली सरकार पर लगातार हमलावर हैं। कोई दिन ऐसा नहीं होता, जब वे सीधे हेमंत सोरेन पर हमला नहीं बोलते। चुनाव के दिनों में विरोधियों पर आक्रमण के लिए नेता जिस तरह की भाषा का इस्तेमाल करते हैं, वह नजारा मरांडी के ट्विटर हैंडल पर रोज देखा जा सकता है। झारखंड पर मिशन-2024 का डबल लोड है, अप्रैल-मई में संसदीय चुनाव और नवंबर-दिसंबर में विधानसभा का चुनाव। लोकसभा चुनाव हो कि विधानसभा चुनाव, बाबूलाल की जीत और हार का पलड़ा लगभग बराबर रहा है। इस हिसाब से उनके पास अनुभव की कतई कमी नहीं है। चुनाव मैदान में वे 1991 से डटे रहे हैं। संगठन और सरकार चलाने का भी अनुभव है। झारखंड के गांव-गांव में घूमने का अनुभव है और एनडीए और यूपीए दोनों के साथ रहने का भी अनुभव है। ऐसे में प्रदेश की कमान सौंप पार्टी ने कोई गलती नहीं की है। उनसे उम्मीद बनती है, लेकिन उम्मीदों पर खरा उतरना उनको ही है। वे जब 'वनांचल भाजपा'का अध्यक्ष हुआ करते थे, तब हरमू कॉलोनी के छोटे से फ्लैट में उनकी कुर्सी लगती थी। अब उनकी अगवानी के लिए पार्टी का महल है, और जैसा कि कहा जाता है कार्यकर्ताओं की सबसे बड़ी फौज भी। लेकिन सवाल है, सामने वाला भी कमजोर नहीं है।बेशक 1998 के लोकसभा चुनाव में उन्होंने शिबू सोरेन जैसे व्यक्तित्व को हराया था, लेकिन उनका अगला मुकाबला शिबू के पुत्र हेमंत सोरेन से है और फिलहाल हेमंत 'सरकार'हैं। हेमंत ने 2019 में राज्य की 28 जनजातीय सीटों में से अपने गठबंधन को 25 सीटें दिलाने का रिकार्ड कायम किया था। उनके ही नेतृत्व में उनकी पार्टी झामुमो ने विधानसभा की 30 सीटें जीतने का इतिहास बनाया था। सभी सीटों पर उम्मीदवार देने के बावजूद उस समय जेवीएम यानी बाबूलाल के खाते में केवल एक मांडर एसटी सीट आ पाई थी, जिसके विधायक बंधु तिर्की चुनाव बाद कांग्रेस में चले गए थे।और खासकर झारखंड का हर कोई जानता है कि सरकार बनाने में इन 28 सीटों की भूमिका अहम होती है। विधानसभा की 81 ही तो सीटें हैं।बाबूलाल को जाननेवाले जानते हैं कि वे बिना थके काम करते हैं, बिना हताश हुए काम करते हैं और स्वभाव से विनम्र और लचीले हैं। आन पर आने पर किसी की सुनते भी नहीं। उनके खाते में 1998 में भाजपा को झारखंड की 14 में से 12 लोकसभा सीटें दिलाना दर्ज है। तब की अटल-आडवाणी की सरकार ने उनको मंत्री बनाया था, जब एकीकृत बिहार से कुल जमा चार ही मंत्री बनाये गये थे। 2004 के लोकसभा चुनाव में जब यशवंत सिन्हा, रीता वर्मा, रवींद्र पांडेय आदि-आदि सभी दिग्गज हार गये थे, तब अकेले बाबूलाल ने जीत दर्ज की थी, वह भी जनरल सीट कोडरमा से। मनभेद होने पर 2006 में इन्होंने भाजपा त्याग कर जेवीएम नामक पार्टी का गठन किया था। 2014 के लोकसभा चुनाव से ही भाजपा इनको मनाने-पटाने में लगी हुई थी, लेकिन 17 फरवरी 2020 को जेवीएम का विलय कराकर ये भाजपा में आये।रांची के जिस मंच से इनको भाजपा जॉइन कराने अमित शाह और जेपी नड्डा आए थे, उस पर पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा और रघुवर दास भी विराजमान थे।

# वेदोद्धारक स्वामी दयानंद

## लेखक -- चन्द्रहास शुक्ल

स्वाभाविक मृत्यु से पूर्व यदि स्वामी दयानंद का अवसान न होता तो शायद वैदिक संस्कृति और राष्ट्र उत्थान में कुछ और नये आयाम जुड़ते। फिर भी उन्होंने जितना लिखा, बोला और आचरण से सिखाया वह कम नहीं है। अपने गुरू स्वामी विरजानंद को गुरू दक्षिणा देने के बाद स्वामी दयानंद इसे क्रियान्वित करने में जुट गए। तब वेद भाष्यकारों में जहां भारत स्वामी, भट्ट भास्कर, उव्वट महीधर, पाणिनि, यास्क तथा सायण के नाम चलते थे, एक अत्यन्त प्रकाशमान नाम और आ जुड़ा- स्वामी दयानंद। ऋग्वेदादि-भाष्य-भूमिका शीर्षक उन्होंने एक अत्यंत विलक्षण तथा मौलिक ग्रंथ लिखा। इसमें स्वामी दयानंद ने भाष्य के सिद्धान्तों का निरूपण किंवा निरूक्ति की है। अनन्तर उन्होंने संपूर्ण यजुर्वेद पर भाष्य रचा, ऋग्वेद पर भी सप्त मण्डल के 61वें सूक्त तक भाष्य लिखा। ये भाष्य, स्वामी दयानंदजी अपने जीवन काल में पुस्तकाकार नहीं छपा सके, क्योंकि उन दिनों जो भाष्य वे लिखते रहे वे तत्कालीन मासिक पत्रिकाओं में ही क्रमशः प्रकाशित होते रहे तथा इसी बीच जब स्वामी दयानंद का असमय निधन हो गया। तो वह कार्य पूर्ण न हो सका। न पुस्तक ही छप सकी। स्वामीजी के नवीन दृष्टिकोण से संसार में वेदों का जो अभिनव स्वरूप 'योतिर्मान हुआ, उसके कुछ उदाहरण यहां दृष्टव्य है :-

**ऋग्वेद (मण्डल 4, सूक्त , मंत्र 4) में कहा गया है,**

**यत् संवत्समृभवो गामरक्षक् यत् संवत्समृभवो मा अपिशन् ।**

**यत् संवत्समभरन् भासो अस्यास्ताभिः शमीभिरमृतत्वमाशुः ।।**

**सायणाचार्य इसकी टीका करते हैं :-**

**ऋभवो (गां) मृता ı (अरक्ष ı) अपालयन्**

**तस्या एव गोमासं (अपिशन् अवयवान कुर्वन्निति) (यत्)**

**किं च संवत्सर पर्यन्त ı (अस्याः) (भासः) (अमरन्) दीप्तीः**

**अवयवशोभा अकुर्वन्निति (यत् ताभिः शमीभिः) मृताया**

**गोर्नवीकरण विषयैः कर्मभिः (अमृत्वामाशुः) देवत्वं प्राप्ताः ।**

**धेनुः कर्त्वा इति देवतव प्राप्ति साध त्वेन देवैः प्रति श्रुतत्वात् ।।**

अर्थात पूरे वर्ष ऋभुओं ने मृत गौ को रखा, उसके अनेक मांस खण्ड किये तथा इस कर्म से उन्हें देवत्व प्राप्त हुआ। गौ-हत्या देवत्व पाने का साधन है।

अब बताइये कर दिया न सायण ने अर्थ का अनर्थ। भला भारत सरीखे देश में वेदों में यह कैसे लिखा जा सकता है कि गो-हत्यारे को देवत्व प्राप्त हो जाता है। और साल-साल भर तक ऋभुगण गौ के मास खण्डों की दीप्ति संरक्षित रखने में संलग्न रहे?

स्वामी दयानंद ने इस टीका को शुद्धता प्रदान की। उनहोंने सायण के भाष्य को काटते हुए उक्त मंत्र का अर्थ किया :-

(यत्) ये (संवत्सम्) संगतं वत्समिव (ऋभवः) मेधाविनः पितरः (गा ı) (अरक्षन्) रक्षन्ति (यत्) ये



(संवत्स ı) एकीभूतं वात्सल्येन पालितं संतानं (ऋभवः) (माः) मातृः (अपिशन्) साऽवयवान् कुर्वन्ति, (यत्) याः (संवत्सम्) (अभरन्) धरन्ति पुष्णन्ति वा (भासः) प्रकाशमानायाः (अस्याः) विद्यायाः (ताभिः) मातृपित्राचार्या सेवया विद्या प्राप्तिभिः (शमीभिः) श्रेष्ठैः कर्मभिः (अमृतत्व ı) मोक्षभावमुत्तममानन्दं वा (आशुः) प्राप्नुवन्ति।

वाह! दयानंद की भावना, दृष्टिकोण ने क्या चमत्कार कर दिखाया! सायण की तरह उन्होंने माः का अर्थ गो-मांस नहीं किया वरन् उसका अर्थ किया मातृः-माताओं और शमीभिः का अर्थ जहां सायण ने मृत किया था, स्वामीजी ने किया श्रेष्ठ कर्म।

तब उक्त मंत्र की टीका हुई, जो धोमान- जन विद्या का प्रसार करते हुए अपने बच्चों को शिक्षित बनाते हैं, वे उनकी माताओं का श्रम सार्थक करते हैं और समस्त समाज को इससे सुख मिलता है। कहां है वेदों में गो-हत्या? भारत में आज भी कुछ पत्रिकाएँ झूठे ही झण्डा उठाये हैं कि वेदों में तो गो-हत्या को जायज करार दिया गया है- वह मात्र भ्रम है, भूल है। गोमेध शब्द वेदों में कहीं प्राप्य नहीं। सायण ने वह भूल की एक मनगढ़न्त आ यायिका पर यकीन करके अन्यथा स्वयं सायणाचार्य भी गो-संवर्धन की ही माना अनेक मंत्रों के भाष्य में करते हैं। यथा-

**आ गावो अगमन्नुत भद्रमक्रन्त्सीदन्तु गोष्ठे रणयन्त्वस्मे ।**

**प्रजावतीः पुरुरुपा इह स्युरिन्द्राय पूर्वीरुषसो दुहानाः ।।**

**(गाः आ अग्मन्) अस्मदीयं गृहमाग'छन्तु। (उत् भद्रं अक्रन्) अपि च भजनीयं शुभं कुर्वन्तु। (गोष्ठे सीदन्तु) अस्मदीये गवां स्थाने अपविशन्तु। (अस्मे रणयन्तु) अस्मासु रमान्ताम्। (इह पुरुरुपाः प्रजावतीः) अस्मिन गोष्ठे नानावर्षा गावः प्रजावत्यः संततिसंहिताः (पूर्वी उषसः दुहानाः) बह्वयः उषाकालान् प्रति दोग्ध्वाः (इन्द्रायस्युः) इन्द्रार्थ भवेयुः**

अर्थात गौवें हमारे यहां (घर में) आये। हमारा कल्याण करें। हमारी गो-शाला में निवास करें। हमारे बीच सुख अनुभव करें। इस गोशाला में कई वर्णों की सवत्सा गौवे अनेक उषा वेलाओं में यज्ञार्थ दुग्धदा हों।

यह ऋग्वेद के छठे मंडल का 28वां सूक्त है। सायण इसकी टीका में गो पालन पर आनंद अनुभव करते हैं। परन्तु यही सायण ऋग्वेद (6/17/19) में महिषान् की टीका पुपैशून करके अनर्थ कर बैठे हैं जिसका मतलब हुआ कि इन्द्र के यहां एक हजार भैंसों की रसोई बनती है। योरप वालों को यह अर्थ रास आया, मि. ग्रि थ ने भी सायण की नकल करके ऋग्वेद (8/12/8) की टीका की कि हजार भैंसे खाओ। इसी प्रकार इन्होंने ऋग्वेद मण्डल 8, सूक्त 77 मंत्र, 10 में भी शतं महिषान् को लेकर इन्द्र को सौ भैंसों का भक्षक करार दिया है। परंतु धन्य हैं दयानंद, जो निघण्टु के साक्ष्य से महिषान् की टीका बड़ा करते हैं अर्थात् सौ बड़े पदार्थों को देता है, परोपकार के लिए पाक करे। बड़ा अर्थात महत्। स्वामी दयानंद अपने भाष्य में निघण्टु को उद्धृत करते हुए लिखते हैं, महिष इति महन्ना ı - महिषान् (महत्ः) इन्द्र का अर्थ करते हैं सूर्यइववर्त्तमान् राजन् - युषी कौन है? पुष्टिकर्त्ता। विष्णु है व्यापको विद्युद्रूपः-जो विद्युत रूपेण व्यापक है। यो वृत्रं मेयं सूर्य इव शत्रुन हन्ति। कितना अंतर और यह अंतर दृष्टिकोण का है, भावना का भी है। स्वामी दयानंद को नवयुग में वेदों को उद्धारक कहें तो अत्युक्ति न होगी। इसी प्रकार ऋग्वेद (मंडल , सूक्त 21, मंत्र 5) में लिया है, ओजिष्ठं त मध्यतो मेद उद्भूतं ददामहे। श्चोतन्ति ते वसो स्तोका अधि त्वचि प्रतितान् देवशो विहि। सायण ने इसका जो भाष्य किया है, उसका मतलब होता है कि यज्ञार्थ पशु बलि देकर उसकी वसा (चर्बी) के बिन्दु आग में टपकाते हैं, और अग्नि से विनती करते हैं कि जानवर की यह चर्बी देवताओं को प्राप्त करा दो। वस्तुतः मंत्र में पशु शब्द है नहीं। अतः स्वामी दयानंद मेदः, का अर्थ स्नेह प्रेम तथा उत्कृष्टयाघृत ı (उत्तम घी) करते हैं, तदनुसार अर्थ हुआ। - हे (वसो) निवास के कारण (ते) आपके (मध्यतः) मध्य से जो (मोजिष्टम्) अतिबल युक्त (मेदः) प्रीति (उद् ृतं) उत्तम प्रकार धारणा की गई, उसको (ते) आपके लिए (वय ı) हम लोग (प्रददामहे) देते है जो (स्तोकाः) स्तुतिकारक (ते) आपके (अधि) ऊपर (त्वचि) चर्म में (श्चोतंति) सिंचन करते हैं (तान्) उनर (देवशः) विद्वानों के (प्रति) समीप (विहि) प्राप्त होइये। यह भाष्य है स्वामीजी का, जिसमें न कहीं चर्बी का उल्लेख है, न पशु वध का। स्पष्ट है कि उन्होंने नये सिरे से भ्रान्त जन मानस को पथ दिखाया, प्रकाश दिया। नये सिरे से वेदों की प्रतिष्ठा की, वे अमूल्य निधि हैं, अश्लीलता तथा नर बलि, पशु बलि के प्रमाण ग्रंथ नहीं, यह सत्य विश्व में डंका बजाकर प्रचारित किया। इस दृष्टि से स्वामी दयानंद की जो देन है, उसका मूल्यांकन एक वृहत् ग्रंथ में भी संभव नहीं वरन तदर्थ कई ग्रंथ अभिप्रेत होंगे।...

# विषम तथा कठिन परिस्थितियां हमारी श्रेष्ठ मार्गदर्शक हैं।

## लेखक- संजीव ठाकुर,चिंतक

सिर्फ मानव प्रजाति में सोचने समझने और मुस्कुराने की शक्ति होती है। मनुष्य की सर्व चेतनाओं से परिपूर्ण होता है । पत्थरों में चेतना शून्य होती है, पेड़ पौधों में पल्लवित पुष्पित होती है, पशु पक्षियों में चलायमान होती है और मनुष्य ही एक ऐसा प्राणी है जिसमें मानव मस्तिष्क चिंतन मनन कर किसी समस्या का समाधान निकालता हैद्य यह सर्वविदित है कि मनुष्य का जीवन विभिन्न सामाजिक मानसिक संघर्षों का केंद्र होता हैद्य मनुष्य ने सदैव मानसिक शारीरिक शक्ति और दृढ़ संकल्प के बलबूते पर हर समस्या पर समय-समय पर विजय प्राप्त की है, और अपने लक्ष्य को बड़ी दृढ़ता के साथ प्राप्त किया हैद्य मनुष्य के जीवन में जब उत्साह, ऊर्जा एवं अपनी क्षमताओं के उपयोग करने का पूर्ण रूप से आत्मविश्वास होता है तो वह परिस्थितियों का सामना बखूबी कर अपने जीवन को सुचारू रूप से संचालित करता हैद्य एक मानव प्रजाति ही ऐसी प्रजाति है जिसकी संकल्प शक्ति इतनी ऊर्जावान एवं महत्वपूर्ण होती है कि वह प्रगति की विविधताओं, विषमताओं एवं अपार शक्ति को भी आसानी से नियंत्रित कर लेता है एवं उसका स्वयं के लिए समाज के लिए देश के लिए सकारात्मक उपयोग करने में भी सक्षम होता हैद्य जीवन में मनुष्य को सदैव अपने आप को व्यस्त रख कार्यशील रहना चाहिए, क्योंकि व्यस्त व्यक्ति ही किसी कार्य को उसकी परिणति तक पहुंचा सकता है ,खाली दिमाग सदैव शैतान का होता है एवं उसमें नकारात्मक विचार प्रवेश कर मन को मायूस कर देते हैंद्य आपका मन या मनोबल या संकल्प ही जब एकाग्र चित्त ऊर्जावान तथा शक्तिशाली होगा तो आपके सामने की कितना भी क्लिष्ट व कठिन लक्ष्य हो उसमें आप सफलता अवश्य पा सकेंगे। इसलिए मनुष्य को सदैव कर्मरत रहना चाहिए ।इसका यह भी अभिप्राय है कि मनुष्य को अपने आपको सदैव स्वस्थ्य एवं व्यस्त रखना चाहिएद्य

मन में दृढ़ संकल्प रखकर हमारी दुनिया में लोगों ने ऐसे असंभव कठिन तथा दुरूह कार्यों को अपनी जड़ मानसिक शक्ति से संभव कर दिखाया है जिसकी हम कतई कल्पना भी नहीं कर सकते हैं। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के सेनानियों की विपन्न स्थिति एवं आर्थिक कमी के बावजूद उन्होंने अपनी मानसिक दृढ़ता ,उच्च संकल्प शक्ति और संगठन क्षमता के दम पर भारत देश को आजाद कराया ।इसमें निसंदेह महात्मा गांधी, सरोजनी नायडू, सरदार वल्लभ भाई पटेल,जवाहरलाल नेहरू, चंद्रशेखर आजाद, भगत सिंह, सुभाष चंद्र बोस और न जाने कितने उदाहरण हैं जिन्होंने अपनी मानसिक शारीरिक शक्ति तथा ऊर्जा के दमखम पर देश को अंग्रेजों के चंगुल से निकाल कर आजादी की हवा की सांस लेने का देशवासियों को मौका दिया है।हम उनका नमन करते हैं उन्हें श्रद्धांजलि भी देते हैं और उनकी दृढ़ इच्छाशक्ति एवं संकल्प को आदर्श के रूप में लेकर अपने जीवन में उतारने का प्रयास भी करेंगे। दुनिया में अपनी मानसिक शक्ति और संकल्प से अनेक असंभव कार्य को सफलतापूर्वक संचालित संपादित करते हुए अनेक उदाहरण मिलेंगे जो वाकई में इस दुनिया के और हम सबके आदर्श महान लोग हैं। व्यक्ति यदि सादगी, ईमानदारी और निरंतरता के साथ किसी भी कार्य को सफलतापूर्वक संपादित करने का सार्थक एवं सर्वोच्च प्रयत्न करता है, तो निसंदेह सफलता उनके कदम चूमती है और वे व्यक्तियों के लिए, समाज के लिए तथा देश के लिए आदर्श पुरुष होते हैं। कोई भी महान या आदर्श व्यक्ति आसमान से अचानक नहीं आता है वह इसी धरती में पैदा हुआ सामान्य मनुष्य ही है जिसने अपने संघर्ष, इच्छा शक्ति, अदम्य साहस ,संयम और संतुलन से अपने हर लक्ष्य को प्राप्त कर अपने आपको समाज से अलग कर एक आदर्श रूप में प्रस्तुत किया है। मनुष्य का हृदय या मन अनंत ऊर्जा और शक्ति का बहुत बड़ा स्त्रोत होता है। किसी भी बड़े लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए मस्तिष्क मदद करता है फिर चिंतन करता है और कार्य योजना सुनियोजित कर, अन थक परिश्रम कर उस दुरूह लक्ष्य को प्राप्त करता है ।आपका मन यदि हताश या निराश है तो आप किसी लक्ष्य की प्राप्ति नहीं कर सकते हैं। इसीलिए मन को सदैव प्रफुल्लित उत्साहित एवं सकारात्मक सोच के साथ ताजा रखें,जिससे आने वाली परिस्थितियों का सामना कर एक नए युग का सूत्रपात कर सकते हैं।

जीवन में दूसरे व्यक्तियों से पिछड़ने के कई कारण भी हो सकते हैं जिनमें से अपनी क्षमता तथा मानसिक शक्ति पर अविश्वास करना भी एक बड़ा कारण है, इसके साथ ही किसी भी लक्ष्य की प्राप्ति के लिए सुनियोजित योजना,अपनी क्षमताओं का आकलन एवं कार्य के साथ कठोर श्रम भी अत्यंत आवश्यक सफलता के स्तंभ हैं, अति संपन्नता के बावजूद मानसिक रूप से कमजोर व्यक्ति को असफलता का स्वाद चखना पड़ता है। इसीलिए जीवन में सफलता के लिए मानसिक स्थिति में दृढ़ता, कठोर संकल्प ,एवं निरंतर श्रम अत्यंत आवश्यक तत्व हैं। अपने जीवन को सफल बनाने एवं श्रेष्ठ जीवन की निर्मात्रि आपकी इच्छा शक्ति ऊर्जा और मानसिक संतुलन ही है। यदि मानसिक संतुलन में हताशा आई तो परिणाम ऋणात्मक भी हो सकते हैं,और यही कारण है कि चिंतकों दार्शनिकों और महान अध्यापकों ने कहा है कि मन को सदैव ऊर्जावान और सकारात्मक सोच से परिपूर्ण रख लक्ष्य प्राप्ति के लिए कड़ी मेहनत करनी चाहिए।



बुद्धि अच्छी चीज है, पर कोरी बौद्धिकता ही सब कुछ नहीं है। इससे व्यक्ति के जीवन में नीरसता और शुष्कता आती है। ज्ञान अंतर्दृष्टि से अनुबंधित है, इसलिए यह अपने साथ सरसता लाता है। ज्ञानी व्यक्तियों के लिए पुस्तकीय अध्ययन की विशेष अपेक्षा नहीं रहती। भगवान महावीर ने कब पढ़ी थीं पुस्तकेंट आचार्य भिक्षु, संत तुलसी, संत कबीर अदि जितने ज्ञानवान पुरुष हुए हैं, उनमें कोई भी पंडित नहीं थे। अंतर्दर्शन उनकी ज्ञानमयी चेतना की स्फुरणा करता था। इसके आधार पर ही उन्होंने गंभीर तत्वों का विश्लेषण किया। वे यदि पुस्तकों के आधार पर प्रतिबोध देते तो संसार को कोई नया दृष्टिकोण नहीं दे सकते थे। एक बात और ज्ञातव्य है। विद्वान बहुत पढ़े-लिखे होते हैं, पर वे आज तक भी किसी ज्ञानी को पराजित नहीं कर सके। इंद्रभूति महापंडित थे। उनका पांडित्य विश्रुत था। पर वे भगवान महावीर की ज्ञान चेतना का अनुभव करते ही पराभूत हो गए। इतिहास ऐसे उदाहरणों से भरा पड़ा है। ज्ञान और बुद्धि की परस्पर कोई तुलना नहीं है। बुद्धि कुंड का पानी है और ज्ञान कुएं का पानी है। कुंड का पानी जितना है उतना ही रहता है। वर्षा होती है तो पानी थोड़ा बढ़ जाता है। इसी प्रकार अनुकूल सामग्री और पुरुषार्थ का योग होता है तो बुद्धि बढ़ जाती है। अन्यथा उसके विकास की कोई संभावना नहीं रहती। कुएं से जितना पानी निकाला जाता है, नीचे से और आता रहता है। वह कभी चुकता नहीं है, उसमें नए अनुभव जुड़ते जाते हैं।

बुद्धि आवश्यक है किंतु उसके आधार पर कभी आत्म-दर्शन नहीं हो पाता। आत्म-दर्शन का पथ है ज्ञान। ज्ञान तब तक उपलब्ध नहीं होता जब तक ध्यान का अभ्यास न हो।

## आज का सुविचार

नीच की नम्रता अत्यंत दुखदायी है, अंकुश, धनुष, सांप और बिल्ली झुककर वार करते हैं।

**- महर्षि वाल्मीकि**

हमे हमेसा यह याद रखना चाहिए की खुशी जीवन की यात्रा का एक तरीका है न की जीवन की मंजिल।

**- रॉय गुडमैन**

# चंद्रशेखर ने आजाद का निभाया वचन

## लेखक - हेमेन्द्र क्षीरसागर

आजाद एक ऐसा शब्द है जो महान स्वतंत्रता सेनानी चंद्रशेखर आजाद के साथ जुड़ा है। इन्?होंने अपनी पूरी जिंदगी को आजाद रखने का वचन था और उसे आखिरी सांस तक निभाया भी। ऐसे मैं हूं आजाद! आजाद थे! आजाद ही रहे! आजादी के महानायक, मां भारती के सच्चे उपासक जगदानी देवी-पंडित सीताराम तिवारी के सपूत चंद्रशेखर आजाद का अवतरण 23 जुलाई, 1906 को मध्य प्रदेश के झाबुआ जिले के भाबरा नामक स्थान पर हुआ था। चंद्रशेखर का बचपन आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र में स्थित भाबरा गांव में बीता था। यहां पर चंद्रशेखर ने भील बालकों के साथ खूब धनुष बाण चलाए थे। जिसके कारण उन्होंने निशानेबाजी बचपन में ही सीख ली थी।

स्तुत्य, जलियांवाला बाग कांड के समय चन्द्रशेखर बनारस में पढ़ाई कर रहे थे। जब गांधीजी ने सन् 1921 में असहयोग आन्दोलन शुरू किया तो वे अपनी पढ़ाई छोड़कर सड़क पर उतर आए। इन्?होंने अपना पूरा जीवन देश की आजादी की लड़ाई के लिए कुर्बान कर दिया। चंद्रशेखर बेहद कम्र उम्र में देश की आजादी की लड़ाई का हिस्सा बने थे। जब सन् 1922 में चौरी चौरा की घटना के बाद गांधीजी ने अपना आंदोलन वापस ले लिया तो चंद्रशेखर का कांग्रेस से मोहभंग हो गया। इसके बाद वे पण्डित राम प्रसाद बिस्मिल और शचीन्द्रनाथ सान्याल योगेश चन्द्र चटर्जी द्वारा 1924 में गठित हिन्दुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन से जुड़ गए। इस एसोसिएशन के साथ जुड़ने के बाद चंद्रशेखर ने रामप्रसाद बिस्मिल के नेतृत्व में काकोरी कांड 1925 में पहली बार सक्रिय रूप से भाग लिया। कालजयी, आजाद, भगत सिंह और राजगुरु ने मिलकर 17 दिसंबर, 1928 की शाम को लाहौर में पुलिस अधीक्षक जेपी सांडर्स को मार दिया। जब सांडर्स के अंगरक्षक ने उनका पीछा किया, तो चंद्रशेखर ने अपनी गोली से उसे भी समाप्त कर दिया। इस हत्याकांड के बाद लाहौर में जगह-जगह परचे चिपका दिए गए, जिन पर लिखा था- लाला लाजपतराय की मृत्यु का बदला ले लिया गया है। चंद्रशेखर ने भगत सिंह, सुखदेव तथा राजगुरु की फांसी रुकवाने के लिए दुर्गा भाभी को गांधीजी के पास भेजा था, लेकिन वहां से उन्हें कोरा जवाब मिल गया था। चंद्रशेखर ने इन तीनों की सजा कम कराने का काफी प्रयास किया था। वे पण्डित नेहरू से भी आग्रह किए थे कि तीनों की फांसी को उम्रकैद में बदलवा दिया जाए, लेकिन सफलता नहीं मिली।

मंत्रमुग्ध, चंद्रशेखर को 'आजाद' नाम एक खास वजह से मिला। चंद्रशेखर जब 15 साल के थे तब उन्हें किसी केस में एक जज के सामने पेश किया गया। वहां पर जब जज ने उनका नाम पूछा तो उन्होंने ने कहा, 'मेरा नाम आजाद है, मेरे पिता का नाम स्वतंत्रता और मेरा घर जेल है'। जज ये सुनने के बाद भड़क गए और चंद्रशेखर को 15 कोड़ों की सजा सुनाई, यही से उनका नाम आजाद पड़ गया। चंद्रशेखर पूरी जिंदगी अपने आप को आजाद रखना चाहते थे। अभिभूत चंद्रशेखर आजाद का कहना था, देश की स्वतंत्रता के लिए विपत्तियों से युद्ध करना ही मेरा राष्ट्रधर्म है। अविनाशी, अंग्रेजों से लड़ाई करने के लिए चंद्रशेखर आजाद इलाहाबाद के अल्फ्रेड पार्क में सुखदेव और अपने एक अन्य साथियों के साथ बैठकर आगामी योजना बना रहे थे। इस बात की जानकारी अंग्रेजों को पहले से ही मिल गई थी। जिसके कारण अचानक अंग्रेज पुलिस ने उन पर हमला कर दिया। चंद्रशेखर आजाद ने अपने साथियों को वहां से भगा दिया और अकेले अंग्रेजों से लोहा लगने लगे। इस लड़ाई में पुलिस की गोलियों से आजाद बुरी तरह घायल हो गए थे। वे सैकड़ों पुलिस वालों के सामने 20 मिनट तक लड़ते रहे थे। उन्होंने संकल्प लिया था कि वे न कभी पकड़े जाएंगे और न ब्रिटिश सरकार उन्हें फांसी दे सकेगी। इसीलिए अपने संकल्प को पूरा करने के लिए अपनी पिस्तौल की आखिरी गोली खुद को मार ली और मातृभूमि के लिए महज 24 बरस की अल्पायु में 27 फरवरी 1931 को प्राणों की आहुति दे दी।




राशिफल

शुभ संवत 2080, शाके 1945, सौम्य गोष्ठ, श्रावण शुक्ल पक्ष, वर्षा ऋतु, गुरु उदय पूर्वे, शुक्रोदय, पश्चिमें तिथि पंचमी, रविवासरे उत्तरा फाल्गुनी नक्षत्रे, परीध योगे, वालव करणे, कन्या की चंद्रमा, सायं सिद्ध भानु 2/22 श्री तिलक जयंती, श्री चंद्रशेखर जयंती तथापि दक्षिण दिशा की यात्रा शुभ होगी।

आज जन्म लिए बालक का फल.......

आज जन्म लिया बालक योग्य, बुद्धिमान, चपल, चतुर, चंचल, स्वाभिमानी, उत्तम वृत्ति वाला, योगी-भोगी, कुशल वक्ता-अधिवक्ता, शासक-प्रशासक, नेता, विधायक एवं राज्यमंत्री, उत्तम पद-पोस्ट वाला, धनी होगा।

**मेष राशि** - मान-प्रतिष्ठा बाल-बाल बचे, कार्य-व्यवसाय गति उत्तम होगी, समय का ध्यान रखें।

**वृष राशि** - धन प्राप्ति के योग बनेंगे, नवीन मैत्री-मंत्रणा प्राप्त होगी, समय को ध्यान में रखकर कार्य करें।

**मिथुन राशि** - इष्ट मित्र सहायक रहेंगे, व्यवसायिक क्षमता में वृद्धि होगी, रुके कार्य बनेंगे।

**कर्क राशि** - सामाजिक मान-प्रतिष्ठा प्राप्त होगी, कार्य कुशलता से संतोष होगा, रुके कार्य बन जायेंगे।

**सिंह राशि** - अधिकारियों का समर्थन फलप्रद होगा, समय स्थिति का लाभ लें, कार्य कुशलता से संतोष होगा।

**कन्या राशि** - अधिकारियों से सहयोग मिलेगा, कार्य कुशलता से हर्ष, कार्यों को समय पर निपटाने का प्रयास करें।

**तुला राशि** - दैनिक व्यवसाय गति उत्तम तथा व्यवसायिक चिन्ता की स्थिति बनेगी, धैर्यपूर्वक कार्य करें।

**वृश्चिक राशि** - कार्यवृत्ति में सुधार होगा, असमंजस की स्थिति रहेगी, सफलता के लिय समय पर कार्य करें।

**धनु राशि** - स्थिति अनियंत्रित रहे तथा नियंत्रण करना आवश्यक होगा, समझदारी से निर्णय लें।

**मकर राशि**- मानसिक चिन्ता एवं स्वभाव में मानसिक उद्विग्नता अवश्य रहेगी, धैर्य रखें।

**कुंभ राशि** - योजनायें फलीभूत होंगी, विघटनकारी तत्व आपको परेशान करेंगे, सावधान रहें।

**मीन राशि** - मनोबल उत्साहवर्धक होगा तथा कार्य कुशलता से संतोष होगा, समय का ध्यान रखें।

# आज का इतिहास

- 1998 - सं.रा. अमेरिका ने सात भारतीय वैज्ञानिकों को देश छोड़ने के लिए आदेश दिया।
- 1999 - मोरक्को के शाह हसन का निधन।
- 2000 - व्यापक घोषणाओं के साथ नागो में हुए समूह-8 का 26वाँ शिखर सम्मेलन सम्पन्न।
- 2001 - मेघावती सुकर्णोपूत्री इंडोनेशिया की राष्टपति बनीं।
- 2005 - मिस्र के शर्म अल-शेख़ और नामा बे के कुछ होटलों में बम विस्फोटों से लगभग 100 लोग मारे गये।
- 2007 - अफ़गानिस्तान के राष्टपति मुहम्मद जहीरशाह का निधन।
- 2008 - नेपाल के प्रधानमंत्री गिरिजा प्रसाद कोइराला ने नव निर्वाचित राष्ट्रपति रामबरन यादव को अपना इस्तीफ़ा सौंपा।
- 23 जुलाई को जन्मे व्यक्ति
- 1947 - एल. सुब्रमण्यम - प्रतिभाशाली भारतीय वायलिन वादक और संगीतकार हैं।
- 1936 - शिव कुमार बटालवी - पंजाबी भाषा के एक विख्यात कवि थे।
- 1934 - निर्मला जोशी - मदर टेरेसा की संस्था मिशनरीज ऑफ़ चैरिटीज की प्रमुख थीं।
- 1856 - बाल गंगाधर तिलक, गणितज्ञ, दार्शनिक और उग्र राष्ट्वादी व्यक्ति।
- 1906 - चंद्रशेखर आज़ाद, स्वतन्त्रता सेनानी
- 1898 - ताराशंकर बंद्योपाध्याय, ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित प्रसिद्ध बांग्ला साहित्यकार
- 23 जुलाई को हुए निधन
- 2016 - एस. एच. रज़ा - भारत में जन्में प्रसिद्ध चित्रकर थे।
- 2007 - मोहम्मद ज़हीर शाह - अफ़ग़ानिस्तान के अंतिम राजा थे।
- 1932 - महमूद - भारतीय अभिनेता और फ़िल्म निर्देशक
- 2012 - लक्ष्मी सहगल - स्वतंत्रता सेनानी और समाजसेविका
- 1993 - लक्ष्मण प्रसाद दुबे - छत्तीसगढ़ के स्वतंत्रता सेनानियों में से एक।

## पुलिस ने अलग अलग मामलों में आठ लोगो के खिलाफ शांति भंग की कार्रवाई की।

**इटावा/भरथना।** कस्बा चौकी इंचार्ज मोहनवीर सिंह ने बताया कि नगर के मोहल्ला महावीर नगर निवासी शेखर वर्मा,अंकित व अमित कुमार के खिलाफ वाद विवाद व मारपीट करने पर शांति भंग की कार्रवाई की गई। इसी प्रकार तीन अन्य मामलों में नगला धना गांव के कौशलेश व उनके पुत्र शिवाकांत,नगला पूठ गांव के राजू,अरवेस व नगला हुलास गांव के सतेंद्र के खिलाफ शांति भंग कार्रवाई की गई।

## पुलिस ने एक वारन्टी को गिरफ्तार किया

**इटावा/भरथना।** एसआई अवशेष नारायण ने बताया कि जिला मैनपुरी के थाना किशनी के कल्याणपुर गांव के वारन्टी संतोष को उसके निवास से गिरफ्तार किया गया।गिरफ्तार किए गए व्यक्ति के खिलाफ भरथना थाना में धारा 363,366,376 के तहत मामला दर्ज है,न्यायालय में हाजिर नही होने पर अदालत द्वारा जारी वारंट के अनुपालन में वारन्टी को गिरफ्तार किया गया।

## जयोत्री एकेडमी विद्यालय में नि: शुल्क चिकत्सा शिविर का आयोजन हुआ



**इटावा/भरथना।** जयोत्री एकेडमी विद्यालय व एस आर एम हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में विद्यालय परिसर में चिकित्सा शिविर का आयोजन हुआ। जिसमें जयोत्री एकेडमी के समस्त स्टाफ समेत दो सौ से अधिक लोगों को नि:शुल्क चिकित्सा जाँचें, परामर्श एवं दवाईयां उपलब्ध कराई गयीं। शिविर में एस आर एम हॉस्पिटल के फिजिशियन एवं सर्जन डॉ अनिल एवं अन्य सहयोगी विशेषज्ञों द्वारा स्वास्थ्य संबंधी परामर्श दिया गया। इस अवसर पर एस आर एम हॉस्पिटल के फार्मासिस्ट अनुज एवं नर्सिंग स्टाफ शीश कुमार, सीता यादव, लैब टेक्नोलॉजिस्ट अंकित कुमार तथा लैब अटेंडेंट विवेक आदि टीम ने सभी आवश्यक जांच जैसे रक्त शर्करा, रक्त ऑक्सीजन, रक्त चाप आदि की नि:शुल्क जांच कर जरूरी दवाओं का वितरण किया। विद्यालय के संस्थापक एवं पूर्व चेयरमैन मनोज पोरवाल, नीता पोरवाल,निदेशक नितिन पोरवाल व एसआरएम हॉस्पिटल के संस्थापक रमेश चंद्र यादव आदि मौजूद रहे।विद्यालय के प्रधानाचार्य योगेंद्र मिश्रा ने चिकित्सकों की टीम को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका आभार व्यक्त किया।

## जैनपुर नागर की गौशाला की हालत बद से बदतर, चारों तरफ कीचड़



जसवंतनगर(इटावा)। ग्राम जैनपुर नागर की गोशाला की हालत बद से बदतर है। चारों तरफ कीचड़ भरा हुआ है। जलभराव की निकासी के लिए नालियों की कोई व्यवस्था नहीं है, जिसके चलते बरसात में जलभराव की समस्या बनी रहती है। एक गोवंश गौशाला में मृत पड़ा मिला है। बताते है कि जैनपुर नगर में कुल 155 गोवंश है, जिनको अलग-अलग दो गौशाला में रखा गया है। गौशाला के गौ सेवक चंद्र प्रकाश ने बताया है कि गोशाला में बरसात होने पर पानी भर जाता है। इसकी निकासी के लिए कोई भी नाली नहीं बनाई गई है। न ही पानी कहा जायेगा?.. इसकी कोई व्यवस्था है। गौशाला के अंदर गंदगी पड़ है, जो कई दिनों से उठी नहीं है, वहां पर बदबू आ रही है। गोवंश के लिए जो टीन शेड डाला गया है, वह छोटा है, जिससे गोवंश धूप और बरसात में बाहर खड़े दिखाई देते हैं। एक गोवंश जो वहां मृत अवस्था में पड़ा था, जिसकी उठवाने की व्यवस्था नही की गई थी। बताते हैं कि प्रधान दोनो गौशालाओं को देखने के लिए नहीं आते, जबकि प्रतिनिधि के रूप में रमेशचंद्र कभी-कभी गौशाला में आ जाते हैं। लेकिन गोवंश पर कोई ध्यान नहीं जाता है।

## पौधरोपण महाअभियान के तहत जसवंतनगर इलाके में 40 पौधरोपण



जसवंतनगर(इटावा)। प्रदेश भर में आरंभ हुए पौधारोपण महाअभियान के तहत जसवंतनगर विकास खंड के 61 गांव में शनिवार को वृहद पौधारोपण अभियान चलाया गया, इसके लिए 154025 पौधे रोपित करने का लक्ष्य रखा गया था, जिसमे पहले दिन 40 प्रतिशत पौधे रोपित किए गए। क्षेत्र के प्रत्येक गांव को 2525 पौधे रोपित करने के लिए दिए गए थे, मगर पौध रोपित करने के प्रति ग्राम प्रधानों ने ज्यादा रुचि नहीं दिखाई और पौधे रोपण की औपचारिकता के लिए मात्र फोटोग्राफी कराकर इस महा अभियान की इतिश्री कर दी। खंड शिक्षा अधिकारी अल्केश सकलेचा के निर्देशन में समस्त प्राथमिक एवम उच्च प्राथमिक विद्यालयों में वन विभाग द्वारा पौधे उपलब्ध कराए गए थे तथा लक्ष्य के सापेक्ष 165 विद्यालयो को 1320 पौधे वितरित किए गए जिन्हें रोपित किया गया। खंड विकास अधिकारी श्वेता गर्ग ने बताया कि ब्लाक क्षेत्र में पहले दिन 46200 पौधा रोपित किये गए है, लेकिन इस कार्यक्रम को लगातार चलाकर लक्ष्य पूरा किया जाएगा।

## डीएम, एसएसपी ने पैदल गश्त किया

**इटावा। त्योहार मोहर्रम व श्रावण मास के दृष्टिगत जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत किया गया पैदल गस्त। त्योहार मोहर्रम, श्रावण मास व जनपदीय कानून व्यवस्था व सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत जिलाधिकारी अवनीश राय व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार द्वारा पुलिस बल के साथ थाना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत पैदल गस्त करते हुए संदिग्ध व्यक्ति, वाहन को चौक किया गया तथा आम लोगों से संवाद कर उनको सुरक्षा के प्रति आश्वस्त किया। इस दौरान प्रशासन व पुलिस के अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।**

# शिव मंत्रों के जाप से जीवन के समस्त कष्ट होते हैं दूरः सुखदेव शास्त्री

### रामेश्वरम शिवालय पर चल रही है महाशिवपुराण कथा

### नित्य हो रहा है, भगवान शिव का रुद्राभिषेक



**जसवंतनगर( इटावा )।** रामलीला तिराहा स्थित नगर के सर्वाधिक प्राचीन卐रामेश्वरम शिवालय मंदिर卐 में चल रही संगीतमय श्री शिव महापुराण सप्ताह कथा के पंचम दिन कथा व्यास आचार्य सुखदेव मिश्रा ने अपने प्रवचनों में कहा कि शिवमहापुराण में भगवान शिव की कृपा प्राप्त करने के तीन मूलमंत्र बताए गए हैं। जिन भक्तों ने उनको अपने जीवन में धारण किया, उन पर भगवान शिव भोले की कृपा हमेशा बनी रहती है। उन्होंने ने कहा कि शिव महापुराण की कथा का श्रवण करने से भगवान शिव के प्रति श्रद्धा, विश्वास व निष्ठा बढ़ती है। भगवान शिव के मंत्र का केवल जाप करने से ही मनुष्य के जीवन में आने वाले कष्टों की मुक्ति मिल जाती है। भगवान शिव की अराधना कर कई असुरों ने अपने जीवन का उद्धार कर लिया था। भगवान शंकर ने उन्हें वरदान देकर मोक्ष की प्राप्ति का मार्गदर्शन किया। उन्होंने बताया कि भगवान शिव का नित्य जाप करने से शारीरिक कष्टों का निवारण होता है,साथ ही मनुष्य को निरोगी काया का वरदान मिलता है। मंदिर पर रोजाना भगवान शिव की पूजा अर्चना तथा रुद्राभिषेक किया जा रहा है , जिसमें नगर भर के शिव भक्त गण उपस्थित रह रहे हैं। मंदिर की व्यवस्थापिका इंदिरा गुप्ता ने यह आयोजन जन सहयोग से कराया है, मोहिनी दुबे, रजनी, सुधा, विमला देवी आदि भी व्यवस्था में सहयोग कर रही है। मौजूद रहे।

# विषैलेपन को समाप्त करने के लिए पौधरोपण अत्यन्त आवश्यक



भरथना, इटावा। वातावरण में फैले विषैलेपन को समाप्त करने के लिए पौधरोपण अत्यन्त आवश्यक है। समाज के प्रत्येक व्यक्ति की नैतिक व सामाजिक जिम्मेदारी है कि वह पौधरोपण जैसे पुनीत कार्य में अधिक से अधिक सहभागिता करें। ताकि हमारा पर्यावरण सन्तुलित हो सके। उक्त बात पर्यावरण को सन्तुलित रखने के लिए शासन की मंशानुरूप चलाये जा रहे पौधरोपण अभियान के दौरान होमगार्ड्स कम्पनी जवानों की मौजूदगी में कस्बा के मिडिल स्कूल स्थित पशु चिकित्सालय प्रांगण में पौधरोपण के दौरान पालिकाध्यक्ष अजय यादव गुल्लू ने कही। इस दौरान कई फल व छायादार पौधे रोपित किये गये। वहीं इस अभियान के चलते शनिवार को नगर व क्षेत्र के तहसील मुख्यालय, उपजिलाधिकारी कार्यालय, विकास खण्ड कार्यालय, नगर पालिका प्रांगण, मण्डी समिति परिसर, कोतवाली परिसर सहित सभी सरकारी, अर्द्धसरकारी कार्यालयों, शिक्षण संस्थानों आदि में भी वातावरण में शुद्धता बनाये रखने के लिए बरगद, अशोक, पीपल, आम, नींम, बबूल, शीशम, जामुन, शहतूत आदि विभिन्न फल, बेल, छायादार पौधों का रोपण किया गया।

# राज्यमंत्री अजीत ने सफारी पार्क में वृहद पौधारोपण किया



इटावा। 35 करोड़ वृक्षारोपण जन आन्दोलन की वृक्ष लगायें पर्यावरण बचायेंथीम के अन्तर्गत जनपद में राज्यमंत्री, इलैक्ट्रानिक तथा सूचना प्रौद्योगिकी, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग उत्तर प्रदेश अजीत सिंह पाल ने इटावा सफारी पार्क के पास स्थित नगर वन में वृहद वृक्षारोपण व वृक्ष भण्डारा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मलित हुए। कार्यक्रम के दौरान अजीत पाल सिंह ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी के निर्देशन में पूरे प्रदेश में वृहद वृक्षारोपण व वृक्ष भण्डारा कार्यक्रम आयोजित किया जा रही है। जिसके अन्तर्गत पूरे प्रदेश में आज 30 करोड़ पौधों का रोपण किया जा रहा है। उसी की कडी में आज जनपद में 70 लाख वृक्ष रोपित किये जा रहे है। पूरे जनपद में गणमान्य नागरिक, आमजन, अधिकारी व कर्मचारी पूरे उत्साह से वृक्षारोपण का कार्य कर रहे है। कार्यक्रम के दौरान सांसद लोकसभा रामशंकर कठेरिया ने कहा कि हम सब का कर्तव्य है कि पेड लगायें। पूरे विश्व में जिस तरह की जलवायु परिवर्तन, वायु प्रदुषण हो रहा है, उसके निराकरण का एक ही उपाय है कि प्रत्येक व्यक्ति कम से कम एक वृक्ष लगाये। उसी के क्रम में हम लोगें द्वारा में वृहद वृक्षारोपण व वृक्ष भण्डारा कार्यक्रम के अन्तर्गत एक-एक वृक्ष रोपित किया है। उन्होने सभी नागरिकों से अपील की है कि वह कम से कम एक वृक्ष लगाये, क्योंकि हर व्यक्ति को एक वृक्ष लगाना आवश्यक है। विशेष तौर पर छात्र, छात्राओं से अपील है कि वह अपने-अपने गांव में, मोहल्ले में एक वृक्ष अवश्य लगायें। इस अवसर पर निदेशक इटावा सफारी पार्क दीक्षा भंडारी, अपरजिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव, नगर मजिस्ट्रेट अरूण कुमार गौंड, निदेशक सामाजिक वानिकी अतुलकान्त शुक्ला, उपजिलाधिकारी सदर विक्रम सिंह राघव, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका विनय मणि त्रिपाठी, सोसाइटी फॉर कंजर्वेशन ऑफ नेचर (स्कॉन) के डा. राजीव चौहान, डा. संजीव चौहान सहित गणमान्य नागरिक, अधिकारी, कर्मचारी व स्कूली छात्र, छात्रायें उपस्थित रहे।

## जागरुकता रैली निकाली गयी




**इकदिल, इटावा। नगर पंचायत के अंतर्गत बच्चों के सहयोग से संचारी रोग की रोकथाम हेतु जागरूकता के उद्देश्य नगर के कई मोहल्लों में संचारी रोग रोकथाम की रैली निकाली गई स रैली का सफल संचालन आदर्श प्राथमिक विद्यालय इकदिल के समस्त स्टाफ व छात्र, छात्राओं एवं नगर वासियों के सहयोग से किया गया। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. शिवेंद्र यादव के द्वारा रैली को झंडी दिखाकर रवाना किया। डॉ. शिवेंद्र यादव ने लोगों को बताया कि किसी भी प्रकार की बीमारियां परेशानी के लिए सबसे पहले अस्पताल में संपर्क करना चाहिए इसके बाद अपने घरेलू नुक्से आजमाने चाहिए स प्रमुख रूप से सहयोग करने वाले में एएनएम अर्चना गुप्ता, समाजसेवी डॉ.सुशील सम्राट, एसटीएस शहरोज अहमद एलटी डालचंद, मोना गुप्ता, राकेश कुमार आदि लोगों का सहयोग रहा।**

# 1840 में बनी जेल की दीवार दीवार गिरी -सुबह चार बजे हुआ हादसा, पुलिस कर्मी किए गए तैनात



इटावा। अंग्रेजी शासनकाल में स्थापित जिला जेल की मुख्य सुरक्षा दीवार का एक बड़ा हिस्सा धराशाही हो गया। दीवार करीब 50 फुट ऊंची और जर्जर हालत में थी। तेज आवाज के साथ दीवार अचानक गिर पड़ी। दीवार गिरने के बाद सिविल लाइन थाना पुलिस को मौके पर तैनात किया गया है। ध्वस्त हुई दीवार के पीछे जिला जेल के कर्मी सुरक्षात्मक तौर पर तैनात किए गए है। थाना सिविल लाइन क्षेत्र के रेलवे स्टेशन के पास की दीवार गिरी है। यह जेल 1840 में बनी थी। काफी पुरानी होने के चलते यह दीवार गिरने का अनुमान लगाया जा रहा है। शनिवार सुबह जेल पर उस समय हड़कंप मच गया जब जेल के पीछे रोड पर सो रहे लोगों को तेज धमाके की आवाज सुनाई दी। अचानक से वहां मौजूद लोगों के हाथ पांव फूल गए। घटना की सूचना पर जेल वरिष्ठ अधीक्षक ने सिविल लाइन पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस पहुंची। गनीमत यह रही कि घटना सुबह तड़के की है, जिस कारण जेल दीवार के पास आटो रिक्शा या कोई व्यक्ति मौजूद नहीं था। यह जेल करीब 183 वर्ष से यहां स्थापित है। दीवार काफी ऊंची थी। इसलिए गिरने की संभावना जताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शी मोहर सिंह ने बताया कि सुबह चार बजे तेज आवाज के साथ दीवार अचानक से गिर गई। एक स्कूटर वाला वहां से गुजर रहा था वो आवाज सुनकर गिर पड़ा। जेल अधीक्षक डा. रामधनी ने बताया कि काफी पुरानी दीवार है। बरसात में नमी के कारण गिर गई है। मरम्मत का प्रस्ताव भेजा जा चुका है। अभी उनकी मरम्मत का कार्य किया जा रहा है। दीवार के आसपास पुलिस की तैनाती कर दी गई है।

# इंसान को एहलेबैत की शक्ल में बहुत बड़ी नेमत मिली- अबूज़र

### -शहीदाने कर्बला इमाम हुसैन की याद में हुईं मजलिसें



इटावा। मोहर्रम में शहीदाने कर्बला इमाम हुसैन की याद में शहर में विभिन्न स्थानों पर मजलिसों का आयोजन कर गमे हुसैन मनाया गया। घटिया अज़्मत अली स्थित हाजी कमर अब्बास नक़वी के घर मजलिस में तकरीर करते हुए मौलाना अबूज़र अब्बास खान जौनपुरी ने कहा इमाम हुसैन ने अपने चाहने वालों को बड़ी एहमियत दी और कर्बला से उन्हें अपना सलाम भेजा। आज पूरी दुनिया मे इमाम हुसैन का गम मनाया जा रहा है। अल्लाह ने रसूल और आले रसूल को जो मर्तबा दिया वह किसी को नहीं मिला। इंसान को एहलेबैत की शक्ल में बहुत बड़ी नेमत मिली है। आलमपुरा इमामबाड़े में नजमुल हसन की ओर से आयोजित मजलिस में मौलाना मिर्ज़ा अज़हर अब्बास दिल्ली ने कहा इमाम हुसैन ने कर्बला में तीरों की बारिश में नमाज पढ़कर अपने चाहने वालों को यह संदेश दिया कि मेरे चाहने वाले नमाज के साथ मेरा गम मनाएं। इंसान हुसैन से मोहब्बत का दावा करता है मगर यह उसका अमल बताएगा कि हुसैन से सच्ची मोहब्बत है या सिर्फ दिखावा है। अंजुमन हैदरी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शावेज़ नक़वी ने बताया कि घटिया अज़्मत अली इमामबाड़े में आयोजित मजलिस में मौलाना शमशुल हसन खान जौनपुरी इमामे जुमा बरेली शरीफ, साबित गंज में स्व. मुहाफ़िज़ हुसैन के घर आयोजित मजलिस में मौलाना अनवारुल हसन ज़ैदी इमामे जुमा इटावा ने कर्बला का मंजर पेश किया। उक्त मजलिसों में तसलीम रज़ा, जहूर नक़वी, तहसीन रज़ा ने सोजख्वानी की, खुर्शीद जाफरी, सलमान रिज़वी, आबिद रज़ा, कैफ वारसी ने कलाम पेश किए और तनवीर हसन, राहिल सगीर ने नोहाख्वानी की। चार मोहर्रम 23 जुलाई दिन इतवार को सुबह 7रू30 बजे मिश्री टोला में रज़ी हैदर के घर, सुबह 9 बजे सराये शेख में जहूर नक़वी के घर, सुबह 10.30 बजे दरगाह हज़रत अब्बास महेरे पर रज़ी हैदर की ओर से मजलिसें होंगी।

# चकरनगर पुलिस एक अराजकतत्व के सामने बोनी पड़ी

चकरनगर, इटावा। यूपी में बाहुबली जानी जाने वाली पुलिस चकरनगर कस्बा में एक अराजकतत्व के सामने बोनी पड़ गई। मामला अभद्रता तक ही सीमित नहीं रहा बल्कि वर्दीधारी दारोगा के हाथ से अराजक तत्व ने मोबाइल फोन छीन लिया और अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए सर्किल के सीओ को फोन लगाकर घटना की जानकारी दी।दौड़ी पुलिस घटनास्थल पर पहुंची, इससे पहले ही आरोपित मौके से भाग गया, किन्तु आरोपित के आका पुलिस मुजामत का मुख्य आरोपित सपा नेता ने उल्टा पुलिस को ही हड़का दिया। पुलिस भींगी बिल्ली बनकर थाना लौट गई। दारोगा ने प्रार्थना पत्र तो दिया, किन्तु पुलिस मुकदमा लिखने की हिम्मत नहीं जुटा पाई। आरोपित का यूपी के महोबा पुलिस में तैनात एक भाई बचाव कार्य में जुटा बताया गया है। दरअसल यह मामला चकरनगर में लक्ष्मी किराना स्टोर का है, यहां शुक्रवार रात्रि समय करीब 10 बजे बढ़पुरा थाने में तैनात दारोगा विपिन पाल ड्यूटी से लौटने के दौरान वर्दी में ही अपनी कार किराना स्टोर पर खड़ी कर कुछ सामान खरीदने लगे, इसी दौरान सामने से आई एक अन्य कार अराजक तत्व ने दारोगा की कार के बराबर पर खड़ी कर दी। कुछ समय तक इंतजार के उपरांत दारोगा ने जब आरोपित से कार हटाने को कहा तो वह अभद्रता करने लगे। दारोगा ने अपना मोबाइल फोन निकाला और वह आरोपित की गाड़ी का फोटो खींचने लगे। यह बात आरोपित को नागवार गुजरी और उसने आगे हाथ बढ़ाते हुए दारोगा से मोबाइल फोन छींन लिया। इसके बाद भी आरोपित नहीं रुका और उसने अभद्रता करते हुए पुलिस क्षेत्राधिकारी राकेश कुमार वशिष्ठ को अपने फोन से फोन लगाकर दारोगा की बात कराई। सीओ की सूचना पर संबंधित थाना पुलिस घटना स्थल पर दौड़कर पहुंची, तब तक आरोपित घटनास्थल से फरार हो गया। लेकिन समाजवादी नेता आरोपित का आका 2015 पुलिस मुजामत का मुख्य आरोपित मौके पर पहुंचा और उल्टा पुलिस पर दबाव बनाने लगा, इस बीच पुलिस ने आरोपित को खोजने का प्रयास किया, किन्तु वह नहीं मिला। कुछ ही समय में आरोपित के अन्य साथी मौके पर पहुंच गये, तो पुलिस भी मुजामत के मुख्य आरोपित से भय खाकर कमजोर के सामने तानाशाह बनने वाली पुलिस भीगी बिल्ली बनकर वापस लौट गई। पीड़ित दारोगा ने लिखित तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की, किंतु पुलिस आरोपित के खिलाफ मुकदमा लिखने की हिम्मत नहीं जुटा सकी। उक्त मामला कस्बा में चर्चा का विषय बना हुआ है। लोगों का मानना है कि जब पुलिस आज भी सपा के अराजक तत्वों के खिलाफ मुकदमा लिखने की हिम्मत नहीं जुटा पा रही है, तो फिर दबे कुचले लोगों की शिकायत पर मुकदमा लिखा जायेगा, यह एक असंभव बात सिद्ध हो रही है। बताते चलें कि दारोगा विपिन पाल का चकरनगर थाने से बढ़पुरा के लिए स्थानांतरण हो गया है, किन्तु उनका परिवार आज भी चकरनगर थाना परिसर में बने आवास में रहता है। इस संबंध में दारोगा विपिन पाल ने अपने साथ हुई अभद्रता की बात स्वीकार करते हुए तहरीर देने की बात स्वीकार की है। पुलिस क्षेत्राधिकारी राकेश कुमार वशिष्ठ ने फोन आने की बात को तो स्वीकार किया, लेकिन किसी के द्वारा शिकायत करने की बात से इनकार कर दिया। दीपक कुमार प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि दारोगा से मोबाइल फोन छीनने की घटना हुई है, मैं दल बल के साथ मौके पर पहुंचा, दारोगा ने तहरीर नहीं दी है। तहरीर देते ही मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## शिक्षाविधि प्रो. जादोंन सिंह की स्मृति में हुआ वृक्षारोपण

इटावा। शनिवार को स्व0 प्रो0जादोंन सिंह की तीसवी पुण्यतिथि पर उनके पैतृक ग्राम सोंडरा( बरनाहल)वृक्षारोपण सहित कई कार्यक्रम आयोजित किये गये ।सर्व प्रथम स्व0 प्रो0जादोन सिंह समाज सेवा एवं शिक्षा प्रचार समिति द्वारा एक शाँति यज्ञ का आयोजन किया गया,जिसमें क्षेत्र के कई गणमान्य व्यक्तियों ने यज्ञ में आहूति दे कर स्व0 प्रो0जादौन सिंह को नमन किया एवं पुष्प अर्पित कर श्रधांजलि दी ।उसके उपरान्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी कानपुर मण्डल कानपुर डॉ0रिपुदमन सिंह के संयोजन में बृहद वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें छायादार एवं बलदार वृक्षों को प्रो0साहब की सामाधी स्थल के पार्क में रोपित किया गया ।तत्पश्चात समिति की संस्थापक श्रीमती विद्यावती द्वारा क्षेत्र के गरीब लोगों को अंगवस्त्र एवं महिलाओं को साड़ियाँ वितरित की गयी ।समिति के सदस्यों द्वारा प्राइमरी स्कूल के बच्चों को कॉपी,पेन और किताबें इत्यादि की एक किट वितरित की गयी ।अन्त में एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें प्रो0साहब के जीवन पर एक-एक कर के सभी गणमान्य व्यक्तियों ने अपने स्मृतिपूर्ण विचार रखे और उनके द्वारा समाज के लिए किए गये सुधारों एवं प्रयासों पर चर्चा की ।इसी क्रम में क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी कानपुर मण्डल कानपुर डॉ0रिपुदमन सिंह ने विचार व्यक्त करते हुये कहा कि प्रो0साहब सदैव अपने सिद्धान्तों पर अडिग रहे तथा समाज में शिक्षा के प्रचार प्रसार हेतु काई सार्थक प्रयास किये उन्होंने गरीब लोगो के उत्थान हेतु कई कार्यक्रम चलाये और अनुशासित व्यक्ति रहे ।इन सभी कार्यक्रमों में बलवन्त सिंह,मास्टर सन्तराम,राकेश कुमार,बृजेन्द्र सिंह, राघवेन्द्र सिंह,सुधीर कुमार,राजेश शर्मा, राममिलन प्रबन्धक,आदि उपस्थित रहे। उक्त कार्यक्रम में समिति के पदाधिकारी शिवराखन सिंह एडवोकेट,मधुसूदन सिंह,राजदमन सिंह,सरोजनी सिंह,ममता सिंह एवं अरुनव सिंह आदि का सक्रिय योगदान रहा।

## सेवन हिल्स कालेज में आयोजित हुआ यातायात कार्यक्रम

इटावा। सेवेन हिल्स इंटर कॉलेज में सड़क सुरक्षा पखवाड़े के अंतर्गत कक्षा 10 कक्षा 11 कक्षा 12 के छात्र छात्राओं के साथ एक जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में एआरटीओ बृजेश कुमार एवं मुख्य अतिथि के रूप में यातायात प्रभारी सूबेदार सिंह ने अपने विचार साझा किए। गोष्ठी में एआरटीओ बृजेश कुमार ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि ष्कभी भी सड़क पर दोपहिया वाहन पर बिना हेलमेट लगाए घर से बाहर नहीं निकलना चाहिए। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि यातायात विभाग द्वारा जुर्माना या चालान व्यवस्था आप लोगों से रुपए वसूलने के लिए नहीं बल्कि आपकी सुरक्षा के लिए ही बनाई गई है गोष्ठी में यातायात प्रभारी सूबेदार सिंह ने बच्चों को यातायात से संबंधित नियमों को पालन करने पर जोर दिया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य सौरभ दुबे ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि जब तक आप सड़क पर चलते हुए यातायात नियमों का पालन नहीं करेंगे तब तक आप हमेशा ही दुर्घटना का शिकार होते रहेंगे। जागरूकता कार्यक्रम में सीबीएसई के द्वारा सड़क सुरक्षा एवं नियमावली से संबंधित एक किताब का भी विमोचन भी अतिथियों के द्वारा किया गया। इस जागरूकता कार्यक्रम में विद्यालय के चेयरमैन एड0 शिव किशोर दुबे सहित विद्यालय के ट्रस्टी सुनील राजपूत, प्रधानाचार्य सौरभ दुबे उपस्थित रहे! कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षक अभिषेक मिश्रा के द्वारा किया गया।

## उसराहार थाना अध्यक्ष ग विवेक कुमार सिंह थाने में वृक्षारोपण किया



विश्व पर्यावरण दिवस पर ऊसराहार द्यमे जमकर पौधरोपण किया गया उसराहार थाने के साथ साथ सभी ताखा तहसील में आने वाली सभी चौकी मे ब्रक्षारोपण किया गया सभी सरकारी स्कूलो एंव सरकारी इमारतों व सरकारी आवासो पर भी ब्रक्षारोपण किया गया थानाध्यक्ष ऊसराहार विवेक कुमार सिंह मुताबिक ताखा क्षेत्र मे एक लाख नौ हजार पौधो का ब्रक्षारोपण करने के लिए अभियान चलाया गया है प्रत्येक ग्राम पंचायत मे ढाई हजार से लेकर 26 पौधों के बीच पेड लगाए जा रहे हैं उपजिलाधिकारी ताखा देवेन्द्र कुमार एंव खंड विकास अधिकारी ताखा राजकुमार शर्मा ने मामन स्टेडियम एंव तहसील व ब्लाक परिसर मे ब्रक्षारोपण किया

## ताखा के परिषदीय विद्यालयों में बड़े स्तर पर किया गया पौधारोपण




**ऊसराहार ( रिपोर्टर घनश्याम शर्मा )** ताखा के परिषदीय विद्यालयों में बड़े स्तर पर पौधारोपण का कार्य किया गया ।पौधों को लगाने में बच्चों व शिक्षकों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया ।बच्चे बड़े उत्साह और उमंग के साथ पौधों को लगाकर उसमे पानी डाल रहे थे। बीईओ बीरेंद्र सिंह पटेल ने बेसिक के विद्यालयों में 1850 पौधों को लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया ।वन महोत्सव ताखा बेसिक के नोडल प्रभारी अवधेश सिंह राठौर की देखरेख में लक्ष्य के सापेक्ष 1575 पौधों को लगाया गया ।उच्च प्राथमिक विद्यालय अमथरी में प्रभारी एडीओ अनुज श्रीवास्तव व ग्राम प्रधान शिवराज सिंह के द्वारा पौधों को रोपित किया गया ।कंपोजिट विद्यालय खिरिया में हरिकृष्ण,प्राथमिक विद्यालय नगला मके में रामजी शर्मा,कंपोजिट विद्यालय दीग में दिनेश चौधरी,कंपोजिट विद्यालय आढर पुर में बृजेश कुमार, भडरपुरा में अरविंद कुमार,सुखैया में राघवेंद्र की देखरेख में पौधों को लगाने का कार्य किया गया।

# ताखा की 42 ग्राम पंचायतो मे एक लाख से अधिक ब्रक्षारोपण किया गया




**ऊसराहार ( रिपोर्टर घनश्याम शर्मा** विश्व पर्यावरण दिवस पर ताखा की 42 ग्राम पंचायतो मे एक लाख से अधिक पौधे रोपे गए सभी ग्राम पंचायतो मे ढाई हजार से लेकर 26 सौ पौधो का ब्रक्षारोपण किया गया एसडीएम ने तहसील परिसर मे ब्रक्षारोप किया उन्होंने कहा वर्तमान वातावरण मे पर्यावरण को बचाए रखने के लिए हर परिवार को एक पौधा लगाना चाहिए और जिस तरह अपने बच्चो की देखभाल परिवार के सदस्य करते हैं उसी तरह पौधे की भी देखभाल करनी चाहिए

विश्व पर्यावरण दिवस पर ताखा मे जमकर पौधरोपण किया गया ताखा की सभी ग्राम पंचायतो मे ब्रक्षारोपण किया गया सभी सरकारी स्कूलो एंव सरकारी इमारतों व सरकारी आवासो पर भी ब्रक्षारोपण किया गया खंड विकास अधिकारी राजकुमार शर्मा के मुताबिक ताखा क्षेत्र की 42 ग्राम पंचायतो मे एक लाख नौ हजार पौधो का ब्रक्षारोपण करने के लिए अभियान चलाया गया है प्रत्येक ग्राम पंचायत मे ढाई हजार से लेकर 26 पौधों के बीच पेड लगाए जा रहे हैं उपजिलाधिकारी ताखा देवेन्द्र कुमार एंव खंड विकास अधिकारी ताखा राजकुमार शर्मा ने मामन स्टेडियम एंव तहसील व ब्लाक परिसर मे ब्रक्षारोपण किया उपजिलाधिकारी ने ब्रक्षारोपण करते हुए लोगो से अपील की पौधा लगा देने से हमारी जिम्मेदारी खत्म नही हो जाती है आज के परिवेश मे ब्रक्ष की देखरेख भी एक बच्चे की तरह करनी पडती है तब जाकर पौधा ब्रक्ष का आकार ले पाता है यदि हम केवल ब्रक्षारोपण तक ही सीमित रह जाएगे तो पौधे को जानवर खा जाएंगे या फिर कोई तोड देगा इसलिए यदि हम ब्रक्षारोपण कर रहे हैं तो हमारी यह जिम्मेदारी बनती है कि हम उसकी देखभाल भी करे और उसे उसकी सही अवस्था तक पहुचाने तक हम देखरेख करते रहे तहसील परिसर मे लगाए एक पौधे की जिम्मेदारी भी उन्होंने लेते हुए कहा इसकी देखरेख वह खुद करेगे इसी तरह तहसील एंव व्लाक व स्कूल के सभी शिक्षक एक एक पौधे को लगाने के बाद उसकी देखरेख करे यदि कुछ समय तक भी हमने देखरेख कर ली तो काफी संख्या मे पौधे ब्रक्ष का आकार ले लेंगे और हमे शुद्ध हवा देने मे सहायक होंगे ब्रक्षारोपण मे एसडीएम देवेन्द्र कुमार पांडेय के साथ तहसीलदार मोहम्मद असलम खंड विकास अधिकारी राजकुमार शर्मा पंचायत सचिव अनुज श्रीवास्तव लेखपाल रोहित कुमार आशीष वर्मा अनूप लेखापाल सहित अन्य लोग मौजूद रहे

# 1500 पौधारोपण करने का संकल्प किया की में 1500 पौधो का वृक्षारोपण करुंगा



**ऊसराहार ( रिपोर्टर घनश्याम शर्मा )** *प्रकृति से हमें बहुत कुछ मिलता है तो हमारी भी जिम्मेदारी बनती है कि इसकी सुरक्षा करें। वहीं प्रकृति हमें यह सीख देती है कि पर्यावरण को सुरक्षित रखा जाये। कुछ इसी सोच के साथ शनिवार को विश्व पर्यावरण दिवस बड़े ही उत्साह के साथ पौधारोपण अभियान प्रारंभ किया।,, *ग्राम प्रधान जिलेदार कश्यप सहित अन्य सदस्यों ने आंवला जामुन नींबू सहित विभिन्न प्रकार के 100 पौधे लगाए और उन्हें बचाने व पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। वहीं ग्राम पंचायत अधिकारी विकास यादव, सहयोगी आदेश दिवाकर,संदीप शर्मा,नवीन सविता आदि ने ग्राम पंचायत में संयुक्त रूप से पौधे रोपित किए।,,, *विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि श्री संजीव कश्यप ने कहा कि पौधे लगाकर लोगों से प्रकृति को बचाने का आह्वान करता हूँ। उनके द्वारा लोगों से सुरक्षित जीवन और पर्यावरण संतुलन के लिए पौधे लगाने और उनकी देखरेख करने की अपील की गई ।इस दौरान लगाए गए पौधों की देखरेख करने के साथ आगे 1500 पौधारोपण करने का संकल्प लिया।

## डॉ भीमराव अंबेडकर कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय जेईई काउंसलिंग से भी जुड़ा

इटावा। नगर में स्थित डॉ भीमराव अंबेडकर कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रोद्योगिकी महाविद्यालय अब सीधे जेईई काउंसलिंग से भी जुड़ गया है उक्त विशेष सूचना को साझा करते हुए महाविद्यालय के अधिष्ठाता ( डीन ) प्रो0 डॉ एन के शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि, यह महाविद्यालय के लिए बड़े ही हर्ष का विषय है कि, हमारे यहां पिछले वर्ष से इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग, कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग एवं मेकेनिकल इंजीनियरिंग के जो तीन डिग्री पाठयक्रम सफलता पूर्वक संचालित किए जा रहे है अब उनमें जेईई मेंस की काउंसलिंग के माध्यम से भी प्रवेश लिया जा सकता है। अब इन तीनों प्रमुख पाठ्यक्रमों में कोई भी छात्र या छात्रा प्रवेश लेना चाहे तो हमारे इटावा नगर क्षेत्र में स्थित इस प्रतिष्ठित महाविद्यालय को अपनी प्रवेश चयन सूची में चयनित कर सीधे प्रवेश ले सकते है। उन्होंने बताया कि,हमारे इस महाविद्यालय में छात्र छात्राओं के लिए वे सभी सुविधाएं उपलब्ध होंगी जो, अन्य किसी कालेज या विश्विद्यालय में उपलब्ध होती है, साथ ही उन्होंने कहा कि, हमारे महाविद्यालय के लगभग 70 प्रतिशत छात्र छात्राओं को अच्छी कंपनियों में प्लेसमेंट भी मिल चुका है अत : आगामी 24 जुलाई से पुन : शुरू होने जा रही काउंसलिंग में छात्र छात्राएं चंद्रशेखर आजाद विश्वविद्यालय कानपुर इटावा कैम्पस को चयनित कर यहां प्रवेश सकते है। हमारे डिग्री कोर्स में प्रवेश लेने के बाद सरकार द्वारा जो भी सुविधाएं प्रदत्त होंगी वे सभी छात्र छात्राओं को नियमानुसार उपलब्ध कराई जाएंगी।

## निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

**भरथना, इटावा। जयोत्री एकेडमी में एस0आर0एम0 हॉस्पीटल द्वारा नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं, अभिभावकों व अध्यापकजनों की नि:शुल्क चिकित्सा जाँचें, परामर्श एवं दवाईयां उपलब्ध कराई गईं। शनिवार को लगाये गये उक्त नि:शुल्क चिकित्सा शिविर में फिजीशियन एवं सर्जन डा0 अनिल सहित अन्य सहयोगी विशेषज्ञों द्वारा स्वास्थ्य सम्बन्धी परामर्श दिया गया तथा फार्मासिस्ट अनुज, नर्सिंग स्टाफ शीश कुमार, सीता यादव, लैब टैक्नोलॉजिस्ट अंकित कुमार, लैब अटेंडेंट विवेक आदि ने आवश्यक जांचें रक्त, शर्करा, रक्त ऑक्सीजन, रक्त चाप आदि की जाँचकर आवश्यक दवाईयां वितरित कीं। इस मौके पर विद्यालय निदेशक नितिन पोरवाल व प्रधानाचार्य योगेन्द्र मिश्रा ने हॉस्पीटल के संस्थापक रमेश चन्द्र यादव का प्रतीक चिन्ह भेंटकर स्वागत सम्मान किया।**

## 12 अभियुक्त ों की हिस्ट्रीशीट खोली

इटावा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा द्वारा जनपद में अपराध नियंत्रण की दिशा में कार्य करते हुये अभ्यसत अपराधियों को चिन्हित कर कुल 12 अभियुक्तों की हिस्ट्रीशीट खोली गयी। जिसमें रामभगत पुत्र चन्दन सिंह निवासी नगला, धीरज राजपूत पुत्र महेन्द्र सिंह राजपूत निवासी ग्राम थाना बलरई, शिवम उर्फ अनिरुद्ध पुत्र रामनरेश निवासी सहसारपुर थाना सैफई, प्रिंस उर्फ प्रेमशंकर पुत्र रमेशचन्द्र निवासी ग्राम हैंवरा थाना सैफई, सुमित यादव उर्फ विवेक पुत्र गुलाब सिंह यादव निवासी ग्राम नगला हरनाथ थाना सैफई, अंकित यादव उर्फ लऊ पुत्र स्व. बिजेन्द्र सिंह निवासी चकरनगर, राजा वाल्मीकि पुत्र मुन्नालाल निवासी करया व थाना फेंड्स थाना नारखी थाना नारखी जनपद फिरोजाबाद हाल कालोनी पता नई मण्डी थाना फ्रेंड्स कालोनी, सुनील कुमार उर्फ मलखान सिंह यादव पुत्र रामप्रकाश थाना फेंड्स कालोनी, सतीश यादव पुत्र स्व. रामप्रताप यादव निवासी नगला पड़वा थाना फेंड्स कालोनी, विकास यादव पुत्र दलवीर सिंह निवासी ग्राम नगला कन्हई थाना जसवन्तनगर, अभिषेक कुमार पुत्र भुवनेश कुमार निवासी नगला अनिया थाना जसवन्तनगर, सलमान खान पुत्र वसारत खान निवासी ग्राम विचारपुरा थाना सिविल लाइन बताया।

## हत्या का आरोपी गिरफ्तार

इटावा। थाना भरथना पुलिस द्वारा गैर इरादतन हत्या का आरोपी अभियुक्त किया गया गिरफ्तार। वादी साधना तिवारी पत्नी कमलेश तिवारी निवासी गिरधारीपुरी भरथना इटावा के पति का आपसी पारिवारिक विवाद मे मारपीट के उपरान्त मृत्यु के संबंध मे थाना भरथना पर सूचना दी गयी जिस पर तत्काल थाना भरथना पुलिस द्वारा धारा में मुकदमा पंजीकृत किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा के निर्देशन में चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में थाना भरथना पुलिस द्वारा 21 जुलाई को थाना क्षेत्रान्तर्गत भ्रमणशील रहकर गश्त व संदिग्ध व्यक्ति वाहन चौकिंग की जा रही थी इसी दौरान प्राप्त आपराधिक अभिसूचना के आधार पर थाना भरथना पुलिस द्वारा वांछित अभियुक्त आदित्य तिवारी उर्फ पिंकु पुत्र संतोष कुमार तिवारी को बकेवर ओवरब्रिज के पास से गिरफ्तार किया। पुलिस टीम में निरीक्षक भूपेन्द्र सिंह राठी प्रभारी थाना भरथना, निरीक्षक दिनेश कुमार, का. सचिन कुमार रहे।

## प्राण प्रतिष्ठा दिवस पर चैतन्य व नित्यानंद महाप्रभु का हुआ महाभिषेक गौर निताई परिवार के कार्य म में रामभद्राचार्य महाराज ने ऑनलाइन दिया आशीर्वाद




इटावा। श्री श्री गौर निताई परिवार के तत्वधान में चतुर्थ प्राण प्रतिष्ठा दिवस श्रद्धाभाव के साथ हर्षोल्लास से मनाया गया। इस मौके पर चैतन्य महाप्रभु व नित्यानंद महाप्रभु का महाभिषेक भी गया और हरि नाम संकीर्तन पर श्रद्धालु झूमते रहे। जगतगुरु तुलसी पीठाधीश्वर रामभद्राचार्य जी महाराज ऑनलाइन सालासर धाम से कार्यक्रम में शामिल हुए उपस्थित सभी भक्तों को आशीर्वाद भी दिया। शहर के प्राचीन पक्का तालाब के किनारे आयोजित हुए प्राण प्रतिष्ठा दिवस में सर्वप्रथम पंडित मनुपुत्र दास ने वैदिक मंत्रोचार के साथ चैतन्य महाप्रभु व नित्यानंद महाप्रभु का पूजन अर्चन करने के बाद जलाभिषेक,पंचामृत अभिषेक व पुष्प अभिषेक किया। कार्यक्रम में पहुंची वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक की पत्नी नीलम वर्मा व अन्य भक्तों ने भी बारी-बारी से भगवान का अभिषेक व पूजन अर्चन किया। अभिषेक के बाद भगवान का पूजन अर्चन कर विशेष श्रृंगार भी किया गया और फूल बंगला भी सजाया गया। अभिषेक के दौरान हरिनाम संकीर्तन चलता रहा और श्रद्धालु झूमते रहे। इस मौके पर पंडित मनुपुत्र दास ने कहा कि चैतन्य महाप्रभु के अवतरित होने का प्रमुख कारण राधा प्रेम का आस्वादन तथा कलिकाल में पतित जीवो को हरि नाम के द्वारा हरि के धाम पहुंचाना है ।उन्होने कहा भगवान चैतन्य महाप्रभु कोई और नहीं बल्कि स्वयं भगवान कृष्ण थे जो हरिनाम संकीर्तन के माध्यम से भगवान की महिमा का गुणगान करने के लिए इस धरा पर आए थे उन्होंने लोगों को भगवान से जुड़ने और सबसे आसान संभव तरीके से भगवान के पास वापस जाने की शिक्षा दी थी ।आत्म साक्षात्कार का सबसे आसान साधन हरि नाम संकीर्तन है ।कार्यक्रम में भक्तों का हुजूम उमड़ा रहा कार्यक्रम संपन्न होने पर सभी को प्रसाद वितरित किया गया।

## राहतपुर में शोक सभा कर जगजीवन राव चौबे को दी श्रद्धांजलि



**इटावा।** जनपद के वरिष्ठ भाजपा नेता एवं अंदावा हाउस रईस परिवार के समाजसेवी श्री जगजीवन राव चौबे के शुक्रवार को हुए निधन पर राहतपुर स्थित श्री शंकर धर्मार्थ नेत्र चिकित्सालय में चौधरी शंकर दयाल दीक्षित स्मारक संस्थान एवं भारत विकास परिषद् धर्मार्थ सेवा शाखा के सदस्यों ने शोकसभा कर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। चिकित्सालय के निदेशक राजेंद्र कुमार दीक्षित ने कहा कि श्री जगजीवन राव जी से उन्हें सदैव बड़े भाई जैसा आत्मीय स्नेह मिला। वे बहुत ही सरल, मिलनसार व्यक्ति थे तथा इटावा के पुराने प्रतिष्ठित रईसों में उनकी पहचान थी। उनका निधन एक अपूर्णीय क्षति है। उनके निधन पर डॉ. विद्याकांत तिवारी, केके त्रिपाठी, महेश चंद्र तिवारी, महेश बाथम, राजीव कुमार पाठक, घनश्याम तिवारी, विनोद त्रिपाठी, हरिदत्त दीक्षित, सी बी मिश्रा, अवधेश पचौरी, कौशल चंद्र चतुर्वेदी, सुधीर मिश्र ने भी शोक व्यक्त कर दिवंगत को अपनी श्रद्धांजलि दी।

## व्यापार मंडल की महिला इकाई ने किया चौकी इंचार्ज का सम्मान - बच्चे को मां से मिलाने को लेकर चौकी इंचार्ज की भूमिका से प्रभावित होकर किया सम्मान



इटावा उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल महिला इकाई द्वारा नया शहर चौकी इंचार्ज द्वारा खोए हुए बच्चे को उसकी मां से मिलाने को लेकर जो भूमिका अदा की है उससे प्रभावित होकर आज उनका फूल मालाओं से लादकर सम्मान किया गया उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल महिला इकाई शहर अध्यक्ष सुनीता कुशवाहा ने बताया कि मानसिक रूप से बीमार महिला के बच्चे के गुम होने की सूचना मिलने पर चौकी इंचार्ज मिलन सिरोही व उनकी टीम ने तत्परता दिखाते हुए 1 घंटे में बच्चे को मां से मिला कल जो इंसानियत की मिसाल प्रस्तुत की है उससे महिलाओं में उनके प्रति सम्मान की भावना बड़ी है इसी से प्रभावित होकर आज उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल की महिला पदाधिकारियों ने उनको फूल मालाओं से लादकर सम्मानित किया है इस अवसर पर महिला नगर महामंत्री मिथलेश कुशवाहा इकदिल अध्यक्ष कृष्णा राजपूत नगर कोषाध्यक्ष सरला जाटव नगर मंत्री मुन्नी कुशवाह नगर उपाध्यक्ष पूजा तिवारी अंजू वर्मा आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे

# तीन लाख से अधिक श्रद्धालु पहुंचे अमरनाथ

श्रीनगर । 21 दिनों में तीन लाख से अधिक तीर्थयात्रियों ने अमरनाथ यात्रा की है, जबकि 3,475 तीर्थयात्रियों का एक और जत्था शनिवार को जम्मू से कश्मीर घाटी के लिए रवाना हुआ। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि 21 दिनों में रिकॉर्ड तोड़ संख्या में 3,07,354 तीर्थयात्रियों ने अमरनाथ यात्रा की है, जबकि खराब मौसम के बावजूद शुक्रवार को 13,797 यात्रियों ने पवित्र गुफा के अंदर दर्शन किए। 3,475 यात्रियों का एक और जत्था शनिवार को जम्मू के भगवती नगर यात्री निवास से सुरक्षा काफिले में घाटी के लिए रवाना हुआ। अधिकारियों ने कहा ?कि इनमें से 2,731 पुरुष, 663 महिलाएं, 12 बच्चे, 63 साधु, तीन साध्वियां और तीन ट्रांसजेंडर शामिल हैं। पारंपरिक पहलगाम मार्ग का उपयोग करने वालों को गुफा मंदिर तक पहुंचने में तीन से चार दिन लगते हैं, जबकि बालटाल मार्ग का उपयोग करने वाले लोग समुद्र तल से 3,888 मीटर ऊपर स्थित गुफा मंदिर के अंदर दर्शन करने के बाद उसी दिन बेस कैंप लौट आते हैं। दोनों मार्गों पर यात्रियों के लिए हेलीकॉप्टर सेवाएं भी उपलब्ध हैं। इस वर्ष की 62 दिवसीय अमरनाथ यात्रा 1 जुलाई को शुरू हुई और 31 अगस्त को श्रावण पूर्णिमा उत्सव के साथ समाप्त होगी।

## जलभराव से निजात दिलाने की मांग

**माधव संदेश/आकाश** दिबियापुर, औरैया (ब्यूरो)। नगर पंचायत अध्यक्ष राघव मिश्रा ने नगर विकास राज्य मंत्री को ज्ञापन देकर दिबियापुर नगर के आस पास गांवों में होने वाले जलभराव से निजात दिलाए जाने की मांग की। ज्ञापन में उन्होंने कहा कि करीब 20 गांव का पानी दिबियापुर से होकर पास होता है। जल भराव के कारण 500 एकड़ जमीन पर फसलें नहीं हो पाती हैं। किसान समस्या लेकर के नगर पंचायत में आते हैं। नगर पंचायत अध्यक्ष ने बताया कि शासन को पूर्व में जल निकास की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए 7 करोड़ 95 लाख रुपए के कुल 20 प्रस्तावों की कार्य योजना बोर्ड द्वारा अनुमोदित कर प्रेषित की गई है। उन्होंने नगर विकास राज्य मंत्री से उक्त कार्य योजना को मंजूरी दिलाए जाने की मांग की। उन्होंने नगर विकास से जुड़े कुछ अन्य बिंदुओं पर भी नगर विकास राज्यमंत्री का ध्यानाकर्षण किया।

## दिबियापुर नहर पुल पर भारी वाहनो पर डीएम ने लगाई रोक

**माधव संदेश/आकाश**

दिबियापुर औरैया (ब्यूरो)। अपनी मियाद से 160 साल अधिक पूरे कर चुके दिबियापुर नहर का पुल जर्जर हालत में है। पीडब्ल्यूडी की पहल पर अब जिला प्रशासन ने नहर पुल पर बड़े वाहनों का आवागमन पूरी तरह से प्रतिबंधित कर दिया है। शनिवार से इस पुल पर गाटर लगाकर बड़े वाहनों का प्रवेश रोका जा रहा है। इस संबंध में डीएम नेहा प्रकाश ने आदेश जारी कर दिए हैं। अंग्रेजी हुकूमत में बने दिबियापुर पुल अब 160 साल पुराना हो गया। नए पुल के निर्माण में कई विधिक पेंच भी हैं। लेकिन इस जर्जर पुल पर कभी भी हादसा हो सकता है। बिलराया पनवाड़ी राजमार्ग पर पड़ने वाले पुल से हर रोज करीब पांच हजार से अधिक छोटे बड़े वाहन गुजरते है। गिट्टी मौरम लोड ट्रकों की भी आवाजाही बनी रहती है। जिस कारण मियाद पूरी कर चुका यह कभी भी हादसा कर सकता है। ऐसे में डीएम नेहा प्रकाश ने इस पुल पर बड़े वाहनों का प्रवेश शनिवार से पूरी तरह से प्रतिबंधित करने का आदेश दिया है। इस संदर्भ में डीएम नेहा प्रकाश ने बताया की शनिवार से इस पुल पर बड़े वाहनों का प्रवेश वर्जित हो रहा है।वैकल्पिक मार्ग के रूप में औरैया एवं दिबियापुर से बेला बिधूना की ओर जाने वाले भारी वाहन औरैया फफूंद मार्ग, फफूंद आढल्दा मार्ग बिधूना बेला मार्ग दिबियापुर फफूंद मार्ग का प्रयोग करेंगे बेला से दिबियापुर व औरैया जाने वाले भारी वाहन सहायल लहरापुरा कंचौसी मार्ग व कंचौसी ककोर मार्ग का प्रयोग करेंगे। यह प्रतिबंध 22 जुलाई शनिवार से नए पुल के निर्माण कार्य होने तक जारी रहेगा।

## एक हजार वृक्ष लगाकर लिया पर्यावरण सुरक्षा का संकल्प प्रधान ने अपने कार्यकाल में अभी और पांच हजार वृक्ष लगाने का संकल्प लिया

**माधव संदेश/आकाश**




फफूंद,औरैया (ब्यूरो)। विकास खंड भाग्यनगर की ग्राम पंचायत कोठीपुर में शनिवार को प्रधान अमरेश पांडेय एडवोकेट व प्राथमिक विद्यालय के अध्यापक व आंगनबाड़ी कार्यकत्रियो व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के डाक्टर व ग्राम वासियों ने पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए ग्राम कोठीपुर में एक हजार वृक्ष रोपे और पर्यावरण सुरक्षा का संकल्प लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए वरिष्ठ समाजसेवी महेश्वरी गेस्ट हाउस के मालिक योगेश त्रिपाठी ने कहा कि आज पूरा विश्व क्लाइमेट चेंज की वजह से परेशान है कहीं बहुत अधिक वर्षा कहीं बहुत अधिक सूखा पहाड़ों का गिरना मानव जीवन पर खतरा बना हुआ है ।अगर हमें पर्यावरण को बचाना है मानव जीवन को सुरक्षित रखना है तो प्रत्येक व्यक्ति को वृक्ष लगाने होंगे हम सबको आज यह संकल्प लेने की जरूरत है कि हम सब मिलकर पर्यावरण को सुरक्षित एवं संरक्षित करेंगे ऐसा कोई भी कार्य नहीं करेंगे जिससे पर्यावरण को नुकसान पहुंचे नहीं तो आने वाली पीढ़ी हमें कभी माफ नहीं करेगी वहीं ग्राम प्रधान अमरेश पांडेय ने कहा कि हमें अपने कार्यकाल में कम से कम पांच हजार वृक्ष पालपोस कर बड़ा करने का संकल्प लिया।इस अवसर पर पूर्व माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य सुनील यादव, सहायक अध्यापक शिव प्रसाद वर्मा, सहायक अध्यापक किरण मिश्रा, प्राथमिक विद्यालय कोठीपुर के प्रधानाध्यापक राकेश राजपूत, सहायक अध्यापक दीक्षा गुप्ता, शिक्षामित्र रुनम मिश्रा, शिक्षा मित्र राजेश दोहरे,आंगनवाड़ी कार्यकर्ता प्रीति कठेरिया, सहायक प्रेमवती, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी अंकिता पाल, आशा किरण,पंचायत सहायक अलका सहित ग्राम पंचायत सदस्य अंबरीश शुक्ला, सुरेश दोहरे,मुखिया कठेरिया,अंजू दिवाकर, गुड्डी देवी कठेरिया,अनु कठेरिया, दशरथ कुशवाहा, सुनील तिवारी, एवं वरिष्ठ समाजसेवी अजय तिवारी, सफाई कर्मी दीपू एवं चौधरी बाल्मिक उपस्थित रहे।

## यातायात पुलिस एवं परिवहन विभाग द्वारा शांति देवी इण्टर कालेज पहाड़ी में छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों के सम्बन्ध में किया जागरूक



अनिल सिंह ब्यूरो चीफ़ माधव संदेश चित्रकूट- सड़क सुरक्षा पखवाडा 2023 के परिप्रेक्ष्य में आज दिनाँक-22.07.2023 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट वृंदा शुक्ला के निर्देशन में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट चक्रपाणि त्रिपाठी एवं क्षेत्राधिकारी यातायात शीतला प्रसाद पाण्डेय के पर्यवेक्षण में यातायात पुलिस एवं परिवहन विभाग द्वारा संयुक्त रूप से शांति देवी इण्टर कॉलेज बरेठी रोड पहाड़ी में प्रदेश में बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु यातायात जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया ।इस संगोष्ठी में छात्र/छात्राओं को यातायात नियमों के बारे में जानकारी दी एवं पालन करने हेतु बताया ।सभी से कहा गया कि अपने परिजनों से यातायात नियमों का पालन करने हेतु बताए तथा 02 पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग एवं चार पहुया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करने हेतु बताएं ।वाहन चलाते समय फोन का प्रयोग न करे बिना ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन न चलाए 18 वर्ष की आयु पूर्ण होने के पश्चात अपना ड्राइविंग लाइसेंस अवश्य बनवाये ।साइकिल व वाहन से स्कूल आते समय हमेशा अपने बायीं ओर चले एवं सावधीनपूर्वक वाहन चलाए ।इस दौरान पर कॉलेज के प्रधानाचार्य शिवबरन तिवारी, प्रबंधक सुशील कुमार सिंह, संस्थापक चुनकू राम पटेल, सहायक संभागीय अधिकारी विवेक शुक्ला, यात्री मालकर अधिकारी संतोष तिवारी, टीएसआई धर्मेश त्रिपाठी, टीएसआई शैलेंद्र सिंह, मुख्य आरक्षी यातायात देवेन्द्र राजपूत, मुख्य आरक्षी यातायात विनोद कुमार व अन्य शिक्षक स्टाफ कॉलेज के छात्र-छात्राओं मौजूद रहे ।

# बर्थडे,शादी की सालगिरह,बच्चों के जन्मदिन,पुण्यतिथि आदि के साथ अपनी अपनी स्मृतियों को जीवंत बनाए रखने के लिए भी पौधे रोपे नगर विकास राज्यमंत्री

### ग्रीन दिबियापुर अभियान में मंत्री ने रोपे पौधे*,*ग्रीन दिबियापुर अभियान चलाने की राज्यमंत्री ने चेयरमैन की तारीफ की

### इंदिरा नगर पार्क में हुआ वृहद पौधारोपण



**माधव संदेश/आकाश** दिबियापुर, औरैया (ब्यूरो)। ग्रीन दिबियापुर अभियान में शनिवार को प्रदेश के नगर विकास राज्य मंत्री राकेश कुमार राठौर गुरुजी ने लोगों को पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दिलाते हुए पौधे रोपे। उन्होंने बताया कि जहां पूरे प्रदेश में 35 करोड़ पौधे लगाए जा रहे हैं वहीं औरैया में भी 47 लाख से अधिक पौधे लग रहे हैं। उन्होंने ग्रीन दिबियापुर अभियान की सराहना करते हुए नागरिकों से इसमें भागीदारी की अपील की। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष राघव मिश्रा ने नगर विकास राज्यमंत्री राकेश कुमार राठौर , जिलाध्यक्ष श्रीराम मिश्रा, अपर जिला अधिकारी एम पी सिंह, उप जिलाधिकारी अखिलेश कुमार सिंह, डीएसपी प्रदीप कुमार का पट्टिका ओढ़ाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया। इस मौके पर नगर विकास राज्यमंत्री ने कहा कि लोगों को अपने बर्थडे, शादी की सालगिरह, बच्चों के जन्मदिन,पुण्यतिथि आदि के साथ अपनी अपनी स्मृतियों को जीवंत बनाए रखने के लिए भी पौधे रोपने चाहिए। नगर पंचायत अध्यक्ष राघव मिश्रा ने कहा कि ग्रीन दिबियापुर अभियान के अंतर्गत आम जनता की भागीदारी तय करते हुए पौधारोपण अभियान चलाया जा रहा है। प्रत्येक पौधे पर उसे गोद लेने वाले तथा उसे संरक्षित करने वाले व्यक्ति का नाम पता दर्ज किया जाएगा। पौधा, ट्री गार्ड, ऑर्गेनिक खाद मिट्टी आदि नगर पंचायत उपलब्ध कराएगी। कार्यक्रम में नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी विनय पांडे, पौधारोपण अभियान की ब्रांड एंबेसेडर छात्रा नेहा कुशवाहा, वरिष्ठ लिपिक नरेंद्र सिंह राजावत, इंदिरा नगर के सभासद राहुल दीक्षित, धर्मपाल सिंह, रवि, भाजपा जिला उपाध्यक्ष ललिता दिवाकर, चंद्रकांति मिश्रा, गिरीश तिवारी, मंडल उपाध्यक्ष सौरभ राजपूत, कैप्टन योगेश त्रिपाठी माधव राजपूत, श्रद्धा मनु चौहान, प्रधानाचार्य आरडी यादव ,प्रिंस खान, अमित तिवारी रवि, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष अजय पैराडाइज, व्यापारी नेता मनीष गुप्ता, रमापति त्रिपाठी आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे। इससे पहले नगर विकास राज्य मंत्री ने केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल परिसर में भी पौधारोपण किया।

## तेजस एक्सप्रेस से कटकर दो यात्रियों की मौत

**माधव संदेश/आकाश** औरैया (ब्यूरो)।बीती रात्रि कंचौसी रेलवे स्टेशन पर तेजस एक्सप्रेस से कटकर दो युवकों की मौत हो गई ।सूचना पर पहुंची जीआरपी ने जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।जानकारी के मुताबिक बीती रात्रि जीआरपी चौकी फफूंद प्रभारी जय किशोर गौतम को मेमो प्राप्त हुआ कि ट्रेन नंबर 82502 तेजस एक्सप्रेस से रेलवे स्टेशन कन्चौसी पर एमआरओ हो गए हैं मेमो की सूचना पर चौकी प्रभारी जय किशोर मय हमराह फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे तो पोल नंबर 1091/26 -28के मध्य कानपुर की ओर जाने वाली रेलवे लाइन के किनारे दो व्यक्तियों के शव क्षत-विक्षत हालत में पड़े हुए थे मौके पर पहुंचकर आसपास के व्यक्तियों को बुलाकर शवों की पहचान कराने का प्रयास किया गया तो किसी के द्वारा कोई पहचान नहीं की गई उपरोक्त घटना के संबंध में स्टेशन मास्टर कन्चौसी से ट्रेनों के बारे में जानकारी की स्टेशन मास्टर कन्चौसी के द्वारा बताया गया कि घटना के समय 15026 आनंद विहार मऊ एक्सप्रेस लाइन न0-1 पर खड़ी थी और तेजस एक्सप्रेस लाइन न0-2से पास हो रही थी दोनों व्यक्ति आनंद विहार मऊ एक्सप्रेस से उतरकर रेलवे लाइन के पर आ गए होंगे और ट्रेन नंबर 82502 तेजस एक्सप्रेस से एमआरओ हो गया है।चौकी प्रभारी ने कंट्रोल रूम के माध्यम से कानपुर और लखनऊ स्टेशनों पर ट्रेन के पहुंचने के समय एमआरओ की सूचना करवाई।कुछ समय बाद रामकरण पुत्र फूल सिंह निवासी ग्राम वाहपुर थाना जीयनपुर जनपद आजमगढ़ उपस्थित हुए जिनमें एक शव की पहचान अपने चचेरे भाई अनिल कुमार पुत्र रामशब्द निवासी ग्राम बहापुर थाना जीयनपुर जनपद आजमगढ़ उम्र 35 वर्ष के रूप में की जिन्होंने बताया कि मै तथा मेरा चचेरा भाई ट्रेन नंबर 15026 आनंद विहार मऊ एक्सप्रेस से आजमगढ़ जा रहे थे कन्चौसी रेलवे स्टेशन पर ट्रेन खड़ी होने पर मेरा चचेरा भाई अनिल कुमार नीचे उतर गया और पटरी पर खड़ा होकर आने जाने वाली ट्रेनों को देखने लगा उसी समय कानपुर की तरफ जा रही तेजस एक्सप्रेस की चपेट में आकर मृत्यु हो गई इतने में हमें पता लगी तो हमारी ट्रेन चल दी थी इसके बाद कानपुर उतर कर हम वापस आए हैं तथा दूसरा व्यक्ति भी हमारे साथ यात्रा कर रहा था जिसका दोस्त दीनानाथ पुत्र जबरू ग्राम भारतीया थाना मधुबन जिला मऊ उपस्थित हुआ जिस ने बताया कि दूसरा मृतक परमहंस पुत्र रामसूरत निवासी ग्राम गागेवीर थाना मधुबन जिला मऊ उम्र 30 वर्ष है दीनानाथ से पूछने पर बताया कि मैं तथा मेरा दोस्त मृतक परमहंस दोनों आनंद विहार से मऊ जा रहे थे और कन्चौसी स्टेशन पर जब ट्रेन खड़ी हो गई तो मेरा दोस्त परमहंस ट्रेन से नीचे उतर कर आने जाने वाली ट्रेनों को देखने लगा इतने में तेजस ट्रेन आ गई और चपेट में आकर मृत्यु हो गई है जब मुझे घटना की सूचना मिली तो ट्रेन चलती थी मैं तथा रामकरण दोनों कानपुर स्टेशन उतर कर वापस रेलवे स्टेशन फफूंद पर आए हैं दोनों के शव के पंचायतनामा की कार्यवाही नियमानुसार कर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया है ।

# हर्ष एवं गौरवमई क्षण पर एलएनटी का जीवनदायी संकल्प



**अनिल सिंह ब्यूरो चीफ़ माधव संदेश** चित्रकूट-

स्वास्थ्य सुविधाओं के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य के लिए प्रथम स्थान प्राप्त करने के शुभ अवसर पर चित्रकूट के मुख्य चिकित्सा अधिकारी भूपेश द्विवेदी को एलएनटी (लार्सन एंड टुब्रो) की टीम एवं प्रोजेक्ट मैनेजर जितेंद्र कुमार तिवारी ने शुभकामनाएं एवं बधाइयां दी। इस अवसर पर अपने सामाजिक सरोकार से संबंधित प्रयासों के लिए जानी जाने वाली चित्रकूट की लार्सन एंड टूब्रो लिमिटेड की टीम ने जिला चिकित्सालय के ब्लड की आवश्यकता को 3 महीने तक लगातार सहयोग प्रदान करने का बड़ा संकल्प लिया ।जिस पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी भूपेश द्विवेदी ने एलएनटी की पूरी टीम का आभार प्रकट किया एवं स्वास्थ्य क्षेत्र में भी कंपनी के सामाजिक सरोकार से जुड़े रहने को सराहा। गौरतलब है कि लार्सन एंड टूब्रो लिमिटेड की टीम लगातार इंजीनियरिंग के अपने कार्य क्षेत्र के साथ-साथ अन्य प्रमुख सामाजिक कार्यों में भी अपना सहयोग एवं प्रति भगिता बढ़-चढ़कर करती रही है और जिसकी प्रशंसा विभिन्न सामाजिक स्तरों से और गणमान्य लोगों से होती रही है। सरकार की इस जनकल्याणकारी कार्य योजना जल जीवन मिशन चित्रकूट के कार्य संस्था एलएनटी हेड जितेंद्र कुमार तिवारी ने बताया कि बहुत जल्द हमारी कार्य योजना धरातल पर जनमानस के उपयोग और उपभोग के लिए चालू हो जाएगी हमारी पूरी टीम हर स्तर से क्षेत्र व जनपद की जनमानस के सुख सुविधा को ध्यान में रखते हुए उपभोग के लिए चालू कर दी जाएगी। इस शुभ अवसर पर एलएनटी के प्रोजेक्ट हेड जितेंद्र कुमार तिवारी पुष्प गुच्छ देकर मुख्य चिकित्सा अधिकारी भूपेश द्विवेदी और उनकी टीम को बधाई और शुभकामनाएं दिया ।।

# एक दिवसीय जनपद स्तरीय संकुल शिक्षक कार्यशाला का आयोजन हुआ

### नगर विकास राज्यमंत्री,सदर विधायक व प्राचार्य ने शिक्षकों को किया संबोधित

### विद्यालय को निपुण बनाने पर हुई कार्यशाला

### 31 दिसम्बर तक स्कूलों को निपुण बनाएं शिक्षक संकुल-प्राचार्य



**माधव संदेश/आकाश** दिबियापुर,औरैया (ब्यूरो)। निपुण भारत मिशन के अंतर्गत प्राथमिक स्तरीय शिक्षक संकुलों की क्षमता संवर्धन हेतु गेल गाँव ऑटोडोरियम में एक दिवसीय जनपद स्तरीय संकुल शिक्षक कार्यशाला का आयोजन हुआ।कार्यशाला में नगर विकास मंत्री भी पहुंचे और उन्होंने सभी शिक्षकों को अपना ज्ञान बांटने की नसीहत की।डायट प्राचार्य की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में सदर विधायक, एडीएम, दिबियापुर चेयरमैंन, डिप्टी सीएमओ, सभी बीईओ व एसआरजी और एआरपी मौजूद रहे। शनिवार को गेल गाँव स्थित सरगम ऑटोडोरियम में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान अजीतमल के तत्वाधान में एक दिवसीय जनपद स्तरीय संकुल शिक्षक कार्यशाला हुई। डायट प्राचार्य गंगा सिंह राजपूत ने कार्यक्रम में पहुँचे नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर एवं सदर विधायक गुड़िया कठेरिया का बुके भेंट कर व स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया।नगर विकास राज्य मंत्री राकेश राठौर गुरु ने कहा कि उन्होंने अभावों में शिक्षा प्राप्त की और आज भी अपने समस्त गुरुजन का आदर करते हैं।उन्होंने कहा कि गुरु वह है जो अपना ज्ञान दूसरों को दे दे।उन्होंने कहा कि सरकार प्राथमिक शिक्षा के सुधार के लिए बहुत प्रयासरत है और इसका परिणाम अब दिख रहा है।सरकारी स्कूलों की दशा अब बहुत अच्छी है।डायट प्राचार्य ने सभी अतिथियों का अभिववादन करते हुए कहा कि निपुण भारत अभियान हेतु सभी शिक्षकों को जमीनी तौर पर कार्य करना होगा।वहीं सभी शिक्षक संकुल 31 दिसम्बर 2023 तक अपने स्कूल के छात्रों को भाषा गणित की निर्धारित दक्षताओं को हासिल कराकर स्कूलों को निपुण बनाएं।बीईओ जगदीश कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि निपुण लक्ष्य हेतु सभी शिक्षक मनोयोग से जुटकर कर्तव्यनिष्ठ हों जिससे उनके बच्चों का भविष्य स्वर्णिम हो सके।डिप्टी सीएमओ ने संचारी रोग अभियान एवं फाइलेरिया की जानकारी दी और अभियान में सभी शिक्षकों को सहयोग करने हेतु कहा।कार्यशाला में बीईओ अजय विक्रम सिंह, दाताराम, अवधेश सोनकर, उपेंद्र कुमार विश्वकर्मा,पुष्पेंद्र कुमार जैन व शिव सिंह ने शिक्षक संकुलों को क्षमता संवर्धन के बारे में बताया। एसआरजी सुनील दत्त ने दीक्षा एप के प्रयोग के बारे में विस्तृत जानकारी दी।एसआरजी अलका यादव ने निपुण विद्यालय को निपुण बनाने की कार्ययोजना पर चर्चा की।एसआरजी सुभाष रंजन दुबे ने आदर्श शिक्षक संकुल बैठकों हेतु जानकारी दी।कार्यक्रम का संचालन प्रीति त्रिपाठी ने किया।इस दौरान एडीएम अब्दुल वासित, सदर एसडीएम अखिलेश कुमार, ललिता दिवाकर भाजपा महिला मोर्चा उपाध्यक्ष व दिबियापुर चेयरमैन राघव मिश्रा,भाजयुमो जिला मीडिया प्रभारी अमित तिवारी रवि सहित समस्त शिक्षक संकुल मौजूद रहे।

## चौपला के अध्यक्ष चुने गए मनोज, चौबिया के संजय, बरालोकपुर सुधीर



इटावा। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल का सदस्यता अभियान जोरों पर चल रहा है इसी क्रम में जिला अध्यक्ष ने चौबिया चौपला बरालोकपुर मैं सदस्यता अभियान चलाकर वहां चुनाव भी कराया उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल जिला अध्यक्ष संतोष सिंह चौहान ने बताया कि प्रांतीय नेतृत्व के आव्हान पर पूरे जनपद में बृहद सदस्यता अभियान चलाकर इकाइयां गठित की जा रही है पूर्व में जनपद में संगठन की 111 इकाइयां गठित थी इस वर्ष पूरे जनपद में सदस्यता अभियान पूर्ण होते होते 121 इकाइयों का गठन किया जाना है इसी अभियान के तहत आज चौबिया मैं संजय यादव को अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह को महामंत्री व सुदेश राजपूत को कोषाध्यक्ष चुना गया चौपला में मनोज यादव को अध्यक्ष सुशील कुमार को महामंत्री सुनील कुमार को कोषाध्यक्ष चुना गया बरालोकपुर में सुधीर यादव को अध्यक्ष गौरव दुबे महामंत्री आनंद मनोहर कोषाध्यक्ष चुने गए व्यापारियों ने सभी चुने हुए अध्यक्ष महामंत्री कोषाध्यक्ष को फूल मालाओं से लादकर ढेर सारी बधाइयां दी हैं चुनाव कार्यक्रम के दौरान जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह चौहान मुन्ना आढतियां शहर अध्यक्ष ओम रतन कश्यप जिला मंत्री गगन त्रिपाठी बसरेहर अध्यक्ष नवीन यादव सहित क्षेत्र के तमाम व्यापारी उपस्थित रहे।

## हर्षोल्लास के साथ मनाया गया वृक्षारोपण कार्यक्रम



माधव संदेश /ब्यूरो चीफ जय सिंह यादव रायबरेली,22 जुलाई। वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत पौधारोपण संकल्प यात्रा शहर के सुपर मार्केट से चलकर प्रमुख चौराहों से गुजरी। इस यात्रा में स्कूली बच्चों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। सबसे पहले नोडल अधिकारी मनीषा त्रिघाटिया की अध्यक्षता में वृक्षारोपण अभियान की हुई शुरुआत सुपर मार्केट से हुई। बाल पौधारोपण भंडारे के अंतर्गत लोगों को पौधे बांटे गए। लोगों से ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने की अपील की गई। राजकीय इंटर कॉलेज में कार्यक्रम का समापन हुआ। इसके उपरांत नोडल अधिकारी, जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव, पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी ने पुलिस लाइन ग्राउंड मे वृक्षारोपण किया। इस दौरान जिले के आला अधिकारी और स्कूली बच्चे मौजूद थे। कार्यक्रम के उपरांत नोडल अधिकारी ने इंदिरा गांधी उद्यान और शहीद स्मारक में वृक्षारोपण किया गया। जिलाधिकारी ने भी कमपोजिट विद्यालय बेलीगंज में वृक्षारोपण किया और बच्चों को वृक्षों के महत्व के बारे में बताया।

## धरती को हरा भरा बनाये रखने वाले वृक्ष धरा की अनमोल धरोहर : महेंद्रनाथ सिंह

**माधव संदेश /क्राइम ब्यूरो दीपक राही**



रायबरेली ।आईटीआई दूरभाष नगर परिसर में मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण के जिला जज ने सभी कर्मचारियों के साथ पौधरोपण किया ।पौध रोपित करते हुए जिला जज पीठासीन अधिकारी महेंद्र नाथ सिंह ने कहा राष्ट्र के प्रत्येक नागरिक को प्रतिवर्ष कम से कम एक पेड़ लगाना चाहिए ।उन्होंने कहा कि धरती को हरा भरा बनाये रखने वाले वृक्ष ही इस धरा की सबसे अनमोल धरोहर हैं ।पर्यावरण को शुद्ध बनाए रखने में वृक्षों के अतुलनीय योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है ।पेड़ पौधों के बिना मानव जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती है ।दिनों दिन बढ़ते हुए प्रदूषण को रोकने के लिए सिर्फ अधिकाधिक पौधारोपण की एक मात्र विकल्प है ।इस मौके पर कार्यालय के सहायक लेखाकार राकेश बहादुर सिंह, पेशकार रामनरेश सिंह, अर्दली राम सिंह, अमित गौरव आदि लोग उपस्थित रहे ।

## जनपद के नोडल अधिकारी ने निरीक्षण कर जानी वृक्षोरोपण अभियान की जमीनी हकीकत



फिरोजाबाद। उ.प्र. सरकार के अपर मुख्य सचिव नागरिक सुरक्षा एवं राजनेतिक पेंशन विभाग तथा जनपद नोडल अधिकारी रजनीश गुप्ता ने शनिवार को जनपद में चलाए जा रहे वृक्षारोपण महाभियान का निरीक्षण किया। उन्होने जनपद के विभिन्न स्थलों का दौरा कर वृक्षारोपण की जमीनी स्थिति को जाना और स्वंय भी उन स्थलों पर पौधारोपित कर जनपदवासियों को वृक्ष लगाने का संदेश दिया। उन्होंने सबसे पहले ब्लॉक फिरोजाबाद के शंकरपुर वन ब्लॉक प्रथम पहुंचे। जहां 10 हैक्टेयर में वन विभाग द्वारा 16000 पौधेरोपित किए जा रहे थे। इसके बाद शंकरपुर के प्राथमिक विद्यालय, शंकरपुर वन ब्लॉक द्वितीय, आयुष वन चन्द्रवार, इन्द्रप्रस्थम कॉलोनी जलेसर रोड आदि का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी डॉ उज्ज्वल कुमार, नगर आयुक्त घनश्याम मीणा, प्रभागीय निदेशक वानिकी विकास नायक, क्षेत्रीय वन अधिकारी पुनीता यादव व प्रियंका, इन्द्रप्रस्थम कॉलोनी के अध्यक्ष सचिन बघेल, राजकुमार शर्मा, रमाकान्त यादव, जेपी यादव, हरी बाबू, हरीश वर्मा सहित इन्द्रप्रस्थम कॉलोनी के पदाधिकारी व राजकीय पॉलिटेक्निक इंजीनियरिंग के विद्यार्थी बडी संख्या में उपस्थित रहें।

## सड़क सुरक्षा पखवाड़ा विषय पर आयोजित हुई विभिन्न प्रतियोगिताऐं



फिरोजाबाद। सुदिति ग्लोबल अकादमी में सड़क सुरक्षा पखवाड़ा विषय पर विभिन्न प्रतियोगिताओं को आयोजन किया। छात्र-छात्राओं ने जागरूकता रैली निकाल लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। साथ ही नाटक के माध्यक्ष से सड़क सुरक्षा नियमों से अवगत कराया। सड़क सुरक्षा पखवाड़ा विषय के अंतर्गत कक्षा 9 के छात्र-छात्राओं ने पोस्टर के माध्यम से यातायात नियमों की जानकारी दी। कक्षा 11 एवं 12 वीं के छात्र-छात्राओं द्वारा लेखन के माध्यम से सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी दी गई। वही शनिवार को गतिविधि के रूप में विद्यालय में कक्षा प्ले ग्रुप से लेकर द्वितीय कक्षा तक क्ले मेकिंग कंपटीशन कराया गया। कक्षा तृतीय से लेकर आठवीं तक पेपर बैग मेकिंग कंपटीशन कराया गया। संस्थापक किताब सिंह ने सभी छात्रों को सड़क पर होने वाली दुर्घटनाओं के कारणों से अवगत कराया। प्रबंधक कुसुमवीर सिंह ने हेलमेट, सीट बेल्ट इत्यादि की आवश्यकता पर जोर दिया। प्रधानाचार्य कमल कौशिक ने छात्रों को सड़क सुरक्षा नियम की जानकारी दी।

## धूमधाम से जलसा जिक्रेशहीदे आज़म मनाया गया

इटावा। मुहिब्बाने हुसैन कमेटी की जानिब से दो मोहर्रम शरीफ मुताबिक 21 जुलाई बरोज़ जुमे को ईस्लामिया इण्टर कालेज में जलसा ज़िक्रे शहीदे आज़म मुनक़्क़ीद किया गया।जिसमें बरेली से तशरीफ़ लाये हज़रत अल्लामा व मौलाना पीरे तरीक़त अहसन रज़ा क़ादरी बरेली शरीफ जलवा अफ़रोज़ हुए। कमेटी के सदर मोहम्मद मुस्तक़ीम क़ादरी की सदारत में ये जलसा किया गया। इस दौरान जलसे का आगाज़ अलीगढ़ से तशरीफ़ लाये सैयद हैदर अली ने अपने नातिया कलाम से की।नाज़िम हुसैन बरेलवी ने स्टेज का संचालन कर खूब वाह वाही बटोरी। रामपुर से तशरीफ़ लाये हज़रत मौलाना गुलफाम रज़ा क़ादरी ने अपनी तक़रीर में कहा कि मुसलमान मोहर्रम शरीफ का एहतराम करे घरों में कुरआन खानी करवाये, रोजा रखे। आखिर में हज़रत मौलाना अहसान रज़ा क़ादरी ने वहाँ मौजूद सभी लोगो के लिए दुआ की और कुछ लोगो को बैत भी किया। इस प्रोग्राम में नायाब सदर मुमताज़ अहमद, सरपरस्त वसीम चौधरी, मौलाना शुएब अहमद नईमी, मौलाना वाजिद अली, मौलाना ज़ाहिद रज़ा क़ादरी, मौलाना उबैदुर्रहमन, मेम्बर शुऐब शालीमार, राशिद हुसैन पत्रकार, रुखसार अहमद, नाज़िम रज़ा उस्मानी रहीसुल हसन खेरी अब्दुल वाजिद अशरफी आदि मौजूद रहे।

## बुवाई का कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा

इटावा। जिला कृषि अधिकारी कुलदीप सिंह राणा ने बताया कि वर्तमान में अच्छी वर्षा होने के फलस्वरूप किसान भाइयों द्वारा खरीफ फसलों में धान की रोपाई एवं उड़दश् मूंग, तिल मूंगफली तथा बाजरा आदि की बुवाई का कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। सरकार एवं शासन की मंशा के अनुरूप कृषकों को समय से शुद्ध एवं निर्धारित दर पर कृषि निवेश उपलब्ध कराना आवश्यक है। इसी को दृष्टिगत रखते हुए किसान भाइयों की कृषि संबंधी समस्याओं के निराकरण हेतु जनपद स्तर पर कंट्रोल रूम की स्थापना विकास भवन में स्थित जिला कृषि अधिकारी के कार्यालय कक्ष संख्या 80 में की गई है। जिनका पदनाम वरिष्ठ प्राविधिक सहायक ग्रुप ए तथा मोबाइल नंबर 8630650013 है। किसान भाई अपनी समस्या के निराकरण हेतु कार्यालय समय में उक्त नंबर पर संपर्क कर सकते हैं।

## स्वयं सहायता समूह जुड़ेंगी सभी ग्रामीण गरीब परिवार की महिलाएं

इटावा। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा छूटे हुए निर्धन ग्रामीण परिवार के सदस्य को स्वयं सहायता समूह में जोड़ने के लिए सोशल मोबिलाइजेशन कैंपेन चलाए जा रहे है। प्रणता ऐश्वर्या मुख्य विकास अधिकारी के निर्देशन में जनपद इटावा से 24 दल में 120 महिलाओं को 45 दिवस हेतु जनपद इटावा से सीतापुर में स्वयं सहायता समूह गठन एवं प्रशिक्षण के लिए भेजा गया है।उन्होंने बताया कि समूह से जुड़ी ग्रामीण महिलाओं को भी रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है।इससे महिलाएं आर्थिक एवं सामाजिक रूप से सशक्त होंगी। सुधीर कुमार उपायुक्त उद्योग स्वरोजगार ने हरी झंडी दिखाकर दल को रवाना किया।उन्होंने कहा कि समस्त पात्र परिवारों को नियमानुसार समूह से जोड़ा जाना है। गरीबों द्वारा गरीबों की पहचान विधि से घर-घर जाकर चिन्हित करना है और वंचित परिवार की महिलाओं को समूह से जोड़ना है।जब महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त होगी तो देश का स्वतरू ही विकास होगा।डॉ नन्दकिशोर साह जिला मिशन प्रबंधक ने बताया कि जनपद में समूह गठन का लक्ष्य पूर्ण कर लिया गया है।अभी 26 टीम जनपद सीतापुर और हापुड़ भेजा जाना है।इस मौके पर जिला मिशन प्रबंधक सूर्य नारायण पांडेय, विप्लव भूषण संतोष कुशवाहा, दीपेंद्र सिंह तोमर, जितेश श्रीवास्तव, जनपद सीतापुर से ब्लॉक मिशन प्रबंधक धीरज मिश्रा, सीआरपी रंजना, प्रियंका रागनी सहित सभी आईसीआरपी महिलाएं मौजूद रहे।

# मणिपुर में महिलाओं को निर्वस्त्र घुमाने की घटना को लेकर कांग्रेसियों ने गांधी पार्क में किया उपवास



**फिरोजाबाद।** मणिपुर में महिलाओं के साथ ही शर्मनाक घटना को लेकर कांग्रेसियों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा के नीचे उपवास कर विरोध प्रकट किया। साथ ही भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा। कांग्रेसियों ने सरकार को बर्खास्त कर दोबारा चुनाव लड़ने की मांग उठाई। कांग्रेसियों ने कहा कि जो वैलेंटाइन डे पर डंडा लेकर पार्को में घूमते थे। वह इतनी बड़ी घटना होने के बाद कहां चले गए।

शनिवार को जिला व महानगर कांग्रेस कमेटी द्वारा गांधी पार्क स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा के नीचे उपवास कर विरोध प्रकट किया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष संदीप तिवारी व महानगर अध्यक्ष साजिद बेग ने कहा कि मणिपुर में हो रही हिंसा एवं महिलाओं के साथ अमानवीय व्यवहार के विरोध में आज प्रदेश अध्यक्ष बृजलाल खावरी के आह्वान गांधी पार्क में उपवास व कैंडिल मार्च का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि मणिपुर में महिलाओं के साथ जिस तरह का अमानवीय व्यवहार हो रहा है। उससे सभी लोगों की निगाहें शर्म से झुक गई हैं। तत्काल कांग्रेस पार्टी यह मांग करती है कि मणिपुर की सरकार को इस्तीफा देना चाहिए। पूर्व विधानसभा प्रत्याशी टूंडला एवं महिला अध्यक्ष योगेश दिवाकर ने कहा कि वैलेंटाइन डे पर आरएसएस और भाजपा के लोग पार्को पर नजर आने लगते हैं। वह अब नजर नहीं आ रहे। मणिपुर में महिलाओं को नग्नावस्था में दौड़ाने का मामला काफी गंभीर है। ऐसी सरकार को आप क्या नाम देंगे। जनता चाहती है कि वहां के मुख्यमंत्री को बर्खास्त कर नए सिरे से चुनाव कराया जाए। जिसकी सरकार में महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं। ऐसी सरकार को सत्ता में रहने का कोई अधिकार नहीं है। कांग्रेस नेता धर्म सिंह यादव ने कहा कि भाजपा महिलाओं को सम्मान देने की बात करती है लेकिन वास्तव में उसी की सरकार में महिलाओं का सबसे अधिक उत्पीड़न हो रहा है। दुष्कर्म के मामले सबसे अधिक भाजपा सरकार में ही सामने आ रहे हैं। दोषियों के खिलाफ अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी है। कांग्रेस मांग करती है कि इस जघन्य मामले में ठोस कार्रवाई की जाए। इस दौरान वकार खालिक, शफात खान राजू, हाजी नसीर अहमद, योगेश दिवाकर, चांद कुरेशी, मनोज भटेले, रामशंकर राजोरिया, मुरसलीन भाई, मुकेश गॉड, शमीम कुरेशी, जगदीश वाल्मीकि, हेमंत निषाद, विजय सिंह बघेल, मधु यादव, यश दुबे, मानसिंह दिवाकर, नुरुल हुदा लालाराईन गांधी, विकास, खजांची दिवाकर, अनिल जाटव, गिरजा यादव, मोना वार्ष्णेय आदि मौजूद रहे।

## पत्नी और प्रेमी के साथ चार आरोपी गिरफ्तार



फिरोजाबाद। कहा जाता है कि पति और पत्नी का रिश्ता सात जन्मों का होता है। लेकिन पत्नी ने इस रिश्ते को कलंकित कर दिया। अपने नाजायज रिश्ते को बचाने के लिए उसने अपने सात जन्मों तक साथ निभाने वाले पति की ही हत्या करवा दी। पुलिस ने पत्नी और उसके प्रेमी सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है।एसपी ग्रामीण रणविजय सिंह ने बताया कि थाना मक्खनपुर क्षेत्र के बिल्टीगढ देवजीत निवासी शशी ने पति विसमवीर सिंह के लापता होने की सूचना 9 जुलाई को थाने पर दी थी। जांच पड़ताल में पता चला कि विसमवीर तीन जुलाई से ही लापता था। छह दिन बाद गुमशुदगी की तहरीर थाने में दी गई थी। पुलिस ने युवक की तलाश की तो उसका शव थाना नारखी क्षेत्र में पड़ा मिला था। पुलिस की जांच पड़ताल में सामने आया कि मृतक की पत्नी के गांव के ही जितेन्द्र पुत्र विजय सिंह से अवैध संबंध थे। पूछताछ और जांच पड़ताल में स्पष्ट हो गया कि पत्नी ने ही अपने प्रेमी के साथ मिलकर पति की हत्या कराई है। पुलिस ने पत्नी और प्रेमी को हिरासत में लिया तो सबकुछ स्पष्ट हो गया। एसपी ग्रामीण ने बताया कि प्रेमी ने अपने साथी गुलशन उर्फ गुल्ला निवासी बिल्टीगढ़ देवजीत थाना मक्खनपुर तथा हिमांशु चौहान निवासी हलपुरा थाना मटसेना के साथ मिलकर विशमवीर की हत्या कर शव को फेंक दिया था। पुलिस ने चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। इस हत्या में बातचीत में प्रयुक्त किया गया मोबाइल भी पुलिस ने बरामद कर लिया।

# असम सरकार ने सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग पर लगाया प्रतिबंध



गुवाहाटी । असम सरकार ने प्रदेश में ?सिंगल यूज प्ला?स्टिक पर प्र?तिबंध लगाया है। यह प्र?तिबंध इस साल 2 अक्टूबर से लगेगा ?जिसमें 1 लीटर से कम की पॉलीथीन टेरेफ्थेलेट (पीईटी) से बनी पीने के पानी की बोतलों के उत्पादन और उपयोग पर प्रतिबंध रहेगा। असम सरकार ने इस साल 2 अक्टूबर से राज्य में सिंगल-यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाने की भी घोषणा की है। असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्वा सरमा की अध्यक्षता में गुवाहाटी के जनता भवन में आयोजित राज्य कैबिनेट की बैठक में यह फैसला लिया गया। बैठक के बाद सीएम सरमा ने मीडिया को मंत्रिमंडल के सभी फैसलों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। सीएम सरमा ने कहा कि राज्य कैबिनेट ने 1 लीटर से कम मात्रा वाली पीईटी से बनी पीने के पानी की बोतलों के उत्पादन और उपयोग पर प्रतिबंध लगाने और प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन (संशोधन) नियम, 2021 के अनुसार राज्य में सिंगल-यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध को सख्ती से लागू करने को मंजूरी दे दी है।

सरकार द्वारा यह प्रतिबंध इस साल 2 अक्टूबर से 3 महीने की संक्रमण अवधि के साथ प्रभावी होगा।' असम के सीएम सरमा ने कहा कि 'राज्य सरकार अगले साल 2 अक्टूबर से 2 लीटर से कम मात्रा वाली पीईटी से बनी पीने के पानी की बोतलों के उत्पादन और उपयोग पर भी प्रतिबंध लगाएगी। सीएम ने यह भी कहा ?कि बाढ़ मुक्त असम की कल्पना करते हुए राज्य मंत्रिमंडल ने 2097 करोड़ रुपये की लागत से एडीबी से सहायता हासिल 'जलवायु लचीला ब्रह्मपुत्र एकीकृत बाढ़ और नदी तट कटाव जोखिम प्रबंधन परियोजना' के लिए मंजूरी दे दी है।

# आपका एक पौधा पर्यावरण बचाने में साबित होगा मील का पत्थर-पर्यटन मंत्री

### -पर्यटन व संस्कृति मंत्री ने मेयर एवं डीएम-एसएसपी के संग पौधे रोपित कर वृक्षारोपण अभियान का किया शुभारम्भ



फिरोजाबाद। वन महोत्सव के तहत देश भर में पौधे रोपित किए जा रहे हैं। पौधरोपण अभियान में पहुंचे कैबिनेट मंत्री जयवीर सिंह ने लोगों से पौधे लगाने की अपील की। वन विभाग द्वारा 35 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। शनिवार को जिला मुख्यालय स्थित कस्तूरबा आवासीय विद्यालय पर उ.प्र. सरकार के पर्यटन एवं संस्कृत मंत्री जयवीर सिंह ने मेयर कामिनी राठौर, जिलाध्यक्ष वृन्दावन लाल गुप्ता, महानगर अध्यक्ष राकेश शंखवार, ब्लॉक प्रमुख फिरोजाबाद डॉ लक्ष्मी नारायण यादव, जिलाधिकारी डॉ उज्ज्वल कुमार एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आशीष तिवारी के साथ आयुष वाटिका में बरगद, पीपल, पाखल के पौधे रोपित कर जनपद में 42 लाख से अधिक पौधे लगाने के कार्य शुभारम्भ किया। इस अवसर कैबिनेट मंत्री ने कहा कि पूरे देश में वृक्षारोपण अभियान चल रहा है। पौधरोपण अभियान का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण को बचाना है। पर्यावरण तभी बच सकेगा जब हर व्यक्ति एक-एक पौधा लगाए और हरियाली बढ़ाने में अपना योगदान दे। पौधरोपण अभियान में स्कूलों के बच्चे और क्षेत्रवासियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। डीएम डा. उज्ज्वल कुमार ने कहा कि पौधरोपण अभियान के तहत जिले भर में पौधे लगाए जा रहे हैं। वन महोत्सव के तहत खाली स्थानों पर लगातार पौधे लगाए जा रहे हैं। एसएसपी आशीष तिवारी ने कहा कि पौधरोपण अभियान में पुलिस भी बढ़ चढ़कर भाग ले रही है। पुलिस मानव सेवा करने के साथ ही पर्यावरण बचाने के लिए काम कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रकृति को बचाना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है। इसके लिए अधिक से अधिक संख्या में पौधे लगाएं। कार्यक्रम का संचालन भगवान दास शंखवार ने किया। इस अवसर पर प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी विकास नायक, नगर आयुक्त घनश्याम मीणा, क्षेत्रीय वन अधिकारी पुनीता यादव सहित बडी संख्या में छात्र-छात्राऐं उपस्थित रहें।

# फ्लाइट का इमरजेंसी दरवाजा खोलने की को शिश में अमेरिकी शख्स गिरफ्तार



**बेंगलुरु ।एक अमे?रिकी शख्स को फ्लाइट के अमरजेंसी दरवाजे को खोलने के आरोप में ?गिरफ्तार ?किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आसमान में पैसेंजर्स की सांसे उस समय अटक गई जब एक यात्री ने इमरजेंसी दरवाजा खोलने की कोशिश की। दरअसल, पेरिस से बेंगलुरु के लिए उड़ान भरने वाले एक हवाई जहाज का इमरजेंसी दरवाजा खोलने की कोशिश करने वाले अमेरिका के एक 29 वर्षीय डेटा इंजीनियर को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान आंध्र प्रदेश के राजमुंदरी के मूल निवासी वेंकट मोहित पथिपति के रूप में हुई। वेंकट मोहित अमेरिकी किराना कंपनी में डेटा इंजीनियर के रूप में काम करते हैं। वह बेंगलुरु में अपनी चाची से मिलने के लिए वापस जा रहे थे। जानकारी के मुताबिक एयर फ्रांस के एक कर्मचारी ने केम्पेगौड़ा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। वहीं पुलिस ने वेंकट मोहित के खिलाफ एयरक्राफ्ट रूल्स-1937 और आईपीसी 336 के तहत एफआईआर दर्ज की हालांकि मोहित को थाने से जमानत पर छोड़ दिया गया। दरवाजा खोलने के पीछे कारण बताते हुए मोहित ने पुलिस को बताया कि 'मैं सिर्फ दरवाजे को खोलने और बंद करने की जांच कर रहा था।' सूत्रों के मुताबिक मोहित की हरकत से अन्य यात्री सकते में आ गए। जिसके बाद बेंगलुरु में विमान के एयरपोर्ट पर उतरने के तुरंत बाद एयर क्रू ने पुलिस को सूचना दी और उनसे मोहित को हिरासत में लेने को कहा।**

# महापौर ने नगर आयुक्त एवं भाजपा महानगर अध्यक्ष संग वृक्षारोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

### -दाऊदयाल स्पोर्टस स्टेडियम में खिलाड़ियों ने वृक्षारोपण कर पांच पौधों की रक्षा करने का लिया संकल्प



फिरोजाबाद। सुहागनगरी में 22 जुलाई को वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्कूल-कॉलेजों एवं सरकारी कार्यालयों में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।

शनिवार को नगर निगम महापौर कामिनी राठौर, नगर आयुक्त घनश्याम मीणा, महानगर अध्यक्ष राकेश शंखवार, पूर्व विधायक ओमप्रकाश वर्मा द्वारा लेबर कॉलोनी रामलीला ग्राउंड में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इसके बाद महापौर ने होमगार्डस कार्यालय परिसर में जिला कमांडेंट होमगार्ड विनोद कुमार झा सहित होमगार्ड जवानों के साथ वृक्षारोपण किया।

वहीं दाऊ दयाल स्पोर्ट्स स्टेडियम में खिलाड़ियों ने 250 पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान हर खिलाड़ी ने पांच पौधो की रक्षा करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में जिला क्रीड़ा अधिकारी राहुल चोपड़ा ने वृक्ष की उपयोगिता के बारे में खिलाड़ियों को बताया और उनसे क्या-क्या फायदे होंगे इसकी जानकारी दी। इस अवसर पर जिला एथलेटिक संघ के अध्यक्ष प्रदीप भारद्वाज, प्रशिक्षक अभिषेक यादव, निशांत खरे, शोभा गुप्ता, भोजराज आदि मौजूद रहे।

## एस.आर. के पीजी कॉलेज में 500 पौधो रोपे गये

वहीं एस.आर.के. (पी.जी.) कॉलेज में शनिवार को महावृक्षारोपण अभियान का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर प्रमोद कुमार सीरौठिया ने अशोक का पौधे रोपण कर किया। इस अवसर पर प्रोफेसर सीरौठिया ने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश में वृक्षारोपण अभियान 2023 को व्यापक जन सहभागिता के साथ संचालित किये जाने का आहवान किया गया है, जिसके तहत महाविद्यालय के प्रत्येक शिक्षक एवं कर्मचारी द्वारा पाँच-पाँच पौधों का रोपण कर उनकी सुरक्षा का भी संकल्प लिया गया है। इस दौरान नीम, अशोक, शीशम, अनार, अमरूद, पीपल, बर्गद, जामुन, बेल, कनक, चम्पा, बरगद, इमली, ऑवला, आदि के करीब 500 से अधिक पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम में प्रो. प्रभाष्कर राय, प्रो. रवि महेश्वरी, एम.ए. सिद्दीकी, पंकज भारद्वाज, सुबोध कुमार, व्योमेश यादव, प्रो. रश्मि जैन, प्रो. एबी चौबे, प्रो. एस.एम. शर्मा, प्रो. प्रशाना अग्रवाल, पवन तेनगुरिया, डॉ अमित कुमार शर्मा, डॉ नवीन कुमार लवानियाँ, डॉ आलोक प्रताप सिकरवार, कविता अग्रवाल, रितु शर्मा, पूनम तौमर आदि मौजूद रहे।

## उच्च प्राथमिक विद्यालय रहना नगर क्षेत्र में छात्राओं ने किया वृक्षारोपण

**फिरोजाबाद। उच्च प्राथमिक विद्यालय रहना में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की महानगर संयोजिका कल्पना राजौरिया, विशिष्ट अतिथि पार्षद राजेश यादव, शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं छात्राओ के अभिभावकों ने मिलकर अंजीर, बेलपत्र, कनेर, पीपल, बरगद, केला आदि के पेड़ लगाकर पर्यावरण संरक्षण में अपनी अहम भूमिका अदा की। कल्पना राजौरिया ने कहा कि अपनी पृथ्वी का आभूषण यही पेड़ पौधे हैं जो इसकी सुंदरता बढ़ाते हैं और हम को प्राणवायु देते हैं। अतः हमें वृक्ष लगाने के साथ ही इनकी समुचित देखभाल भी करनी चाहिए। इस दौरान प्रधानाध्यापक मुनीष कुमार शर्मा, वंदना मिश्रा, सविता यादव, पुष्पा शर्मा, प्रवीणलता वर्मा, शरद गुप्ता, अनीता सिंह, अखैराम सिंह आदि मौजूद रहे।**

# चौथा ऐशेज टेस्ट...99 पर नॉट आउट रहे जॉनी बेयरस्टो- इंग्लैंड 592 रन पर ऑल आउट

## ऑस्ट्रेलिया 162 रन से पीछे, स्कोर- 113/4



ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच ऐशेज सीरीज का चौथा टेस्ट मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड मैदान खेला जा रहा है। मैच के तीसरे दिन इंग्लैंड पहली पारी में 592 रन पर ऑल आउट हो गया। तीसरे दिन स्टंप्स तक ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में 4 विकेट खो कर 113 रन बना लिए हैं। मार्नस लाबुशेन (44) और मिचेल मार्श (1) दिन का खेल खत्म होने के बाद नॉट आउट रहे। पहली पारी में इंग्लैंड के जॉनी बेयरस्टो 99 रन बनाकर नॉट आउट रहे, उनके सामने टीम के आखिरी बैटर जेम्स एंडरसन एलबीडब्ल्यू हो गए। पहली पारी में जैक क्रॉले ने 189 रन की शानदार पारी खेली। ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 317 रन बनाए थे, इस तरह टीम अब भी दूसरी पारी में 162 रन पीछे हैं। इंग्लैंड के लिए पहली पारी में जैक क्रॉले ने 189 रन, जॉनी बेयरस्टो ने 99 रन, जो रूट ने 84 रन, हैरी ब्रूक ने 61 रन, मोईन अली ने 54 रन और बेन स्टोक्स ने 51 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया के जोस हेजलवुड ने सबसे ज्यादा पांच विकेट झटके। वहीं कैमरून ग्रीन और मिचेल स्टार्क दो-दो विकेट लिए। कप्तान पैट कमिंस का एक विकेट मिला।

### ऑस्ट्रेलिया टीम के ओपनर फिर फेल

तीसरे दिन का खेल खत्म होने से पहले ऑस्ट्रेलिया ने अपनी दूसरी पारी शुरू कर दी। टीम के ओपनर फिर फेल साबित हुए। उतरे डेविड वार्नर 28 रन और उस्मान ख्वाजा 18 रन बना कर पवेलियन लौटे। मार्नस लाबुशेन एक छोर पर टिके रहे, लेकिन दूसरे छोर पर स्टीव स्मिथ 17 और ट्रेविस हेड 1 रन बना कर आउट हो गए। स्मिथ पहली पारी की तरह ही दूसरी पारी में भी मार्क वुड का शिकार बने। मार्नस लाबुशेन (44) और मिचेल मार्श (1) नाबाद रहे और चौथे दिन का खेल आगे बढ़ाएंगे। इंग्लैंड के तेज गेंदबाज मार्क वुड को 3 विकेट मिले। वहीं, क्रिस वोक्स को एक सफलता मिली।ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच एशेज सीरीज का चौथा टेस्ट मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड मैदान खेला जा रहा है। चौथे दिन ऑस्ट्रेलिया 317 रन पर ऑलआउट हो गया। इंग्लैंड ने दूसरे दिन अपनी पहली पारी शुरू की और आक्रामक रुख जारी रखा। टीम ने 72 ओवर में ही 5.33 के रन रेट से 384 रन बना दिए। ओपनर जैक क्रॉले 93 गेंद पर शतक लगाया और दिन का खेल खत्म होने से पहले 189 रन बनाकर आउट हुए। । इंग्लैंड ने 4 ही विकेट गंवाए हैं और उन्हें 67 रन की बढ़त मिल चुकी है। बेन स्टोक्स 24 और हैरी ब्रूक 14 रन बनाकर दूसरे दिन का खेल खत्म होने के बाद नॉटआउट रहे।

### इंग्लैंड से 6 फिफ्टी प्लस स्कोर बने

इंग्लैंड के लिए पहली पारी में जैक क्रॉले ने 189 रन, जॉनी बेयरस्टो ने 99 रन, जो रूट ने 84 रन, हैरी ब्रूक ने 61 रन, मोईन अली ने 54 रन और बेन स्टोक्स ने 51 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया के जोस हेजलवुड ने सबसे ज्यादा पांच विकेट झटके। वहीं कैमरून ग्रीन और मिचेल स्टार्क दो-दो विकेट लिए। कप्तान पैट कमिंस का एक विकेट मिला।ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच ऐशेज सीरीज का चौथा टेस्ट मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड मैदान खेला जा रहा है।ऑस्ट्रेलिया 317 रन पर ऑलआउट हो गया।

## भारत पहुंचा फाइनल में, अब पाकिस्तान से खिताबी टक्कर

**मुंबई।** एसीसी मेंस इमर्जिंग टीम एशिया कप 2023 के दूसरे सेमीफाइनल में भारत ए ने बांग्लादेश ए को 51 रन से हरा दिया है। इसके साथ टीम ने फाइनल में जगह बना ली है, जहां उनका सामना पाकिस्तान से होगा। भारत-पाकिस्तान मैच 23 जुलाई को दोपहर 2 बजे से कोलंबो स्टेडियम में होगा। पाकिस्तान ए ने श्रीलंका को 60 रन से मता देकर फाइनल में प्रवेश किया है। वहीं मैच में भारत ने पहले बल्लेबाजी कर अपने सभी विकेट 49.1 ओवर में 211 रनों पर खो दिए थे। कप्तान यश डुल ने 85 गेंदों में सबसे ज्यादा 66 रन बनाए। इनके अलावा साई सुदरर्शन ने 21, अभिषेक शर्मा ने 34, निकन जोस ने 17, जबकि निशांत संधु ने 5 रन बनाए।

## विराट कोहली ने तोड़ा रिकॉर्ड, 29वां टेस्ट शतक किया पूरा

**नई दिल्ली।** बल्लेबाज विराट कोहली ने शुक्रवार को अपना ही रिकार्ड तोड़ते हुए वेस्टइंडीज के खिलाफ अंतिम टेस्ट की पहली पारी के दौरान 29वां टेस्ट शतक पूरा किया। गौरतलब है कि कोहली ने विदेशी सरजमीं पर अपना आखिरी शतक दिसंबर 2018 में पर्थ में लगाकर विदेशी टेस्ट शतक का लगभग पांच साल का इंतजार खत्म किया। यह कोहली का कुल मिलाकर 76वां अंतरराष्ट्रीय शतक है। वह सचिन तेंदुलकर के महान रिकॉर्ड 100 शतक के और भी रिकॉर्ड के करीब पहुंच गए हैं।

## पाकिस्तान टीम के मुख्य चयनकर्ता बन सकते हैं हफीज

**कराची।** पाकिस्तान के पूर्व कप्तान और ऑलराउंडर मोहम्मद हफीज राष्ट्रीय टीम के मुख्य चयनकर्ता बनने की दौड़ में सबसे आगे चल रहे हैं। श्रीलंका के मौजूदा दौरे के समाप्त होने के बाद उन्हें मुख्य चयनकर्ता नियुक्त किया जा सकता है। सूत्रों की मानें तब हफीज पाक क्रिकेट बोर्ड की क्रिकेट प्रबंधन समिति के नए चेयरमैन जका अशरफ ने उन्हें मुख्य चयनकर्ता नियुक्त करना चाहते हैं, यह पद जून से खाली पड़ा है। अशरफ ने इस मामले पर हफीज से मुलाकात भी की है। वह इस जिम्मेदारी को भी लेना चाहते हैं। सूत्र ने कहा, 'जका ने पूर्व कप्तान राशिद लतीफ और हफीज से मुलाकात की और उनसे मुख्य चनकर्ता बनने के बारे में बात की। लेकिन हफीज ने इस पद के लिए अपनी उपलब्धता जाहिर की थी।

## भारत-पाक मैच के लिए हॉस्पिटल के रूम बुक कर रहे लोग

अहमदाबाद में होटल का किराया 70 हजार तक पहुंचा; 15 अक्टूबर को मुकाबला

**अहमदाबाद।** भारत और पाकिस्तान की टीमें आखिरी टी-20 वर्ल्ड कप में भिड़ी थीं। इस मुकाबले को भारत ने 4 विकेट से जीता था। तस्वीर उसी मैच से पहले की है। भारत और पाकिस्तान की टीमें आखिरी टी-20 वर्ल्ड कप में भिड़ी थीं। इस मुकाबले को भारत ने 4 विकेट से जीता था। तस्वीर उसी मैच से पहले की है। ारत और पाकिस्तान के बीच 15 अक्टूबर को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में क्रिकेट वर्ल्ड कप का महामुकाबला होगा। जैसे-जैसे महामुकाबले की घड़ी नजदीक आ रही है, वैसे-वैसे शहर में होटलों का किराया आसमान छू रहा है। एक दिन के लिए होटल का कमरा 50 हजार से 70 हजार रुपए तक में मिलने लगा है। रिकॉर्ड किराये को देखते हुए देश-विदेश से आने वाले लोगों ने अनोखा जुगाड़ निकाला है। वे महंगे होटलों की जगह अस्पतालों में कमरे बुक कर रहे हैं। क्योंकि, यहां किफायती दाम में उन्हें कमरे के साथ खाना भी मिल रहा है।

### फुल बॉडी चेकअप के बहाने रूम बुक कर रहे लोग

अहमदाबाद के ही एक हॉस्पिटल के डॉ. पारस शाह बताते हैं कि लोग हॉस्पिटल में फुल बॉडी चेकअप के



बहाने एक या दो रात के लिए कमरे बुक कर रहे हैं। शाह ने कहा- 'ज्यादातर एनआरआई मुंहमांगे दाम पर डीलक्स से लेकर सुइट रूम बुक कर रहे हैं।' रिपोर्ट बताती हैं कि अहमदाबाद में होटल का किराया 20 गुना तक बढ़ गया है। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में भारत-पाकिस्तान के बीच 15 अक्टूबर को वर्ल्ड कप मैच होगा। अहमदाबाद में टूर्नामेंट का ओपनिंग और फाइनल मैच भी होगा। ज्यादातर होटलों में 15 अक्टूबर के लिए कमरा खाली नहीं है।

# रेसलिंग ट्रायल्स...अंतिम पंघल तीसरे राउंड में हारीं- भतेरी ने 12-6 से हराया; मानसी ने सरिता मोर को 9-6 से मात दी





**नई दिल्ली।** एशियन गेम्स के लिए रेसलिंग के ओपन ट्रायल्स शुरू हो चुके हैं। नई दिल्ली के इंदिरा गांधी स्टेडियम में बने केडी जाधव रेसलिंग कॉम्प्लेक्स में विमेंस और मेंस रेसलर्स के ट्रायल्स जारी हैं। अंतिम पंघल को 53 किग्रा वेट कैटेगरी के तीसरे राउंड में हार का सामना करना पड़ा। उन्हें भतेरी ने 12-6 से हराया। अंतिम को पहले राउंड में बाई मिला था। दूसरे राउंड में उन्होंने तमन्ना को 7-2- से हराया था। अंतिम पंघल और विनेश फोगाट 53 किग्रा वेट कैटेगरी में आती हैं। विनेश को एशियन गेम्स में सीधे एंट्री मिली है, अंतिम इसी बात का विरोध करने के लिए कोर्ट पहुंच गई। इस मामले की सुनवाई भी आज ही होगी। मानसी ने 57 किग्रा वेट कैटेगरी में सरिता मोर को 9-6 से हराया। पहले राउंड में सरिता मोर ने अंशु मलिक को 6-4 से हराया था। वहीं 62 किग्रा वेट कैटेगरी में सोनम मलिक अगले राउंड में पहुंच गई हैं। अंशु ने 2021 की वर्ल्ड रेसलिंग चैम्पियनशिप में सिल्वर मेडल जीता था। इसी चैम्पियनशिप में सरिता ने 2022 में ब्रॉन्ज जीता था।

# सात्विक रेड्डी - चिराग शेट्टी की जोड़ी फाइनल में- डिफेंडिंग चैंपियन को सीधे गेमों में हराया



**नई दिल्ली।** भारतीय जोड़ी ने डिफेंडिंग चैंपियन चाइनीज जोड़ी वेइ केंग लिआंग-चंग वांग को सीधे गेमों में हराया। भारतीय जोड़ी ने दूसरी सीड चाइनीज जोड़ी को 21-15, 24-22 से हराया। अब तक खेले गए तीन मैचों में यह पहला मौका है जब सात्विक-चिराग की जोड़ी ने वे केंग और वांग चांग की जोड़ी को हराया है। भारतीय जोड़ी ने इस साल अपने तीसरे बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर के फाइनल में जगह बनाई है। सात्विक-चिराग की जोड़ी ने सेमीफाइनल में जापान के ताकुरो होकी और यूगो कोबायाशी की जोड़ी को सीधे गेम में 21-14, 21-17 से हराया था। यह मुकाबला 40 मिनट चला था। भारतीय जोड़ी ने पहले गेम को जीत कर मुकाबले की शानदार शुरुआत की। सात्विक-चिराग की जोड़ी ने पहला गेम 21-14 से जीता। भारतीय जोड़ी ने दूसरे गेम की शुरुआत भी आक्रामक अंदाज में किया। रोमांचक गेम में भारतीय शटलरों ने चीन की जोड़ी को 24-22 से हराकर फाइनल में अपनी जगह पक्का किया। किदांबी श्रीकांत जैसे शेष भारतीय खिलाड़ी पहले ही टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं।

# विराट कोहली 500वें इंटरनेशनल मैच में शतक लगाने वाले पहले बैटर- सबसे तेज 76 शतक लगाए





**नई दिल्ली।** भारत-वेस्टइंडीज के बीच दूसरे टेस्ट का दूसरा दिन विराट कोहली के रिकॉर्ड्स के नाम रहा। कोहली ने ऑल टाइम ग्रेट बैटर सर डॉनाल्ड ब्रैडमैन के टेस्ट शतकों के रिकॉर्ड की बराबरी की। वह 500वें इंटरनेशनल मैच में शतक लगाने वाले पहले बैटर बने और सबसे तेज 76 इंटरनेशनल शतक लगाने वाले खिलाड़ी भी बने। उन्होंने सचिन तेंदुलकर को पीछे छोड़ा। पोर्ट ऑफ स्पेन में जारी मुकाबले में कोहली ने 121 रन की पारी खेली। उनकी पारी के दम पर टीम इंडिया ने 400 रन का आंकड़ा पार किया और वेस्टइंडीज पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली। कोहली करियर के 500वें मैच में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बैटर बने हैं। उन्होंने 121 रन की पारी खेली। इतना ही नहीं, कोहली 500वें मैच में शतक जमाने वाले पहले खिलाड़ी बने। उनसे पहले अब तक कोई खिलाड़ी अपने 500वें मैच में अर्धशतक भी नहीं लगा सका था। कोहली के बाद कुमार संगाकारा ने 500वें मैच में 48 रन बनाए थे। श्रीलंकाई बल्लेबाज ने मार्च 2013 में बांग्लादेश के खिलाफ वनडे मैच में यह पारी खेली थी। कोहली 500 इंटरनेशनल मैच में सबसे ज्यादा सेंचुरी जमाने वाले बल्लेबाज बन गए। उन्होंने दिग्गज सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड तोड़ा। कोहली के 76 शतक हो गए, जबकि सचिन तेंदुलकर ने 500 मैच तक 75 शतक लगाए थे। इंटरनेशनल क्रिकेट में विराट से ज्यादा शतक सिर्फ सचिन तेंदुलकर (100 शतक) ने ही लगाए हैं। इसके लिए उन्होंने 664 इंटरनेशनल मैच खेले। वेस्टइंडीज के खिलाफ शतक जमाने के मामले में भी विराट कोहली ने रिकॉर्ड बनाया। विराट ने विंडीज के खिलाफ 12वां इंटरनेशनल शतक लगाया और साउथ अफ्रीका के लीजेंडरी ऑलराउंडर जैक कैलिस की बराबरी की। इंटरनेशनल क्रिकेट में वेस्टइंडीज के खिलाफ सबसे ज्यादा शतक जमाने का रिकॉर्ड सुनील गावस्कर के नाम है। गावस्कर ने वेस्टइंडीज के खिलाफ 13 शतक लगाए हैं। कोहली ने टेस्ट शतकों के मामले में ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज बल्लेबाज डॉन ब्रैडमैन की बराबरी कर ली है। उन्होंने 29वां शतक लगाया। ब्रैडमैन ने 52 टेस्ट में 29 शतक लगाए थे। सबसे ज्यादा टेस्ट शतक के मामले में विराट 16वें नंबर और भारतीय बैटर्स में चौथे नंबर पर हैं। भारतीयों में विराट से ज्यादा टेस्ट शतक सचिन (51 शतक), राहुल द्रविड़ (36 शतक) और सुनील गावसकर (34 शतक) ने ही लगाए हैं।

**पोर्ट ऑफ स्पेन में जारी मुकाबले में कोहली ने 121 रन की पारी खेली**



# स्पैम मैसेज रोकने के लिए डीएम पर लिमिट लगाएगा ट्विटर- ब्लू-टिक वेरिफाइड यूजर ही कर पाएंगे मैसेज शेयर, इसके देने होंगे पैसे



**नई दिल्ली।** ट्विटर ने अपने प्लेटफॉर्म पर एक और बदलाव करने का ऐलान किया है। कंपनी ने डायरेक्ट मैसेज से संबंधित एक बड़ा फैसला लेते हुए कहा है कि स्पैम मैसेज को रोकने के लिए अन-वेरिफाइड अकाउंट से भेजे जाने वाले छ्वरूकी लिमीट को अब कम किया जाएगा। इस फैसले के बाद यूजर्स को एक लिमिट के बाद और मैसेज करने के लिए कंपनी का ब्लू-टिक वेरिफाइड यूजर बनना पड़ेगा और इसके लिए फीस भी चुकानी पड़ेगी। ट्विटर के इस फैसले को उसकी कमाई बढ़ाने के उपाय के रूप में देखा जा रहा है। कंपनी ने अभी यह नहीं बताया है कि डेली डीएम की लिमिट क्या होगी। कंपनी ने सैकड़ों लोगों को नौकरी से निकाल दिया और कई लोगों ने खुद ही कंपनी छोड़ दी है।

### मैसेज भेजने के लिए भी देने होंगे पैसे

ट्विटर पर आप जिन लोगों को फॉलो नहीं करते उन्हें अब मैसेज नहीं भेज पाएंगे। इसका मतलब है कि जिन यूजर्स ने पहले हर यूजर्स से डायरेक्ट मैसेज रिसीव करने का ऑप्शन चुना था और इसके लिए पैसे चुका रहे हैं, वहीं यूजर्स अब छ्वरूकी सुविधा का लाभ उठा पाएंगे। कंपनी ने कहा है कि वह यूजर मैनुअल फिर से लेकर आएगी ताकि जिन यूजर्स ने अब तक इस सुविधा को नहीं लिया है, उन्हें सेटिंग में ऑप्शन चुनने की इजाजत दी जा सके। इसका टेस्ट जून 2023 में शुरू किया गया था। 22 जुलाई को कंपनी ने बताया कि इस फैसले से पिछले एक हफ्ते में स्पैम मैसेज में 70 प्रतिशत तक कमी आई है।

### दोगुना बढ़ेगी रीच

19 जुलाई को ट्विटर वेरिफाइड ने भी एक ट्वीट में बताया था, 'क्या आप जानते हैं? एफिलिएटेड अकाउंट वाली वेरिफाइड संस्थाओं को ट्विटर पर अब दोगुना रीच मिलेगी।' वेरिफाइड अकाउंट्स वाली संस्थाएं अब अपने बिजनेस आइडिया के साथ कस्टमर्स तक पहुंच पाएंगी। इसको री-ट्वीट करते हुए ट्विटर के मालिक एलन मस्क ने कहा, 'नकली पहचान और झूठी ऑर्गेनाइजेशन एफिलिएशन से बचने के लिए कंपनियों के लिए साइन अप करना जरूरी है।' इससे पहले, एलन मस्क की कंपनी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर देखे जाने वाले डेली ट्वीट की संख्या को लिमिट कर दिया था। स्क्रैपिंग को रोकने के लिए यह फैसला जरूरी था।

## जुलाई- अगस्त में 6 फीसदी से अधिक रह सकती है मुद्रास्फीतिः नोमुरा



**मुंबई।** जापानी ब्रोकरेज फर्म नोमुरा ने कहा कि जुलाई और अगस्त के महीनों में सब्जियों की कीमतों के आसमान छूने से खुदरा मुद्रास्फीति के एक बार फिर छह प्रतिशत के ऊपर पहुंच जाने की उम्मीद है। अगर ऐसा होता है तो यह रिजर्व बैंक के मुद्रास्फीति के संतोषजनक स्तर से अधिक होगा। सरकार ने रिजर्व बैंक को खुदरा मुद्रास्फीति दो प्रतिशत घट-बढ़ के साथ चार प्रतिशत तक सीमित रखने का दायित्व सौंपा हुआ है। नोमुरा ने अपनी टिप्पणी में कहा कि सब्जियों के दाम चढ़ने से सजग हुई सरकार खाद्य उत्पादों की आपूर्ति सुधारने के लिए कई कदम उठा सकती है। एक दिन पहले ही सरकार ने गैर-बासमती सफेद चावल के निर्यात पर रोक लगाई है। नोमुरा ने कहा कि जुलाई और अगस्त में खुदरा मुद्रास्फीति के छह प्रतिशत से अधिक रहने के आसार हैं।

## जियो प्लेटफार्म का मुनाफा 12.5 प्रतिशत बढ़ा




**नई दिल्ली।** रिलायंस समूह की डिजिटल सेवा कंपनी जियो प्लेटफॉर्म्स का अप्रैल-जून तिमाही में ग्राहक आधार बढ़ने और बेहतर औसत राजस्व मिलने से मुनाफा सालाना आधार पर 12.5 प्रतिशत बढ़कर 5,098 करोड़ रुपए हो गया। एक साल पहले की समान तिमाही में जियो प्लेटफॉर्म्स का मुनाफा 4,530 करोड़ रुपए रहा था। जियो प्लेटफॉर्म्स में रिलायंस की दूरसंचार इकाई जियो इन्फोकॉम कुछ स्टार्टअप और संगीत एवं वीडियो स्ट्रीमिंग ऐप शामिल हैं। हाल ही में घोषित तिमाही नतीजों के मुताबिक अप्रैल-जून की अवधि में इसकी परिचालन आय 11.3 प्रतिशत बढ़कर 26,115 करोड़ रुपए हो गई जबकि साल भर पहले की समान अवधि में यह 23,467 करोड़ रुपए थी। इस तिमाही में 90 लाख ग्राहक जुड़े और कुल डेटा ट्रैफिक 28 प्रतिशत बढ़कर 33.2 अरब गीगाबाइट हो गया। प्रति ग्राहक औसत राजस्व भी जून तिमाही में 2.8 प्रतिशत बढ़कर 180.5 रुपए हो गया। रिलायंस जियो इन्फोकॉम के चेयरमैन आकाश अंबानी ने कहा कि जियो अपने ट्रू5जी नेटवर्क के विस्तार में तीव्र प्रगति कर रहा है। जियो इस साल दिसंबर के पहले ही देश भर में 5जी नेटवर्क खड़ा करने की राह पर अग्रसर है। जियो प्लेटफॉर्म्स में रिलायंस की दूरसंचार इकाई जियो इन्फोकॉम, कुछ स्टार्टअप और संगीत एवं वीडियो स्ट्रीमिंग ऐप शामिल हैं।

## सबसे तेजी से वृद्धि कर रहे हाइपर–वैल्यू ई– कॉमर्स प्लेटफॉर्म शॉप्सी ने अपने प्लेटफॉर्म पर लॉन्च किया सुपरक्वाइन




**नई दिल्ली।** देश के सबसे तेजी से वृद्धि कर रहे हाइपर-वैल्यू ई-कॉमर्स प्लेटफॅार्म शॉप्सी ने अपने प्लेटफॅार्म पर सुपरक्वाइन रिवॉर्ड प्रोग्राम लॉन्च किया है ग्राहक अब शॉप्सी फ्लिपकार्ट मिंत्रा और क्लियरट्रिप पर सुपरक्वाइन पा सकते हैं और उन्हें रिडीम भी कर सकते हैं शॉप्सी की कोशिश इस कार्यक्रम के माध्यम से देश भर में रहने वाले लाखों नए ग्राहकों को अपने साथ जोड़ने और उन्हें बनाए रखने की है फ्लिपकार्ट द्वारा तैयार किए गए इन अनोखे रिवॉर्ड ईकोसिस्टम को ग्राहकों को लाभ देने के लिए डिजाइन किया गया है जहां उपयोगकर्ता हर 100 रुपये खर्च करने पर 1 सुपरक्वाइन पा सकते हैं रिडीम करते समय हर सुपरक्वाइन की कीमत 1 रुपये होगी और इन्हें अगले ऑर्डर्स के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है। इस तरह किफायत चाहने वाले ग्राहकों को हर खरीदारी पर ज्यादा बचत करने का मौका मिलेगा। शॉप्सी पर सुपरक्वाइन लॉन्च होने के बारे में कपिल थिरानी प्रमुख शॉप्सी फ्लिपकार्ट ने कहा शॉप्सी में हम सबसे ज्यादा महत्व अपने ग्राहकों को लाभ पहुंचाने को देते हैं और मुझे शॉप्सी प्लेटफॅार्म पर सुपरक्वाइन लॉन्च करने की घोषणा करते हुए बेहद खुशी हो रही है। इस रिवॉर्ड प्रोग्राम को पूरे फ्लिपकार्ट ईकोसिस्टम में ग्राहकों ने काफी पसंद किया है। ग्राहकों को रिवॉर्ड प्रोग्राम के फायदों का आनंद लेने और इन्हें रिडीम करने का मौका देने के अलावा, यह प्रोग्राम हमें ग्राहकों के साथ मजबूत और गहरे संबंध बनाने में भी मदद करेगा, ताकि वे हमारे साथ जुडेक रहें। यह प्रोग्राम शॉप्सी पर खरीदारी करने वाले ग्राहकों तक लाभ पहुंचाने के हमारे निरंतर प्रयासों का प्रमाण है। सुपरक्वाइन को शॉप्सी, फ्लिपकार्ट, मिंत्रा और क्लियरट्रिप पर इस्तेमाल किया जा सकता है। ग्राहकों को अपने रजिस्टर्ड फ्लिपकार्ट नंबर से साइन इन करना होगा और वे अपने खाते को जोड़कर अपनी पसंद के प्लेटफॅार्म पर अपना सुपरक्वाइन बैलेंस देख सकते हैं और उसे इस्तेमाल भी कर सकते हैं। ग्राहक नीचे बताए गए चरणों का पालन करके शॉप्सी पर अपने सुपरक्वाइन रिडीम कर सकते हैंरू पहला चरणरू वह प्रोडक्ट चुनें जिसे वह खरीदना चाहते हैं और उसे कार्ट में जोड़ें, दूसरा चरणरू चेकआउट पर जाएं और टॉगल बटन का इस्तेमाल करके सही सुपरक्वाइन चुनें, तीसरा चरणरू भुगतान करने के पेज पर जाएं और कैश ऑन डिलीवरीध्भुगतान का मनचाहा मोड सुपरक्वाइन इस्तेमाल करके ऑर्डर करें, चौथा चरणरू ऑर्डर करने के बाद और सुपरक्वाइन पाएं और आनंद लें! सुपरक्वाइन के बारे में ज्यादा जानने और मल्टी-ब्रैंड रिवॉर्ड ईकोसिस्टम के माध्यम से रिडीम करने के लिए जरूरी चरणों को समझने के लिए सुपरक्वाइन।

## 6 महीने में 87 हजार भारतीयों ने छोड़ी नागरिकता

# सबसे ज्यादा लोग अमेरिका गए; सरकार बोली- प्रवासी भारतीयों से बेहतर संबंध बना रहे



**नई दिल्ली।** इस साल जून तक भारत से 87 हजार लोग अपनी नागरिकता छोड़ चुके हैं। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने संसद में मानसून सत्र के दौरान ये जानकारी दी। संसद को दिए एक लिखित जवाब में जयशंकर ने कहा- 2011 से लेकर अब तक साढ़े 17 लाख लोग भारतीय नागरिकता छोड़ चुके हैं। इनमें से सबसे ज्यादा लोग अमेरिका जाते हैं। दरअसल, लोकसभा सांसद पी चिंदबरम ने विदेशी मंत्री से सवाल किया था कि पिछले तीन सालों में कितने भारतीयों ने नागरिकता छोड़ी है? इस के बाद उन्होंने किन देशों की नागरिकता हासिल की और क्या नागरिकता छोड़ने वालों की संख्या 12 सालों में सबसे ज्यादा है?

### एस जयशंकर- ग्लोबल वर्कप्लेस की तलाश कर रहे भारतीय

इस पर जयशंकर ने बताया- पिछले दो दशकों में बड़ी संख्या में भारतीय ग्लोबल वर्कप्लेस की तलाश करते रहे हैं। इनमें से कई लोगों ने अपनी सुविधा के लिए दूसरे देशों की नागरिकता ली। विदेश मंत्री ने बताया कि 2020 में 85 हजार, 2021 में 1.63 लाख और 2022 में 2.25 भारतीयों ने नागरिकता छोड़ी थी। उन्होंने कहा कि सरकार ने इस मामले में संज्ञान लिया है और मेक इन इंडिया के तहत कई ऐसे प्रयास किए हैं, जिससे देश में रहते हुए ही नागरिकों की प्रतिभा को निखारा जा सके। सरकार ने स्किल और स्टार्टअप्स को भी बढ़ावा दिया है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा- विदेश में मौजूद भारतीय समुदाय हमारी संपत्ति है।

# कनाडा में चीन की मदद करने वाला रिटायर्ड पुलिसकर्मी गिरफ्तार- जासूसी और साजिश रचने के आरोप लगे; ड्रैगन के नाम पर लोगों को डराया



**ओटावा।** कनाडा ने अपने एक रिटायर्ड पुलिस ऑफिसर को गिरफ्तार किया है। 60 वर्षीय रिटायर्ड पुलिस ऑफिसर पर आरोप है कि वह अवैध तरीके से चीन की मदद कर रहा था। मामले की जांच 2021 में शुरू हुई थी। रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस (आरसीएमपी) ने बताया कि गिरफ्तार पुलिस ऑफिसर का नाम विलियम मैजशर है और वह मूल रूप से हांगकांग का है। मैजशर पर आरोप लगे हैं कि उसने अपनी जानकारी और नेटवर्क का इस्तेमाल कर चीन को फायदा पहुंचाने वाली खुफिया जानकारी इकट्ठा की। पुलिस ने बताया है कि मैजशर के खिलाफ सूचना सुरक्षा कानून और विदेशी संगठन के लिए जासूसी और साजिश रचने के मामलों में केस दर्ज किया गया है।

### कनाडा के लोगों को धमकी देता था रिटायर्ड पुलिस ऑफिसर

मैजशर की इन संदिग्ध गतिविधियों को लेकर 2021 में जांच बिठाई गई थी। आरोप है कि इस रिटायर्ड ऑफिसर ने कनाडा के कानून के दायरे से बाहर रहे लोगों की पहचान करने और उन्हें डराने और धमकियां देने में भी चीन सरकार की मदद की। इन आरोपों पर जब चीन के दूतावास से संपर्क किया गया तो वहां से कोई जवाब नहीं आया। वहीं, ये पहला मामला नहीं है जब कनाडा में चीन पर इस तरह के आरोप लगे हैं। इससे पहले चीन पर कनाडा में खुफिया पुलिस स्टेशन बनाने और यहां तक कि हांगकांग में कनाडाई MP के रिश्तेदारों पर हमले करवाने के भी आरोप लग चुके हैं। चीन हमेशा इन गलत बताता रहा है। 2022 में इंडोनेशिया के बाली में त-20 समिट के दूसरे और आखिरी दिन एक अजीब वाकया हुआ था। समिट के बाद चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के बीच मीडिया कैमरों के सामने बहस हो गई थी। जिनपिंग ने ट्रूडो से शिकायती लहजे में कहा था कि आपसे जो बातचीत होती है, वो मीडिया में लीक क्यों हो जाती है? इस पर ट्रूडो ने भी मुस्कराते हुए, लेकिन सख्ती से जवाब दिया कि हम कुछ छिपाने में यकीन नहीं रखते और कनाडा में ऐसा ही होता है। बहस के दौरान दोनों नेताओं और खासकर जिनपिंग की बॉडी लैंग्वेज बिल्कुल अलग नजर आई थी। वो मंदारिन (चीन की भाषा) में बात कर रहे थे। उनकी बात को साथ में मौजूद इंटरप्रिटर (दुभाषिया या अनुवाद करने वाला) ट्रूडो तक अंग्रेजी में पहुंचा रहा था।

### चीन पर कनाडा की राजनीति में दखलंदाजी के आरोप

गौरतलब है कि चीन और कनाडा के बीच बीते कुछ वर्षों में रिश्ते काफी खराब हुए हैं। 2022 मई में कनाडा ने चीन के राजनयिक झाओ वेई को लौटा दिया था। वेई पर कनाडा की राजनीति में दखल देने के आरोप लगे थे। हालांकि, चीन की तरफ से इन आरोपों को गलत करार दिया गया था। 2022 मार्च में भी कनाडा के राष्ट्रपति जस्टिन ट्रूडो ने कनाडा के चुनावों में दखल से जुड़ी रिपोर्ट्स को लेकर जांच बिठाने का एलान किया था। आरोप हैं कि चीन ने 2019 और 2021 में कनाडा के चुनावों में दखल देने के प्रयास किए।। विलियम मैजशर है और वह मूल रूप से हांगकांग का है।

# इस्लामाबाद एयरपोर्ट को ठेके पर देगा पाकिस्तान

## सरकार बोली बेच नहीं रहे, ऑपरेशन बेहतर करना हमारा मकस, अरब को बेच चुके कराची पोर्ट



**इस्लामाबाद।** आर्थिक तंगहाली से जूझ रहे पाकिस्तान ने अब इस्लामाबाद एयरपोर्ट को ठेके पर देने का फैसला किया है। जियो न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तान के एविएशन मिनिस्टर ख्वाजा साद रफीक ने संसद में इसकी जानकारी दी है। उन्होंने कहा- एयरपोर्ट के ऑपरेशन को बेहतर करने के लिए इसे 15 साल के लिए प्राइवेट कंपनियों को ठेके पर दिया जाएगा। साद रफीक ने ये साफ किया है कि इसका मतलब ये नहीं है कि सरकार एयरपोर्ट को बेच रही है, बल्कि अच्छे ऑपरेटर को एयरपोर्ट के काम में शामिल करने के लिए ऐसा किया जा रहा है। 16 जून 2023 को पाकिस्तान के रिजर्व बैंक के पास कुल विदेशी मुद्रा भंडार 3.5 बिलियन डॉलर, यानी साढ़े 28 हजार करोड़ रुपए हो गया। इतने पैसे में मुश्किल से 2 सप्ताह के लिए विदेश से सामान खरीदा जा सकता है।

### खत्म होता सरकारी खजाना और बढ़ेगा

पाकिस्तान के एविएशन मिनिस्टर ने कहा है कि एयरपोर्ट को ठेके पर देने से पाकिस्तान का सरकारी खजाना बढ़ेगा। दरअसल, पाकिस्तान में काफी समय से फॉरेन एक्सचेंज रिजर्व घट गया था, जिसके चलते सरकार को अपने जरूरी खर्चे भी कम करने पड़ रहे थे। हालांकि, अब स्थिति बेहतर हो रही है। मिंट की रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तान का विदेशी मुद्रा भंडार 8.73 बिलियन डॉलर हो गया है, जो पिछले 9 महीनों के मुकाबले सबसे ज्यादा है। इसकी वजह अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष और मित्र देश सऊदी और संयुक्त अरब अमीरातसे मिली मदद को बताया जा रहा है। वहीं, एविएशन मिनिस्टर ने कहा है कि एयपोर्ट को आउटसोर्स करने की प्रोसेस को पारदर्शी रखा जाएगा। इसमें अब तक 12 से 13 कंपनियां दिलचस्पी दिखा चुकी हैं। नेविगेशन और रनवे के काम को ठेके से हटाया गया है।


### कराची पोर्ट को बेच चुकी है पाक सरकार

पाकिस्तान ने अपने सबसे बड़े कराची पोर्ट को लेकर संयुक्त अरब अमीरात के साथ एक कंसेशन एग्रीमेंट साइन किया है। पाकिस्तान सरकार ने बिजली की रफ्तार से महज 4 दिनों में ये डील फाइनल की। ये डील 50 साल के लिए हुई है। इसके तहत संयुक्त अरब अमीरात की दो कंपनियां 1.8 हजार करोड़ रुपए निवेश करेंगी। माना जा रहा है कि इमरजेंसी फंड जुटाने के लिए पाकिस्तान की ये एक कवायद है। कराची पोर्ट साउथ एशिया के सबसे बड़े पोर्ट में से एक है। यह पाकिस्तान का सबसे बड़ा और बिजी पोर्ट भी है। ये बंदरगाह करीब साढ़े 11 किलोमीटर लंबा है। यहां कुल 33 बर्थ हैं, जिसमें 30 ड्राई कार्गो और 3 लिक्विड कार्गो बर्थ हैं। बर्थ का मतलब उस प्लेटफॉर्म से है, जहां जहाज को खड़ा किया जाता है।

### 12 अगस्त तक पूरी होगी प्रक्रिया

पाकिस्तान के वित्त मंत्री इशाक डार ने बताया है कि सरकार ने एयरपोर्ट को आउटसोर्स करने के लिए संबधित पार्टियों से बातचीत कर ली है। साथ ही उन्हें 12 अगस्त तक सारी औपचारिकताएं पूरी करने के लिए कहा गया है। सूत्रों के हवाले से अखबार ने जानकारी दी है कि डार ने शनिवार को आउटसोर्सिंग प्रक्रिया के बारे में जानकारी हासिल करने के लिए कमेटी की एक मीटिंग की। इसके साथ ही उन्होंने प्रक्रिया को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने के निर्देश जारी किए। 13 अगस्त को देश की वर्तमान सरकार का कार्यकाल खत्म हो रहा है।इसी मीटिंग में वित्त मंत्री ने संबंधित विभागों को नागरिक उड्डयन कानूनों में बदलाव को अतिम रूप देने का निर्देश दिया है। साथ ही बताया जा रहा है कि उन्होंने इस महीने के अंत तक पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस के पुनर्गठन की योजना तैयार करने के आदेश भी दिए हैं। कानून में बदलाव का मकसद पाकिस्तान नागरिक उड्डयन प्राधिकरण, पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइं और एयरपोर्ट सिक्योरिटी के कामों को अलग-अलग करना है ताकि ओवरलैपिंग जिम्मेदारियों को खत्म किया जा सके। मीटिंग के बाद जारी आधिकारिक घोषणा में कहा गया कि आउटसोर्सिंग के बारे में विश्व बैंक के अंतरराष्ट्रीय वित्त निगम को जानकारी दी गई है। पाकिस्तान की आर्थिक समन्वय समिति ने 31 मार्च को इस्लामाबाद, लाहौर और कराची हवाई अड्डों पर ऑपरेशन और भूमि संपत्तियों को 25 साल तक आउटसोर्स करने का फैसला लिया था। इन केंद्रों पर ऑपरेशन बढ़ाने के लिए इन्हें पब्लिक-प्राइवेट भागीदारी में चलाया जाएगा।

# धर्मगुरु दलाई लामा से बैकडोर बातचीत कर रहा चीन



**बीजिंग।** चीन ने हाल ही में तिब्बत के धर्मगुरु दलाई लामा से संपर्क किया। साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट के मुताबिक, दलाई लामा ने करीब 1 हफ्ते पहले बताया कि चीनी नेताओं ने उनसे कॉन्टैक्ट किया था। हालांकि, उन्होंने ये नहीं बताया कि ऐसा कब हुआ और उनकी चीन से क्या बातचीत हुई। दलाई लामा ने कहा कि वो हमेशा बातचीत के लिए तैयार हैं। दलाई लामा ने भारत में रहकर तिब्बत की एक सरकार बनाई थी। इसे तिब्बत गवर्नमेंट इन एक्जाइल कहा जाता है। हाल ही में इस सरकार की मंत्री नॉर्जिन डोल्मा जापान की यात्रा पर गई थीं। वहां उन्होंने इस बात की पुष्टि की थी चीन अनौपचारिक तौर पर बैकडोर से दलाई लामा से बातचीत कर रहा है और ये बहुत जरूरी भी है। दलाई लामा अपने रहते हुए तिब्बत की समस्या का जो भी समाधान निकालेंगे उस पर हम सभी लोग सहमत होंगे।

### दलाई लामा बोले- चीन से बातचीत के लिए तैयार

इससे पहले अपने जन्मदिन के मौके पर दलाई लामा ने कहा था- चीन अब बदल रहा है और मैं उनसे बातचीत के लिए तैयार हूं। तिब्बत की समस्या के हल के लिए जो मुझसे मिलना चाहते हैं वो आ सकते हैं। हम पूर्ण आजादी नहीं चाहते हैं। कई साल पहले हमने फैसला किया था कि हम चीन का हिस्सा बने रहेंगे। अब चीन को भी एहसास हो गया है कि तिब्बती लोगों की भावना बहुत मजबूत है। इसलिए अब वो उनसे डील करने के लिए मेरे पास आ रहे हैं। चीन में एथनिक पॉलिटिक्स के एक्सपर्ट बैरी सॉटमैन ने पूरे मामले पर कहा- दलाई लामा अपनी उम्र की वजह से अब अलग-अलग देशों की यात्राएं नहीं कर सकते हैं। ऐसे में दोनों पक्षों के लिए ही बातचीत करना जरूरी हो गया है। सरकार के लिए दलाई लामा उनकी सबसे बड़ी ताकत हैं।

## घर के बाहर जली हुई मिली सिखों की पवित्र पुस्तक गुटका साहिब

**लंदन।** ब्रिटेन में एक घर के बाहर सिखों की पवित्र पुस्तक गुटका साहिब जली हुई अवस्था में मिली है। जानकारी मिलते ही पुलिस ने उस घटना की जांच शुरू कर दी है। गौरतलब है कि इंग्लैंड के लीड्स में एक सिख पवित्र पुस्तक को आग लगा दी गई थी और एक समुदाय के सदस्य के घर के बाहर कूड़ेदान में फेंक दिया गया था। एक बुजुर्ग सिख व्यक्ति और उसकी बेटी को 12 जुलाई को सेंट ऐनीज़ रोड, हेडिंग्ले में अपने घर के बाहर जला हुआ और फटा हुआ गुटका साहिब मिला। गुरुद्वारा साहिब मंदिर में ले आए, इसके बाद समुदाय के एक सदस्य ने स्थानीय पुलिस से संपर्क किया।

# नॉर्थ कोरिया ने यलो सी में दागीं क्रूज मिसाइलें- साउथ कोरिया बोला- हमला किया तो किम जोंग का शासन खत्म कर देंगे



**सियोल।** नॉर्थ कोरिया ने शनिवार को यलो सी में एक के बाद एक कई क्रूज मिसाइलें दागीं। साउथ कोरिया के चीफ ऑफ स्टाफ ने इसकी पुष्टि की है। रिपोर्ट्स के मुताबिक मिसाइलों का लॉन्च शुक्रवार सुबह 4 बजे शुरू हुआ था। इससे दोनों देशों के रिश्तों में तनाव और बढ़ गया है। नॉर्थ कोरिया की तरफ से ये एक्शन तब लिया गया है जब अमेरिका ने बुधवार को अपनी परमाणु पनडुब्बी साउथ कोरिया के पोर्ट पर तैनात की। वहीं, साउथ कोरिया ने कहा है कि वो नॉर्थ कोरिया की हरकतों पर नजर रख रहे हैं। साउथ कोरिया ने ये भी कहा है कि नॉर्थ कोरिया ने परमाणु हमला किया तो किम जोंग उन का शासन खत्म कर दिया जाएगा। नॉर्थ कोरिया से बढ़ती टेंशन के बीच अमेरिका और साउथ कोरिया डिफेंस को-ऑपरेशन बढ़ा रहे हैं। इसके लिए मिलिट्री एक्सरसाइज की जा रही हैं। इन पर गुरुवार को नॉर्थ कोरिया के डिफेंस मिनिस्टर कैंग सुन नाम ने धमकी दी थी। उन्होंने कहा था कि नॉर्थ कोरिया इनका जवाब परमाणु हमले से कर सकता है। हालांकि, साउथ कोरिया ने कहा है कि परमाणु पनडुब्बी तैनात करना और मिलिट्री एक्सरसाइज करने का मकसद सिर्फ बाहरी खतरे से खुद को सुरक्षित रखना है। बुधवार को साउथ कोरिया में अमेरिका की परमाणु पनडुब्बी आई।

### अमेरिका ने यों साउथ कोरिया में तैनात की परमाणु पनडुबी...

नॉर्थ कोरिया के परमाणु देश बनने के बाद से उसके साथ जंग लड़ चुके साउथ कोरिया को अपनी सुरक्षा को लेकर खतरा है। हालांकि, अमेरिका और दूसरे देश नहीं चाहते की साउथ कोरिया भी परमाणु हथियारों की टेस्टिंग करे। उन्हें डर है कि इससे दुनिया में न्यूक्लियर हथियार हासिल करने की रेस और तेज हो जाएगी। ऐसे में अप्रैल में अमेरिका और साउथ कोरिया के बीच एक समझौता हुआ। इसे वॉशिंगटन डिक्लेरेशन नाम दिया गया था। इसके तहत अमेरिका बाहरी खतरों से साउथ कोरिया को बचाने के लिए अपनी न्यूक्लियर बैलिस्टिक मिसाइल सबमरीन वहां भेजेगा। हालांकि, अमेरिका के कोई भी परमाणु हथियार सिओल में तैनात नहीं किए जाएंगे। दूसरी तरफ, समझौते के तहत साउथ कोरिया खुद के परमाणु हथियार नहीं बनाएगा।

## भारत से ज्यादा सुरक्षित पाक के परमाणु हथियार

# संस्था ने पाकिस्तान को बेहतर रैंकिंग दी, कहा- न्यूक्लियर सिक्योरिटी रिस्क बढ़ रही



वॉशिंगटन पिछले एक दशक में पहली बार न्यूक्लियर सिक्योरिटी रिस्क बढ़ रही है। परमाणु सुरक्षा की स्थिति का मूल्यांकन करने वाले अमेरिका स्थित अंतरराष्ट्रीय संगठन न्यूक्लियर थ्रेट इनिशिएटिव ने अपनी रिपोर्ट में इसकी पुष्टि की है। वहीं, न्यूक्लियर थ्रेट इनिशिएटिव ने न्यूक्लियर वेपन की सेफ्टी के मामले में पाकिस्तान को भारत से बेहतर रैंकिंग दी है। नई रैंकिंग में संगठन ने पाकिस्तान को भारत, ईरान और उत्तर कोरिया से आगे रखा है। पाक को इस बार पहले से तीन अंक ज्यादा मिले हैं और 22 देशों की सूची में 19वां स्थान हासिल किया है। उसके बाद 40 अंकों के साथ भारत 20वें स्थान पर है। न्यूक्लियर थ्रेट इनिशिएटिव के मुताबिक, दुनिया में प्लूटोनियम के स्टॉक में इजाफा हुआ है। यूरेनियम की तरह ही इसका इस्तेमाल भी परमाणु हथियार बनाने में किया जा सकता है।

### प्लूटोनियम का भंडार 17 हजार किलोग्राम बढ़ा

इंडेक्स के मुताबिक 2019 के बाद से प्लूटोनियम के वैश्विक भंडार में 17 हजार किलोग्राम, यानी करीब 19 टन की बढ़ोतरी हुई है। ये 2,100 परमाणु हथियार बनाने के लिए काफी हैं। न्यूक्लियर पावर प्लांट्स में प्लूटोनियम का काफी इस्तेमाल होता है, जिसकी वजह से भारत, फ्रांस, ब्रिटेन, जापान और रूस में यह सबसे ज्यादा मात्रा में मौजूद है। अमेरिका में भी इस मटेरियल का काफी भंडार है।

# जेलेंस्की ने आलोचना पर ब्रिटेन में अपने राजदूत को हटाया

## ऐंबैस्डर ने ब्रिटिश रक्षा मंत्री के बयान पर जेलेंस्की के तंज को गलत बताया था



**कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने ब्रिटेन में मौजूद अपने ऐंबैस्डर वादिम प्रिस्टाइको को बर्खास्त कर दिया है। प्रिस्टाइको ने कुछ दिनों पहले सार्वजनिक रूप से जेलेंस्की की आलोचना की थी। शुक्रवार को यूक्रेन के प्रेसिडेंट ऑफिस की तरफ से जारी एक स्टेटमेंट में बताया गया कि प्रिस्टाइको को राजदूत और इंटरनेशनल मैरीटाइम ऑर्गेनाइजेशन में यूक्रेन के प्रतिनिधि के पद से हटाया जाता है। हालांकि, इसमें बर्खास्तगी का कारण नहीं बताया गया। दरअसल, लिथुआनिया में नाटो समिट के दौरान ब्रिटेन के डिफेंस सेक्रेटरी बेन वैलेस ने कहा था कि कीव को पश्चिमी देशों से मिल रही मदद के लिए और ज्यादा आभार जताना चाहिए। इस पर जेलेंस्की ने व्यंग्य करते हुए कहा था कि वैलेस चाहें तो यूक्रेन के लोग रोज सुबह उठकर उन्हें पर्सनली शुक्रिया कह सकते हैं। इस बयान पर स्काई न्यूज से बात करते हुए प्रिस्टाइको ने जेलेंस्की की आलोचना की थी। उन्होंने कहा था कि इस तरह की अनहेल्दी बयानबाजी देशहित में नहीं है।

### जेलेंस्की ने कहा था- हम हमेशा ब्रिटेन के शुक्रगुजार

वैलेस के इस बयान पर जेलेंस्की ने कहा था कि हम जंग में मदद के लिए हमेशा ब्रिटेन, वहां के प्रधानमंत्री और डिफेंस मिनिस्टर के शुक्रगुजार रहेंगे। ब्रिटेन हमारा पार्टनर है और उन्होंने हमारी बहुत मदद की है। मुझे नहीं पता कि अब वो क्या चाहते हैं।

# इटली में समुद्र में तैरता मिला 5300 किलो कोकीन- इसकी कीमत 7 हजार करोड़ रुपए



**रोम।** इटली ने समुद्र में तैरती 5300 किलो कोकीन को जब्त किया है। इसकी जानकारी शुक्रवार को सिसली शहर की पुलिस ने दी। कोकेन की कीमत 7 हजार करोड़ रुपए बताई गई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक पुलिस को जानकारी मिली थी कि साउथ अमेरिका से एक जहाज में कोकीन भेजी जा रहा है। तब से इटली का कोस्ट गार्ड वहां से आने वाले जहाजों पर नजर रख रहा था। तस्करों ने पुलिस से बचने के लिए कोकीन के पैकेटों को समुद्र में फेंक दिया था। इसके बाद इटली में ड्रग माफिया कोकीन को मछली पकड़ने वाली बोट में डालकर ले जा रहे थे। इसी दौरान इटली के सर्विलांस एयरक्राफ्ट की नजर इन पर पड़ गई। तस्करों को ड्रग्स ले जाते हुए देखने के बाद कोस्ट गार्ड के एयरक्राफ्ट ने सिसली की पुलिस को इसकी जानकारी दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर 2 ट्यूनिशिया, 1 इटली, 1 अल्बानिया और एक फ्रेंच तस्कर को गिरफ्तार किया। इन लोगों से पूछताछ कर इटली में कोकेन भेजने वाले तस्करों के बारे में पता लगाया जा रहा है। वहीं, पुलिस के समय पर लिए गए एक्शन की सिसली राज्य के राष्ट्रपति रिनाटो शिफानी ने सराहना की है। उन्होंने कहा- ड्रग्स हमारे देश के लिए काफी बड़ी मुसीबत है। कुछ बेशर्म लोग परिवारों और लोगों को खतरे में डालने के लिए इसके बीज बोए हैं। इससे पहले अप्रैल के महीने में भी इटली के कोस्ट गार्ड ने समुद्र में तैरती ड्रग्स को जब्त किया था।

# बाराबंकी में बेटे ने मां के प्रेमी को कुल्हाड़ी से काट डाला- महिला से मिलने गया था पड़ोसी प्रेमी, युवक ने देखते ही किये कई वार



**बाराबंकी।** बाराबंकी में अपनी मां के अवैध संबंधों से नाराज एक 25 साल के बेटे ने मां के प्रेमी को को कुल्हाड़ी से काट डाला। प्रेमी मोहल्ले का ही रहने वाला था। देर शाम जब वह महिला से मिलने उसके घर गया तो महिला के बेटे ने उसे देख लिया। उसने घर में रखी कुल्हाड़ी से उसपर कई वार कर दिये। लोगों ने खून से लथपथ प्रेमी को आनन-फानन में अस्पताल पहुंचाया, जहां पर उसने दम तोड़ दिया। घटना के बाद कस्बे में अफरातफरी मच गई। लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और आरोप को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया है। पूरा मामला थाना व कस्बा सुबेहा का है। सुबेहा के हवेली वार्ड के रहने वाले औसाफ की मोहल्ले के ही रहने वाली महिला के साथ अवैध संबंध थे। इस बात का पता पिछले हफ्ते महिला के बेटे अशफाक को चल गया। परिजनों के मुताबिक, अशफाक ने कई बार अपनी मां और उसके प्रेमी औसाफ का विरोध किया लेकिन औसाफ ने अश्फाक की मां से मिलना जुलना नहीं छोड़ा। इसी बात से अशफाक खासा नाराज था।

### रात 9 बजे महिला से मिलने गया था पड़ोसी प्रेमी

शुक्रवार की देर रात करीब 9 बजे जब औसाफ अशफाक के घर उसकी मां से मिलने गया तो दोनों को देखकर अशफाक ने अपना आपा खो दिया। उसने घर में रखी कुल्हाड़ी से ही कई ताबड़तोड़ वार कर औसाफ के सिर और गर्दन पर किये। उसके बाद उसकी मां ने शोर मचा दिया। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे गए। लोगों ने औसाफ को खून से लथपथ हालत में ही उठाया और सुबेहा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर गए। जहां डॉक्टरों ने औसाफ को मृत करार दे दिया। इसके बाद लोगों ने हत्या की सूचना पुलिस को दे दी। आनन फानन में कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंची। हत्या के बाद अशफाक मौके पर बैठा रहा। पास में खून से सनी कुल्हाड़ी भी पड़ी थी।

# हरदोई में गांव की मार्केट से ही टमाटर हुआ गायब



**हरदोई।** हरदोई में गांव की सब्जी मंडी से टमाटर गायब हो गया है। जिन एक आध जगह पर टमाटर नजर भी आ रहा है। ग्राहकों का कहना है कि 250 रुपए प्रति किलो के हिसाब से गांव की मंडियों में टमाटर बेचा जा रहा है। टमाटर पर बढ़ी महंगाई के बाद अब इसका असर हरदोई बाजार में खरीदारी पर भी दिख रहा है। टमाटर की खपत में तेजी से गिरावट आई है। व्यापारियों की मानें तो टमाटर पर कीमतें बढ़ने के बाद इसकी खपत सिर्फ 40त्न रह गई है। यानी 60 प्रतिशत नुकसान टमाटर व्यापारियों को इस बढ़ी हुई कीमतों के बाद हुआ है। टमाटर के भाव फिलहाल कम होते नहीं दिख रहे हैं। व्यापारियों ने बताया कि अगले कुछ दिन तक इसी भाव में टमाटर खरीदना पड़ेगा। हरदोई की मंडी में फुटकर टमाटर 130 से 140 रुपये प्रति किलो बिक रहा है।

माधव संदेश हिन्दी दैनिक के स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक अरविन्द्र कुमार माधव प्रेस 561 नौरंगाबाद इटावा से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक अरविन्द्र कुमार मो. 9412612728,9412492416 आर.एन. आई. 51763/91 ई-मेल: madhavttw2728@gmail.com पीआरवी एक्ट के अंतर्गत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार समस्त विवादों का क्षेत्र इटावा के न्यायालय के अधीन ही होगा।